सुप्रभात

रांची, गुरुवार

18.01.2024

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, अष्टमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 186




12 29 मार्च को रिलीज होगी 'दो और दो प्यार'




## न्यूज डायरी

### लॉ एंड ऑर्डर पर 18 को बैठक करेंगे सीएस

**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और ईडी की मुख्यमंत्री से पूछताछ से पहले 18 जनवरी को लॉ एंड ऑर्डर को लेकर जिलेभर के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में आयुक्त, आइजी, डीआइजी, डीसी, एसएसपी और एसपी शामिल होंगे।

### पिंटू ने इडी को लिखा पत्र, मांगी मोहलत

**रांची।** सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू ने इडी को पत्र लिख कर 22 तक की मोहलत मांगी है। उन्होंने लिखा है कि पत्नी की तबीयत खराब है, इसलिए पूछताछ के लिए उन्हें 22 जनवरी के बाद का समय दिया जाये।

### खुडानिया व साहिबगंज डीसी को फिर से समन

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने साहिबगंज उपायुक्त रामनिवास यादव और पत्थर कारोबारी कृष्णा खुडानिया को फिर से समन भेजा है। दोनों को इडी ने समन भेजकर पूछताछ के लिए हिनू स्थित इडी कार्यालय बुलाया है। साहिबगंज उपायुक्त को 19 को बुलाया है।

### झारखंड में 25 बीडीओ की ट्रांसफर-पोस्टिंग

**रांची।** झारखंड सरकार ने 25 बीडीओ की ट्रांसफर और पोस्टिंग कर दी है। इसकी अधिसूचना ग्रामीण विकास विभाग ने बुधवार को जारी कर दी है। आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया है।

### पंजाब में सड़क हादसा 4 पुलिसकर्मियों की मौत

**होशियारपुर।** घने कोहरे के कारण मुकेरिया में पंजाब पुलिस की एक बस सड़क हादसे का शिकार हो गयी। बस खड़ी ट्रॉली से टकरा गयी। इसमें एक महिला समेत चार पुलिस कर्मियों की मौत हो गयी। जबकि 10 पुलिसकर्मी गंभीर हैं।

### राज्यपाल से मिले विधानसभा अध्यक्ष

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने राज भवन में मुलाकात की। दोनों ने एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल को विधानसभा अध्यक्ष ने झारखंड विधानसभा की ओर से प्रकाशित डायरी एवं वार्षिक कैलेंडर भेंट की।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# राज्य सरकारें समन की सूचना और कारण नहीं पूछ सकतीं

## कैबिनेट सचिव को इडी का पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने यह स्पष्ट कर दिया कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अधिकारी को जारी समन का कारण राज्य सरकार नहीं पूछ सकती है। हाल में झारखंड कैबिनेट के एक फैसले पर इडी ने कैबिनेट सचिव वंदना दादेल को ईडी की ओर से बताया गया है कि राज्य सरकार समन की सूचना और कारण नहीं पूछ सकती है। किसी भी राज्य सरकार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राज्य के अफसर के खिलाफ जारी समन का कारण पूछने का अधिकार नहीं है। झारखंड में ईडी की लगातार कार्रवाई के बीच कैबिनेट के फैसले के बाद चर्चा शुरू हो गयी थी कि अब ईडी का स्टैंड क्या होगा। इसको एजेंसी ने साफ कर दिया है।

### क्या है मामला

पिछले दिनों मीडिया रिपोर्ट के हवाले से खबर आई थी कि कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने प्रवर्तन निदेशालय को पत्र लिखा था। उन्होंने एजेंसी से जानकारी मांगी थी कि राज्य सरकार के अधिकारियों को जारी समन के कारणों को स्पष्ट करें। यह बतायें कि जिस अधिकारी को समन जारी हुआ है उनपर क्या आरोप हैं और उनके खिलाफ क्या साक्ष्य हैं। यह भी बतायें कि किस मामले में पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है। कैबिनेट सचिव ने पिछले दिनों कैबिनेट में लिए गये फैसले का हवाला देते हुए ईडी को पत्र लिखा था। उन्होंने अपने पत्र में लिखा था कि राज्य सरकार की अनुमति के बगैर कोई भी अधिकारी एजेंसी के समक्ष पूछताछ के लिए नहीं जायेंगे। इसी आधार पर पिछले दिनों साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव इडी दफ्तर नहीं गये थे।

## कानून से ऊपर कोई भी नहीं : राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल ने कहा कि इडी अपना काम कर रहा है और मुख्यमंत्री को सही जवाब इडी को देना है। कोई कानून से ऊपर नहीं है। इसलिए लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने की बात ही नहीं है। एक कार्यक्रम से निकलने के बाद राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मीडिया ने सवाल किया कि इडी की कार्रवाई का झारखंड के लॉ एंड ऑर्डर पर क्या असर पड़ेगा। इस पर राज्यपाल ने कहा कि आखिर क्यों लॉ एंड ऑर्डर पर असर पड़ेगा? ईडी अपना काम कर रही है। सीएम को ईडी को सही जवाब देना है। इसमें लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने की बात कहां से आ गयी है? राज्यपाल ने कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। इसलिए लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने की कोई बात ही नहीं है। राज्यपाल ने दूसरे सवाल के जवाब में कहा कि आखिर जनता गुस्सा क्यों करेगी? जनता को गुस्सा होने की जरूरत ही क्या है? लोकतंत्र में इन सब बातों के लिए कोई जगह नहीं है। कहा कि पीएम ने भी जांच एजेंसियों (एसआईटी) को उनके सवालों के जवाब दिये हैं। अगर जन नेता बनना है तो आपको जवाब देना ही होगा। पत्रकारों ने झामुमो के उस बयान पर जिसमें कहा था कि जनता में आक्रोश है और स्थिति बिगड़ सकती है, पर सवाल पूछे थे। इस पर राज्यपाल ने कहा कि ईडी अपना काम कर रही है। इससे जनता को क्या लेना-देना है।

### विधि-व्यवस्था क्यों बिगड़ेगी इडी अपनी ड्यूटी कर रही है



#### विशेष कोर्ट में पेशी के बाद इजहार अंसारी को भेजा गया जेल

# कोयला व्यापारी से छह दिन पूछताछ करेगी इडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोल लिंकेज घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में गिरफ्तार चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को बुधवार को इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पेश किया गया। पेशी के साथ ही ईडी की ओर से पुलिस रिमांड पर लेने का आवेदन दिया। सुनवाई बाद अदालत ने छह दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति प्रदान की। इजहार अंसारी को अदालत में पेशी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए 31 जनवरी तक के लिए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया है। गुरुवार को ईडी आरोपी को जेल से पूछताछ के लिये अपने साथ ले जायेगी। छह दिनों की पूछताछ के बाद उसे पुनः अदालत में पेश किया जायेगा। ईडी ने कोयला कारोबारी इजहार को मंगलवार शाम को गिरफ्तार किया था।

### ₹70 करोड़ का मामला



इजहार अंसारी पर जेएसएमडीसी से सब्सिडी पर आवंटित 86 हजार टन कोयले को बाहर की मंडी में अवैध तरीके से बेचकर 70 करोड़ रुपये प्रोसिड ऑफ क्राइम से आय अर्जित करने का आरोप है। प्रोसिड ऑफ क्राइम से अर्जित राशि राज्य के बड़े नौकरशाहों, नेताओं तक पहुंचाने की बात भी एजेंसी की जांच में सामने आयी है। ईडी ने जांच में पाया है कि मनरेगा घोटाले में जेल में बंद आइएएस पूजा सिंघल ने भी जेएसएमडीसी में रहते हुए सीए सुमन कुमार के जरिए कमीशन का पैसा इजहार अंसारी से लिया था। इडी ने पहली बार मार्च 2023 में इजहार अंसारी के यहां छापेमारी कर तीन करोड़ रुपये बरामद किया था। हाल के दिनों में ईडी ने पूछताछ के लिये तीन बार इजहार को समन किया था। लेकिन, वह समन पर उपस्थित नहीं हो रहा था। ऐसे में एजेंसी ने मंगलवार को इजहार के हजारीबाग व रामगढ़ के तीन ठिकानों पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया।

# धनबाद में कई बड़े कोयला कारोबारी के ठिकानों पर रेड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड और छत्तीसगढ़ के करीब 40 ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी चल रही है। जिनके यहां आईटी की टीम तलाशी ले रही है, उनमें अनिल गोयल समेत धनबाद के कई बड़े कोयला कारोबारियों के नाम शामिल हैं। पूरा मामला टैक्स चोरी से जुड़ा है। झारखंड में जिनके यहां छेपामारी चल रही है, उनमें दीपक पोद्दार, अनिल गोयल, सुशील अग्रवाल, नीतिन अग्रवाल और साबिर आलम के नाम शामिल हैं। ये सभी धनबाद के बड़े कोयला कारोबारी हैं। जानकारी के मुताबिक, कोयला कारोबारी अनिल गोयल के दामाद रायपुर में रहते हैं। उनके यहां भी ईआईटी की टीम ने रेड की है। इन सभी लोगों पर टैक्स चोरी का आरोप है। छापेमारी के दौरान आइटी की टीम के साथ बड़ी संख्या में केंद्रीय पुलिस बल के जवान भी थे। कारोबारियों के भट्ठों में भी रेड चल रही है। रेड के दौरान किसी को भी अंदर आने की अनुमति नहीं दी थी। वहीं किसी को बाहर जाने की भी मनाही है। लगातार सभी स्थानों पर जांच जारी है।

(शेष पेज 11 पर)

### टैक्स चोरी का मामला : झारखंड और छत्तीसगढ़ में 40 ठिकानों पर आइटी का छापा

#### दूधवाले से भी की पूछताछ

बुधवार की अहले सुबह आयकर विभाग की टीम धनबाद के कोयला कारोबारी अनिल गोयल, होटल व कोयला कारोबारी दीपक पोद्दार, कोयला कारोबारी राणा जनार्दन सिंह सहित कई स्थानों पर रेड करने पहुंची। इस कार्रवाई में पटना और रांची की आयकर विभाग काम कर रही है। कड़ाके के ठंड में आईटी विभाग की टीम धनबाद में छापामारी करने पहुंची। कोल कारोबारियों के स्टॉफ के अलावा कोई नहीं मिला। अनिल गोयल के कार्यालय में सुबह सुबह दूध पहुंचाने आये ग्वाला से भी टीम पूछताछ की।

#### छापामारी में लगी थीं आइटी की कई टीमें



आइटी विभाग की टीम अलग अलग टीम बनाकर एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर छापामारी कर रही है। इसमें पुराना बाजार टिकिया पाड़ा में रहने वाले कोल कारोबारी अनिल गोयल के आवास, कार्यालय, उसके भाई के होटल के अलावा कई स्थानों पर आईटी की छापामारी चल रही है। वहीं दीपक पोद्दार के जोड़ाफाटक स्थित घर, गोविंदपुर स्थित वेडलॉक होटल, उसके गोदाम, फैक्ट्री में छापामारी चल रही है। जनार्दन सिंह के शास्त्री नगर स्थित घर पर छापामारी चल रही है। इस संबंध में आइटी विभाग के कोई भी अधिकारी और कर्मचारी जानकारी देने से कतरा रहे हैं।

#### तेलंगाना की तर्ज पर सैंड टैक्सी पोर्टल से 48 घंटे में घर पहुंचेगा बालू

# झारखंड में होगी बालू की होम डिलीवरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में भी अब तेलंगाना की तर्ज पर बालू की होम डिलीवरी की जायेगी। खान एवं भूतत्व विभाग ने बताया कि राज्य में झारखंड खनिज विकास निगम द्वारा तेलंगाना की तर्ज पर सैंड टैक्सी पोर्टल को मार्च 2024 तक लागू किया जायेगा। पोर्टल पर पंजीकृत ट्रैक्टर वाहनों के मालिकों/नागरिकों और उपभोक्ताओं को बालू का ऑर्डर देने के 48 घंटे के अंदर बालू गंतव्य स्थान तक पहुंचाया जायेगा। वर्तमान में 14 खनिज ब्लॉकों को नीलामी के लिये तैयार किया गया है। लघु खनिज की नीलामी की जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड में पहली बार झारखंड स्टेट सैंड माइनिंग पॉलिसी 2017 के अनुसार कुल 351 बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया निगम के द्वारा उपायुक्त के माध्यम से की जायेगी। सचिव ने कहा कि डीएमएफटी फंड में कुल 11 हजार 960 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 5978 करोड़ रुपये विभिन्न विकास योजनाओं पर व्यय किये गये हैं। 2023-24 में कुल तीन कोयला खदानों की नीलामी की गयी है। साथ ही गैर कोयला खदानों में अभी तक कुल 10 खनिज ब्लॉक खदानें नीलाम की जा चुकी हैं, जिसमें लौह, स्वर्ण, चूना पत्थर और बॉक्साइट आदि की खदान हैं। (शेष पेज 11 पर)

# गुमला में एक लाख घूस लेते डीइओ गिरफ्तार

- झारखंड में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए गुमला में शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी (डीइओ) और कंप्यूटर आपरेटर को एक लाख रूपये घूस लेते रंगेहाथ धर दबोचा। वहीं धनबाद के गोविंदपुर थाना में एएसआइ के पद पर तैनात विक्रम कुमार को 15 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गुमला में रिश्वतखोर डीइओ और कंप्यूटर ऑपरेटर की गिरफ्तारी से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है।

एसीबी, रांची की टीम ने कई बार शिकायत मिलने के बाद बुधवार को गुमला के डीइओ सुनील शेखर कुजूर और कंप्यूटर ऑपरेटर को दबोचने का जाल बिछाया। डीइओ के घर से जरूरी कागजात जब्त कर दोनों को साथ रांची ले आयी। (शेष पेज 11 पर)

### एएसआइ 15 हजार घूस लेते रंगेहाथ धराया

एसीबी धनबाद ने साल का दूसरा ट्रैप करते हुए धनबाद के गोविंदपुर थाना में एएसआई के पद पर तैनात विक्रम कुमार को 15 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ धर दबोचा। गिरफ्तार एएसआई एक केस मैनेज करने के नाम पर रिश्वत ले रहा था। बताया जाता है कि आवेदक भूली निवासी रौशन लाल अग्रवाल जो नीलामी की गाड़ियां खरीदा और बेचा करते है। उन्हें गोविंदपुर थाने में कांड संख्या 410/22 के संदर्भ में मोटरसाइकिल से सम्बंधित नोटिस देकर एएसआई विक्रम कुमार ने थाने बुलाया। एसीबी ने मामले का सत्यापन के बाद आज बड़े ही नाटकीय ढंग से एएसआई विक्रम कुमार को धनबाद के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र से आवेदक रौशन लाल अग्रवाल से 15 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

# प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या पहुंची रामलला की मूर्ति

## कलश पूजन यात्रा के बाद अनुकृति का धूमधाम से नगर भ्रमण कराया गया




एजेंसी

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के तहत बुधवार को महिलाओं ने पूजन के बाद कलश यात्रा निकाली। रामलला की अनुकृति का राम मंदिर परिसर में प्रवेश कराया गया। यह अनुकृति दस किलो की है। असली रामलला की मूर्ति का वजन ज्यादा होने के कारण इस छोटी मूर्ति का नगर भ्रमण और मंदिर प्रवेश कराया गया है। देर शाम रामलला की असली मूर्ति भी राममंदिर पहुंच गयी। गुरुवार को रामलला गर्भगृह में पहुंच जायेंगे। इससे पहले यज्ञ मंडप के 16 स्तंभों और चारों द्वारों का पूजन भी हुआ।

**विशेष अनुष्ठान में शामिल होंगे मोदी :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन पीएम मोदी और अन्य लोग विशेष अनुष्ठान में शामिल होंगे। अयोध्या में सरयू के जल का बहुत महत्व है, इसलिए कलश पूजन के बाद वाराणसी के पुजारी मंदिर में अनुष्ठान करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### 21 तक जारी रहेगा अनुष्ठान



मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा था कि समारोह के दिन होने वाले अनुष्ठानों से पहले के इन अनुष्ठानों का सिलसिला 21 जनवरी तक जारी रहेगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में बुधवार को रामलला की मूर्ति को मंदिर परिसर में देर शाम प्रवेश करा कर भ्रमण कराया गया। बुधवार को भगवान राम की मूर्ति को अयोध्या राम मंदिर परिसर में लाया गया। परिसर में जब ट्रक की एंट्री को रही थी, उस समय भक्त जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। मालूम हो राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को किया जायेगा, जिसमें पीएम मोदी भी शामिल होंगे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के पहले दिन प्रायश्चित और कर्मकुटी पूजन के लिए वाराणसी के वैदिक विद्वान रामसेवकपुरम स्थित विवेक सृष्टि में पहुंचे। मुख्य यजमान के रूप में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डा अनिल मिश्रा या उनकी पत्नी ने विधि विधान से पूजन-अर्चन किया था। बुधवार को सरयू नदी से कलश भरकर महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े गोपाल जी को समर्पित किया।

# जब अयोध्या पहुंचे राम लखन और जानकी...

- लोगों ने घेरा, लगाये जय श्रीराम के नारे, पांव छूकर लेने लगे आशीर्वाद

एजेंसी

**अयोध्या।** रामनगरी में इस वक्त दूर-दूर से मेहमान आ रहे हैं, लेकिन इन मेहमानों में एक ऐसा भी है, जिसमें पिछले कई दशकों से रामभक्त भगवान राम की झलक देखते रहे हैं। ये कोई और नहीं, बल्कि रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल हैं। दरअसल, गोविल जब अयोध्या पहुंचे तो अयोध्यावासी उन्हें देखने के लिए सड़कों पर उतर आये। अरुण गोविल के साथ सुनील लहरी और दीपिका चिखलिया भी अयोध्या पहुंचे हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में चंद दिन शेष बचे हैं, लेकिन टीवी के राम, सीता और लक्ष्मण के साथ अभी से अयोध्या पहुंच चुके हैं। अरुण गोविल, दीपिका और सुनील लहरी किसी पहचान के मोहताज नहीं है।



## खबर एक नजर में

### डीजी ने नव प्रोन्नत डीएसपी को लगाया बैज

रांची। सीआईडी मुख्यालय में बुधवार को पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने नव प्रोन्नत डीएसपी को बैज लगाया और शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि सीआईडी के पांच इंस्पेक्टर का डीएसपी रैंक में प्रोन्नति हुई है। इस दौरान सीआइडी डीजी के अलावा, आईजी, डीआईजी और एसपी उपस्थित थे।

### पंकज मिश्रा के मामले में 31 को होगी गवाही

रांची। अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपए से अधिक कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा एवं अन्य से जुड़े मामले में अगली गवाही 31 जनवरी को होगी। बुधवार को मामले के गवाह के नहीं आने के कारण गवाही दर्ज नहीं की जा सकी। वहीं, सुनवाई के दौरान जेल में बंद आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। अगली पेशी चार जनवरी को होगी। मालूम हो कि पंकज मिश्रा को ईडी ने उक्त आरोप में 19 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था।

### आलोक रंजन समेत पांच की न्यायिक हिरासत बढ़ी

रांची। मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम एवं चचेरे भाई आलोक रंजन समेत पांच आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। बुधवार को जेल में बंद आरोपियों की वीसी के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 31 जनवरी निर्धारित की है। ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में 22 फरवरी को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

### संजीव सिंह का एम्स में इलाज शुरू हुआ या नहीं

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा है कि धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर संजीव सिंह का एम्स में इलाज शुरू हुआ या नहीं। सरकार को गुरुवार तक जानकारी देने का निर्देश जस्टिस आर मुखोपाध्याय की अदालत ने बुधवार को दिया। अदालत ने कहा कि यदि जवाब दाखिल नहीं किया गया तो कारा महानिरीक्षक को अदालत में हाजिर होना होगा। प्रार्थी संजीव सिंह ने अपनी बीमारी का हवाला देते हुए 30 दिन के प्रोविजनल बेल देने का आग्रह कोर्ट से किया है। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया है कि वह गंभीर रूप से बीमार हैं। नीरज सिंह की हत्या के मामले में पूर्व डिप्टी मेयर संजीव सिंह 11 अप्रैल 2017 से जेल में बंद हैं। 21 मार्च 2017 को सरायढेला में नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या हुई थी। नीरज के भाई अभिषेक सिंह की लिखित शिकायत पर नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

# इडी ने झारखंड में मारे सौ छापे, ₹157 करोड़ जब्त, 15 को जेल

**एक साल की रिपोर्ट**



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में इडी ने कार्रवाई करते हुए पिछले एक साल में सौ छापे मारे हैं। यहां तक कि इडी के समन के बाद राज्य में मुख्यमंत्री बदलने तक की चर्चा भी जोर पकड़ चुकी है। नए साल की शुरूआत भी इडी की कार्रवाई की साथ हुई थी, जब 3 जनवरी को इडी ने मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू के घर पर रेड किया था। बाद में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी इडी ने 8वीं बार समन भेजकर अपना बयान दर्ज कराने को कहा।

बता दें कि 2022 से 2023 के बीच इडी की कार्रवाई में तेज हुई है। हालांकि, इडी की वेबसाइट पर इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि उन्होंने एक साल में कितने रेड किए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 6 मई 2022 से 5 मई 2023 के बीच इडी ने सिर्फ झारखंड में 101 रेड किए हैं। जिसमें राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के बेटे सहित सीएम के प्रेस सलाहकार, कई अधिकारी और व्यवसायी शामिल हैं।

### करोड़ों की संपत्ति सीज, दर्जन भर जेल में पहुंचे

इडी ने 101 रेड में कुल 157 करोड़ की संपत्ति सीज की है, इसमें नकद भी शामिल है। इन कार्रवाई में कम से कम 15 लोग गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। मुख्यमंत्री सहित 36 ऐसे लोगों से पूछताछ हुई है, जो राज्य में बेहद प्रभावशाली हैं। 10 सालों में इडी ने झारखंड में ₹1900 करोड़ जब्त किए हैं।

### 2024 में और भी बढ़ सकती है इडी की दबिश

2024 चुनाव का साल है। आम चुनाव के बाद साल के अंत में झारखंड विधानसभा चुनाव भी होना है। यदि हम राजनीतिक एक्सपर्ट की बात करें तो उनका कहना है कि वर्ष 2024 में इडी की कार्रवाई और तेज हो सकती है। कई ब्यूरोक्रेट्स भी इसकी चपेट में आ सकते हैं।

## 2024 में फिर मोदी सरकार बनाने का किया आह्वान

# धमकी से कोई डरने वाला नहीं, भ्रष्ट लोगों की जगह है होटवार जेल : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज इंडी एलायंस को जनता नकार चुकी है। वे बुधवार को मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने राज्य की हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुये कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है। चारों तरफ लूट मची है। बिचौलिये और दलाल सत्ता के संरक्षण में फल फूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईडी की कारवाई से मुख्यमंत्री भागे फिर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भागने और डराने से कानून नहीं डरता है। भ्रष्ट लोगों को कानून के हाथों आना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि झामुमो बिकाऊ पार्टी है जिसने राज्य के आंदोलन को बेचा। इसे राज्य की जनता से कुछ भी लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता भ्रष्ट गठबंधन सरकार से ऊब चुकी है और जल्द निजात चाहती है। उन्होंने 2024 में एक बार फिर से मोदी सरकार बनाने के लिए पूरी तरह जुट जाने का आह्वान किया।

मौके पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि परिवार वादी पार्टियां देश और राज्य का भला नहीं कर सकती हैं।

इस दौरान कांग्रेस, झामुमो और राजद के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बाबूलाल मरांडी ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, शिवपूजन पाठक, लक्ष्मण राम, हरिकृष्ण सिंह, भगत दयानंद यादव, ओमप्रकाश गुप्ता, हीरा राम तूफानी उपस्थित थे।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में मनिका जिप सदस्य बलवंत सिंह, गारू प्रखंड की पूर्व जिप सदस्य शिल्पा कुमारी, मनिका की पूर्व प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी एवं गढ़वा जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंद कुमार तूफानी के नेतृत्व में सैकड़ों शामिल हैं।

## बाबूलाल मरांडी ने अपनी टीम का किया गठन

# रास सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा और मनोज सिंह बने महामंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आखिरकार अपनी टीम की घोषणा कर दी। इसमें सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा और मनोज सिंह को महामंत्री बनाया गया है। इसके अलावा 11 उपाध्यक्षों में नीलकंठ सिंह मुंडा, राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, भानु प्रताप शाही, विकास प्रीतम, जवाहर पासवान, लुईस मरांडी, बड़कुवंर गगराई, अशोक भगत, कालीचरण सिंह और आरती कुजूर हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री के रूप में कर्मवीर सिंह हैं। वहीं, प्रदेश मंत्री के रूप में गणेश मिश्रा, मुनेश्वर साहू, सरोज सिंह, नंदजी प्रसाद, दुर्गा मरांडी, सुनीता सिंह, मुन्ना मिश्रा, दिलीप वर्मा, मनोज वाजपेयी, सीमा पासवान शामिल है। कोषाध्यक्ष के रूप में दीपक बंका एवं सह कोषाध्यक्ष के रूप में मनीष जायसवाल हैं। प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक हैं। प्रदेश प्रवक्ता के रूप में प्रतुल शाहदेव, रफिया नाज, कुणाल षाडंगी, रमाकांत महतो, अरूण उरांव, जेबी तुबिद, अमित मंडल, विनय सिंह और अविनेश कुमार हैं। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों की भी आदित्य साहू के हस्ताक्षर से घोषणा की गयी है।


## उपायुक्त, खूँटी का कार्यालय (खनन शाखा)

**शुद्धि पत्र**

**खूँटी जिलान्तर्गत मुरहू अंचल के मौजा– हेसेल, तोरपा अंचल के मौजा– कोटेंगसेरा, मौजा– ईचा एवं गिडुम, कर्रा अंचल के मौजा– बकसपुर एवं रनिया अंचल के मौजा– तेतारी में जब्त बालू खनिज की आम नीलामी हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि PR. No. 315436 (Mines and Geology) 23-24*D, दिनांक– 09.01.2024 द्वारा अपर समाहर्त्ता, खूँटी की अध्यक्षता में दिनांक 16.01.2024 को अपर समाहर्त्ता, खूँटी के कार्यालय कक्ष में निर्धारित बालू खनिज की नीलामी अपरिहार्य कारणों से नहीं हो सकी। निदेशानुसार उक्त निलामी की तिथि पुन: निर्धारित करते हुए दिनांक– 24.01.2024 को अपराह्न 12:30 बजे तय की गई है। अन्य नियम एवं शर्तें पूर्वत रहेंगी।

ह०/–
जिला खनन पदाधिकारी,
खूँटी।

PR316273 (Mines and Geology)23-24*D


## पुलिस ने मोबाइल यूजर्स स्कैम 401 को लेकर जारी किया अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड पुलिस ने मोबाइल यूजर्स स्कैम 401 को लेकर अलर्ट जारी किया है। पुलिस ने अपील है कि किसी के कहने पर 401 डायल ना करें। इसकी मदद से आपके सभी कॉल किसी नये नंबर पर डायवर्ट किये जा सकते हैं जिससे साइबर ठगी हो सकती है।

**क्या है डायल 401 स्कैम :** साइबर ठग फोन कर कहते हैं कि आपका पार्सल आया है। कृपया डिलीवरी के लिए एड्रेस कंफर्म करें। जब आप कहते हैं कि हमने तो कोई पार्सल मंगाया ही नहीं है तो वे कहते हैं कि पार्सल आपके नंबर पर बुक हुआ है, तो आपको कैंसिल कराना होगा। इसके बाद पार्सल कैंसिल के लिए साइबर ठग 401 डायल करने के लिए कहते हैं। इसी बाद वो उस नंबर को भी डायल करवाते हैं, जिस पर उन्हें कॉल फॉरवर्ड कराना होता है।

# सरना धर्म कोड की मांग को लेकर 7 अप्रैल को रेल, रोड चक्का जाम करेंगे आदिवासी संगठन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि आज आदिवासियों की धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक हक-अधिकारों पर चौतरफा हमला हो रहा है। केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कुर्मी समुदाय के लोग आदिवासियों का हक अधिकार लूटने के लिए आदिवासी बनना चाह रहे हैं। आरएसएस, बीजेपी के लोग आदिवासियों को हिंदू बनाने में लगे हैं। प्रकृति पूजक आदिवासी अपनी धार्मिक पहचान सरना कोड की लड़ाई लड़ रहे हैं। मूल आदिवासियों को समझ नहीं आ रहा है कि इससे कैसे बचा जाये। उन्होंने कहा कि सरना समिति हमेशा से आदिवासियों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने जानकारी दी कि केंद्रीय सरना समिति समाज को जगाने के लिए गांव स्तर पर जागरुकता अभियान चलायेगी।

### 25 जनवरी को घोषित सरना कोड महारैली स्थगित करने का निर्णय

बैठक में 25 जनवरी को घोषित सरना कोड महारैली को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर मोरहाबादी मैदान उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण कार्यक्रम स्थगित किया गया है। निर्णय लिया गया कि आदिवासी सेंगेल अभियान सालखन मुर्मू के द्वारा घोषित सरना कोड की मांग को लेकर 7 अप्रैल का रेल रोड चक्का जाम का समर्थन किया जायेगा।


## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

**प्रेस विज्ञप्ति**

श्री अतुल सुशांत मिंज, लिपिक, कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची दिनांक 20.12.2020 से 29.12.2020 तक के लिए आकस्मिक अवकाश का आवेदन देकर अद्यावधि तक अनाधिकृत रूप से कार्यालय से अनुपस्थित हैं। श्री मिंज को कार्यालय के कई पत्रों द्वारा दिनांक 28.01.2023 एवं 23.06.2023 को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से योगदान देने हेतु निदेश दिया गया, परंतु उनके द्वारा अद्यावधि तक अपने कर्तव्य पर योगदान नहीं दिया गया है, जो सरकारी सेवक आचार नियमावली के विरूद्ध है।

इस विज्ञप्ति के माध्यम से श्री अतुल सुशांत मिंज, लिपिक को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 25.01.2024 तक अपना योगदान देने एवं पक्ष रखने हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि तक योगदान नहीं करने एवं पक्ष प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि उन्हें इस बारे में आपको कुछ नहीं कहना है। इस परिस्थिति में विभाग अपना एकपक्षीय निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगा।

ह०/–
जिला शिक्षा अधीक्षक,
राँची

PR 316287 Human Resource Developement(23-24)#D



## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–16 वर्ष 2023–24**

दिनांक–16.01.2024

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल हजारीबाग। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | :– | दिनांक – 29.01.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि | :– | दिनांक – 30.01.2024 अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक – 30.01.2024 अपराह्न 4.30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। 2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग। |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 9. | कार्य की विस्तृत विवरणी | :– | |

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District-Hazaribag, different | 168 Nos (Major) 112 Nos (Minor) 280 Nos | RM/DT/04-A | 2,09,315/- | 4,500/- | 500/- | Four Month |
| 2 | block in Sub Division No.-01; 02 & Barhi from Dt.-**10.02.2024 to 31.05.2024** Under Drinking Water and Sanitation Division, Hazaribag for the year 2023-24 | 168 Nos (Major) 112 Nos (Minor) 280 Nos | RM/DT/04-B | 2,09,315/- | 4,500/- | 500/- | Four Month |
| 3 | **RM to DT-** 1. (Major repair-60%):- **1008 Nos. @ Rs 752 Each** 2. (Minor Repair-40%):-**672 Nos. @ Rs 376 Each** | 168 Nos (Major) 112 Nos (Minor) 280 Nos | RM/DT/05-A | 2,09,315/- | 4,500/- | 500/- | Four Month |
| 4 | **Total (1+2 – 100%):- 1680 Nos.** | 168 Nos (Major) 112 Nos (Minor) 280 Nos | RM/DT/05-B | 2,09,315/- | 4,500/- | 500/- | Four Month |

निविदा की शर्तें विभागीय वेबसाईट www.daa.jharkhand.gov.in एवं इस कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। इच्छुक एजेंसी परिमाण विपत्र वेबसाईट से डाउनलोड कर निविदा में भाग ले सकते हैं, परन्तु निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मूल्य का बैंक ड्राफ्ट तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेंगे, जो कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से भुगतेय होगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 316324 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D


# झारखंड के 10 छोटे-छोटे दल मिलकर बनायेंगे तीसरा मोर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड के 10 छोटे एवं क्षेत्रीय दलों की बैठक बुधवार को धुर्वा स्थित पुरानी विधानसभा सभागार पूर्व मंत्री लालचंद महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि झारखंड में निर्वाचन आयोग द्वारा पंजीकृत करीब 10 राजनीतिक दल एक मंच पर आकर लोकसभा चुनाव से पूर्व तीसरा मोर्चा बनाकर चुनाव मैदान में उतरेंगे। इसकी जानकारी 27 जनवरी को दी जायेगी।

**ईवीएम हटाओ, देश बचाओ अभियान को लेकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय :** तय किया गया कि 27 जनवरी को रांची प्रेस क्लब में इसका खुलासा प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से किया जायेगा। तीसरे मोर्चे के गठन के लिए लालचंद महतो को संयोजक बनाया गया। बैठक में शामिल राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठन, बुद्धिजीवियों से अनुरोध किया गया कि झारखंड को भय, भूख और भ्रष्टाचार से मुक्त कराने के लिए तीसरा मोर्चे का साथ दें। बैठक में राज्यपाल से मिलकर ईवीएम हटाओ, देश बचाओ अभियान को लेकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।


बैठक में झारखंड पार्टी के अशोक भगत, राष्ट्रीय जय हिंद पार्टी के विष्णु सिंह, एएमआईएम के मंसूर आलम, राष्ट्रीय हिंद पार्टी के बबन चौबे, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के नील जस्टिन बेक, झारखंड नवनिर्माण दल के विषय सिंह, भारतीय आजाद सेना के संतोष प्रमाणिक, संपूर्ण भारत क्रांति मोर्चा के प्रवीण कच्छप, अब्दुल खालिक, बहुजन सदान मोर्चा के पदाधिकारी शामिल हुए।

# कांग्रेस का 'डोनेट फॉर देश' अभियान की रफ्तार पड़ी धीमी, 14वें स्थान पर झारखंड

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कांग्रेस के 138 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा 18 दिसंबर 2023 को शुरू की गयी डोनेट फॉर देश मिशन अभियान का लगभग एक महीना हो चुका है। देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम लोग भी कांग्रेस को डोनेट कर रहे हैं, लेकिन झारखंड में अभियान की स्थिति अपेक्षाकृत धीमी है। झारखंड में महागठबंधन के साथ कांग्रेस के सत्ता में होने के बावजूद झारखंड फिलहाल चंदे के मामले में 14वें नंबर पर है। आम लोगों की बात तो छोड़िए, ऐसे पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बड़ी संख्या है, जिन्होंने अभी तक 'डोनेट फॉर देश मिशन' अभियान में अपना योगदान नहीं दिया है।

### अभियान कई राज्यों की तुलना में बेहतर : राजेश



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राज्य में डोनेट फॉर देश मिशन अभियान कई राज्यों की तुलना में बेहतर स्थिति में है। अब हम डोर टू डोर कैंपेन चलाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह है कि झारखंड में आम आदमी भी इस अभियान से जुड़ा है। स्वेच्छा से 10 रुपये से लेकर 100 रुपये तक का योगदान देने वाले 500 लोगों की संख्या बताती है कि कांग्रेस देश के लिए जो लड़ाई लड़ने जा रही है, उसका लोग किस तरह समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस अभियान को और गति मिलेगी।

### पहले स्थान पर राजस्थान

18 दिसंबर 2023 को शुरू हुए डोनेट फॉर देश मिशन अभियान के तहत अब तक देशभर से कांग्रेस को 14 करोड़ 79 लाख 93 हजार रुपये से ज्यादा डोनेशन के तौर पर मिल चुके हैं। इसमें राजस्थान से 02 करोड़ 87 लाख 06 हजार 954 रुपये प्राप्त हुए हैं। तेलंगाना से पार्टी को 01 करोड़ 82 लाख 96 हजार 670 रुपये मिले हैं। हरियाणा से कांग्रेस पार्टी को 01 करोड़ 63 लाख 89 हजार 413 रुपये मिले हैं। 17 जनवरी की सुबह तक कांग्रेस पार्टी को पड़ोसी राज्य बिहार से 64 लाख 49 हजार रुपये चंदा मिल चुका है, जबकि झारखंड से यह रकम महज 23 लाख 97 हजार रुपये है।

## पूर्व कृषि मंत्री ने कहा- डबल इंजन की सरकार ही झारखंड का कर सकती है विकास

# गठबंधन सरकार ने कृषि-पशुपालन विभाग को बना दिया लूट का चारागाह: रणधीर सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग को राज्य की गठबंधन सरकार ने लूट का चारागाह बनाकर रख दिया है। श्री सिंह बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के नुमाइंदे 4 साल की उपलब्धियों का झूठा बखान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग के मामले में राज्य सरकार के 4 साल को देखा जाये तो पूर्व की रघुवर सरकार ने जो रोडमैप तैयार किया था, इस सरकार ने कई योजनाओं को बंद कर दिया, तो कई का स्वरूप बदल दिया। रघुवर दास की सरकार में चालू कृषि आशीर्वाद योजना के तहत 5000 से लेकर 25000 रुपये सीधे किसानों के खाते में पैसे जा रहे थे। झामुमो की सरकार ने इसे सबसे पहले बंद किया। केंद्र की पीएम किसान सम्मान निधि में रघुवर सरकार के समय धीरे-धीरे करके 28 लाख से अधिक किसानों का डाटा अपलोड हुआ था। उनके खातों में पैसा गया जब हेमंत सरकार के दौरान 15 वीं किस्त जारी की गई तो मात्र 12 लाख किसानों के खाते में ही पैसा आया। लगभग 16 लाख किसानों का नाम डाटा से हटने के कारण ये पीएम किसान सम्मान निधि के लाभ से वंचित हो गये। राज्य सरकार ने इसके बदले अपने स्तर से अलग बीमा चलाने का वादा किया था। चार साल में भी उसका अता पता नहीं है। 2022-23 के सुखाड़ पीड़ितों को अपेक्षित लाभ नहीं मिला। आपदा प्रबंधन के 1000 करोड़ रुपए सरकार के खातों में पड़े हुए हैं, किसानों को लाभ नहीं मिल रहा है। किसानों की 2 लाख रुपए तक की कर्ज माफी की घोषणा भी फिसड्डी निकली। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्त वर्ष के 10 महीने में 3993 करोड़ रुपए बजट में उपरोक्त सभी विभागों को मिलाकर 614 करोड़ रुपए ही खर्च हो पाये। कृषि विभाग में मात्र 28 प्रतिशत, पशुपालन में मात्र 8 प्रतिशत ही राशि खर्च हो पायी है।

इधर, विधायक अनंत ओझा ने कहा कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र में कुल बजट का मात्र 28 प्रतिशत ही खर्च कर पाई है। राज्य सरकार रोना रोती है कि भारत सरकार द्वारा राज्य को राशि नहीं दी जाती है। वहीं, दूसरी ओर लिखित तौर पर स्वीकारती है कि वह केन्द्र सरकार द्वारा मिली हुई राशि को खर्च नहीं कर पाती है। राज्य सरकार द्वारा कतिपय कारणों का हवाला देकर भूमि अभिलेख का सत्यापन नहीं होने से 8 लाख 49 हजार 61 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभ से वंचित होना पड़ा। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक भी उपस्थित थे।

# बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात से तापमान में उतार-चढ़ाव जारी, रात में गर्मी और दिन में रहेगी कड़ाके की सर्दी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में जारी ठिठुरन के बीच मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र ने कहा है कि उत्तर प्रदेश और बंगाल की खाड़ी में चक्रवात बना हुआ है, जिसकी वजह से मौसम में बदलाव देखा जाएगा। मौसम केंद्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले दो-तीन दिन में राज्य के न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री तक की वृद्धि होगी फिर उसके बाद अगले दो-तीन दिन तक तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आ सकती है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि आज गुरुवार को भी दक्षिणी, मध्य और उत्तर-पूर्वी झारखंड में हल्की बारिश हो सकती है। इतना ही नहीं, मौसम विभाग ने 19 जनवरी तक झारखंड के एक दर्जन से अधिक जिलों में घना कोहरा का येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के प्रमुख ने बताया कि उत्तर प्रदेश और बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोन की वजह से झारखंड में रात के तापमान में वृद्धि होगी, जबकि सुबह के तापमान में गिरावट देखी जाएगी। यानी रात में ठिठुरन नहीं होगी, जबकि सुबह में सर्दी का सितम झेलना पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिक ने राजधानी रांची में आज 18 जनवरी को हल्की वर्षा की संभावना है।

अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में मौसम शुष्क रहा। पूर्वी तथा उससे सटे मध्य झारखंड मे कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा देखा गया। चाईबासा का उच्चतम तापमान झारखंड में सबसे अधिक रहा। यहां का उच्चतम तापमान 26.2 डिग्री सेंटीग्रेड रहा, जबकि गुमला का न्यूनतम तापमान राज्य में सबसे कम रिकॉर्ड किया गया। गुमला का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रहा।


## अभिभावक संघ ने कड़ाके की ठंड को लेकर राज्य के स्कूलों को बंद करने की मांग की

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए झारखंड अभिभावक संघ ने स्कूलों में छुट्टी करने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री और शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को ई-मेल से ज्ञापन भेजा है। उन्होंने लिखा है कि अभी बारिश की भी संभावना जताई गयी है। ऐसे में बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। कई बच्चों की तबीयत भी बिगड़ रही है। इसलिए फिलहाल जूनियर बच्चों के स्कूल को बंद किया जाए और सीनियर बच्चों के स्कूल के टाइम टेबल में बदलाव किया जाए। इधर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने भी प्राथमिक और मध्य विद्यालय के स्कूलों को एक सप्ताह के लिए बंद करने या समय में बदलाव की मांग की है।

## स्कूल बंद करने से ज्यादा जरूरी कोर्स कंप्लीट कराना है : शिक्षा सचिव



**रांची।** राज्य के स्कूली शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने कहा कि राज्य में शीतलहर का प्रकोप नहीं दिख रहा है। ऐसे में स्कूलों को बंद करना बच्चों के साथ बेमानी होगी। अत्यधिक छुट्टियों के कारण बच्चों का सिलेबस कंप्लीट नहीं हुआ है। परीक्षा नजदीक है। ऐसे में स्कूल को बंद करना ठीक नहीं होगा।

## कांग्रेसियों ने अमर शहीद पांडेय गणपत राय को किया याद

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से बुधवार को अमर शहीद पाण्डेय गणपत राय की जयंती मनाई गयी। मौके पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने देश को आजाद कराने में अमर शहीद पांडेय गणपत राय की भूमिका पर भी चर्चा करते हुए कहा कि इनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे तथा उनमें देशभक्ति का अंकुर बाल्यावस्था में ही फूट चुका था। वक्ताओं ने कहा कि अमर शहीद पांडेय गणपत राय कुशल रणनीतिकार थे। उनकी कुशाग्र बुद्धि ने 1857 की राज्य क्रांति को छोटा नागपुर पठार में एक ऊंचाई प्रदान की। गणपत राय को 21 अप्रैल 1858 को फांसी दी गयी। अंग्रेजों ने जब छल-बल से छोटानागपुर पर कब्जा करने की कोशिश की तो गणपत राय ने विरोध की पृष्ठभूमि तैयार की। बाल्यावस्था से ही तलवार चलाना, शिकार खेलना इनका शौक था। अंग्रेजों से देश को आजाद कराने में फिरंगियों से उन्होंने जमकर लोहा लिया, इनके कार्यों से हर युवा को प्रेरणा लेनी चाहिए।

### झारखंड रियल इस्टेट रेगुलेटरी ऑथोरिटी ने की कार्रवाई

# बिना रजिस्ट्रेशन निर्माण करा रहे शाकंबरी बिल्डर पर रेरा ने लगाया 10 लाख जुर्माना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड रियल इस्टेट रेगुलेटरी आथोरिटी (झारेरा) ने बिल्डरों की मनमानी पर लगाम लगाना शुरू कर दिया है। रांची में बिल्डिंग प्रोजेक्ट का निर्माण करा रहे शाकंबरी बिल्डर पर बिना रजिस्ट्रेशन काम करने को लेकर रेरा ने दस लाख का फाइन ठोंका है। वहीं कंस्ट्रक्शन को बंद करने का भी आदेश दिया गया है। इतना ही नहीं एक महीने के अंदर प्रोजेक्ट का रेरा में रजिस्ट्रेशन कराने का नोटिस जारी किया गया है। यह भी कहा गया है कि आदेश नहीं मानने पर एक्ट के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर इस मामले में शाकंबरी बिल्डर के पवन बजाज ने बताया कि रेरा की कार्रवाई की जानकारी उन्हें नहीं है और न ही उन्हें कोई नोटिस मिला है।

### कंस्ट्रक्शन को बंद करने का दिया आदेश

**क्या है मामला :** शाकंबरी बिल्डर ने अपने प्रोजेक्ट का रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है। इसे लेकर रेरा ने उनसे जवाब मांगा था। इसमें बिल्डर द्वारा दिए गए जवाब पर विचार किया गया। साथ ही पाया गया कि शाकंबरी बिल्डर ने 14 दिसंबर 2023 में दिए जवाब में लिखा है कि उन्होंने 12 अप्रैल 2005 को ही आरआरडीए से अपना प्लान स्वीकृत करा लिया है। इस संबंध में उन्होंने आरआरडीए के पत्र संख्या 649, दिनांक 12 अप्रैल 2005 का जिक्र किया है, लेकिन रिकार्ड से यह स्पष्ट होता है कि उनके पास किसी अन्य प्रोजेक्ट की स्वीकृति का पत्र है। अभी जो प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य चल रहा है उस नक्शे की स्वीकृति सहायक अभियंता, रांची नगर निगम द्वारा दिनांक 14 अगस्त 2015 को दी गयी है। ऐसे में रेरा को दिए गए जवाब में शाकंबरी बिल्डर ने गलत तथ्यों का वर्णन किया है। वहीं रेरा के रजिस्ट्रेशन कराने को लेकर दिए गए नोटिस के बावजूद बिल्डर रजिस्ट्रेशन नहीं करा रहा है। साथ ही रेरा को शाकंबरी बिल्डर ने झारखंड रियल इस्टेट (रेगुलेशन एंड डेवपलपमेंट) रूल्स, 2017 में संशोधन का हवाला देते हुए कहा कि उन्हें झारेरा में प्रोजेक्ट रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं है लेकिन दस्तावेजों के अनुसार उनका प्रोजेक्ट अभी भी चल रहा है। इस पर रेरा ने रेरा एक्ट-2016 के तहत रजिस्ट्रेशन कराने को कहा है।

## रेरा की कार्रवाई, क्वार्टर रिपोर्ट नहीं देने वाले सात बिल्डरों पर 3 लाख का फाइन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिल्डरों को किसी भी हाल में रेरा राहत देने के मूड में नहीं है। एक के बाद एक ब्लिडरों को नोटिस जारी किए जा रहे है। वहीं उनपर फाइन लगाने में भी रेरा कोई कसर नहीं छोड़ रहा। अब रेरा ने राज्य के 7 बिल्डरों पर क्वार्टर रिपोर्ट नहीं देने की स्थिति में 3 लाख का फाइन लगाया है। साथ ही फाइन जल्द से जल्द जमा कराने को कहा है। इसके बाद भी बिल्डर फाइन जमा नहीं कराते है तो एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि बिल्डरों को हर महीने अपने प्रोजेक्ट की क्वार्टर रिपोर्ट रेरा को देने का निर्देश है। इसके बावजूद बिल्डर मनमानी कर रहे हैं।

### इनपर हुई कार्रवाई

ड्रीम पैराडाइज, ब्लाक ए, ए डोबो, चांडिल, सरायकेला-खरसावा, ड्रीम पैराडाइज, ब्लाक बी, ए डोबो, चांडिल, सरायकेला-खरसावा, रॉयल इंक्लेव, सहयोगी नगर, सेक्टर-3, सबलपुर रोड, सरायढेला धनबाद, जमुना टावर, सुभाष चॉक, टुंगरी, चाइबासा, मॉडवेल गार्डेंस, काजू बगान, पिस्का मोड़, रातू रोड, रांची, गैलेक्सिया साई रेजीडेंसी, रानी बगान, बैंक कालोनी, बरियातू, रांची तथा चेतन हाइट्स, रांची।

## खबर एक नजर में

### गवर्नर से मिले विस अध्यक्ष, दी डायरी-कैलेंडर



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे को नव वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल को विधानसभा अध्यक्ष ने झारखंड विधानसभा द्वारा प्रकाशित डायरी एवं वार्षिक कैलेंडर भेंट की।

### जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया

**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद बनाए गए हैं। उन्होंने अपना पदभार ग्रहण भी कर लिया है। जस्टिस प्रसाद झारखंड हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति और ज्यूडिशियल एकेडमी में जज इंचार्ज के पद पर भी रह चुके हैं।

### लोअर बाजार थाना क्षेत्र से दो बच्चे लापता

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र से दो बच्चे 15 जनवरी से गायब हैं। इस बाबत बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट लोअर बाजार थाने में दर्ज की गयी। इधर, बच्चों के लापता होने पर इस्लाम नगर पथलकुदवा में रह रहे पिता मो. सद्दाम ने पुलिस से बच्चों को खोजने की गुहार लगायी है। एक बच्चे मोहम्मद अयान की उम्र 14 साल है। वहीं एक बच्चा इश्तियाक अंसारी की उम्र 15 साल है। वह हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के बड़ी मस्जिद रांची का रहनेवाला है।

### दोस्त की हत्या का आरोपी दोषी करार

**मामले में सजा का ऐलान 19 को होगा**

रांची। प्रेम प्रसंग में दोस्त की हत्या करने के मामले में अभियुक्त अनमोल कुमार वर्मा उर्फ सन्नी वर्मा उर्फ काप्ती को अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने दोषी करार दिया है। साथ ही, सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 19 जनवरी की तारीख निर्धारित की है। वह रातू रोड स्थित मोती स्ट्रीट धोबी मोहल्ला का रहनेवाला है। अभियुक्त ने अपनी प्रेमिका को भड़काने के शक में दोस्त अनुराग विश्वकर्मा की हत्या रातू रोड कब्रिस्तान में कर दी थी। इसी कब्रिस्तान में युवती की भी लाश मिली थी। युवती की हत्या मामले में अभियुक्त अनमोल वर्मा को बीते 31 जुलाई को उम्र कैद की सजा हो चुकी है। दोस्त की हत्या करने के आरोप में सुखदेव नगर थाना में जनवरी 2019 में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपी दोषी करार

**सजा पर सुनवाई 23 को**

**रांची।** शादी समारोह से दोस्त के साथ घर लौट रही आठवीं की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म करने के जुर्म में ट्रायल फेस कर रहा अभियुक्त प्रदीप उरांव, बुलेट उरांव उर्फ रूपेंद्र उरांव एवं चैने उरांव को पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को दोषी करार दिया है। साथ ही, तीनों की सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 23 जनवरी की तारीख निर्धारित की है। तीनों युवक मांडर के गुड़गुड़िया गांव निवासी है। घटना को लेकर 14 दिसंबर 2021 को मांडर थाना में पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुये अगले दिन दिनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पीड़िता 13 दिसंबर 2021 को अपनी सहेलियों के साथ कैम्बो गांव गई थी। शादी में शामिल होने के बाद पीड़िता अपने दोस्तों के साथ घर लौट रही थी। जब वह गुड़गुड़िया रास्ते के पास पहुंची तो अभियुक्तों ने जबरन बगुवा नदी की ओर से गया और चारों ने दुष्कर्म किया। पीड़िता की दो दोस्त किसी तरह से वहां से भाग गई थी। मामले का एक आरोपी 17 साल का निकला। इसका ट्रायल चिल्ड्रेन कोर्ट में चल रहा है।

## बालू की कालाबाजारी जारी रोकथाम हो : धर्मेंद्र तिवारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि उन्हें लगातार विभिन्न माध्यमों से रांची में बालू की कालाबाजारी की शिकायत मिल रही है। उन्होंने राज्य सरकार से बालू तस्करी पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रांची के तमाड़, बुण्डू सोनाहातु, सिल्ली आदि ग्रामीण इलाकों में बालू का अवैध खनन जोरों पर है। बालू माफियाओं द्वारा अवैध बालू को एक निश्चित स्थान पर डंप किया जाता है और फिर जरूरतमंदों को मुंहमांगे दामों पर बेचा जाता है।

उन्होंने कहा कि रांची में छह साल बाद जब 19 बालू घाटों का टेंडर हुआ तो लगा कि जनता को अब बालू सर्वसुलभ होगा लेकिन हुआ वही ढाक के तीन पात। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बालू माफियाओं पर नकेल नहीं कस रही है। बालू माफिया विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के संरक्षण और पुलिस-प्रशासन के सहयोग से बालू की अवैध ढुलाई कराकर चांदी काट रही है। प्रतिदिन लगभग 200 ट्रक अवैध बालू का कारोबार होता है।

श्री तिवारी ने कहा कि भारतीय जनतंत्र मोर्चा राज्य सरकार और प्रशासनिक पदाधिकारी को चेतावनी देती है कि यदि बालू का अवैध धंधा नहीं रुकता है तो अगले 10 दिनों के अंदर कार्यकर्ता आंदोलन करेंगे और जनसहयोग से अवैध बालू लदे ट्रकों को जब्त कर मुख्यमंत्री आवास, डीसी और एसपी कार्यालय के समक्ष खड़ा करेगी।

# एक मंच पर आये सात श्रमिक संगठन

### एचईसी में तालाबंदी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बकाये वेतन की मांग को लेकर मजदूरों और अधिकारियों ने बुधवार को एचईसी मुख्यालय के तीनों प्लांट में तालबंदी कर दी। सुबह छह बजे से ही मजदूर हेवी मशीन टूल्स प्लांट , हेवी मशीन बिल्डिंग प्लांट और फाउंड्री फोर्ज प्लांट के मुख्य गेट पर एकत्र होकर तीनों प्लांटों के मुख्य गेट के साथ-साथ निगम मुख्यालय मुख्य गेट में ताला जड़ दिया। मजदूरों ने मुख्यालय सहित तीनों प्लांट में बुधवार से किसी के भी प्रवेश पर रोक लगा दी है और अनिश्चितकाल के लिए तालाबंदी कर दिया है।

मालूम हो कि एचईसी में कर्मचारियों का 18 माह और अफसरों का 20 माह से वेतन बकाया है। बकाया वेतन की मांग को लेकर अभी सात श्रमिक संगठन एक मंच पर आकर कंपनी में तालाबंदी की है। सातों श्रमिक संगठनों ने एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति का गठन किया है। इसी समिति के बैनर तले तालाबंदी की गयी है। सभा की अध्यक्षता करते हुए मनोज पाठक ने कहा कि जबतक बकाया वेतन का भुगतान नहीं होता, तबतक यह तालाबंदी जारी रहेगी। मुख्यालय के समक्ष रोजाना मजदूरों के लिए खिचड़ी बनेगी। मजदूर वहीं खायेंगे, वहीं रहेंगे। किसी को प्लांट के अंदर जाने नहीं दिया जायेगा।



**मांगों को लेकर एकजुट हुए श्रमिक संगठन :** एचईसी में अभी करीब 1100 स्थायी और 1500 अस्थायी कर्मचारी हैं। जिनकों किसी भी तरह का भुगतान अब कंपनी प्रबंधन द्वारा नहीं किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ अस्थायी मजदूरों का एग्रिमेंट भी अधर पर है। प्रबंधन द्वारा स्पष्ट पक्ष नहीं रखने की वजह से श्रमिक संगठनों ने एक मंच पर आकर आंदोलन शुरू किया है। इस आंदोलन में बीएमएस के समर्थक बाहर से समर्थन कर रहे हैं। अभी एक मंच पर हटिया मजदूर कामगार यूनियन, हटिया मजदूर यूनियन, हटिया लोक मंच, एचईसी श्रमिक संघर्ष यूनियन, हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन और एचईसी ऑफिसर्स एसोसिएशन शामिल हैं।

**श्रमिकों को अभी भी है पीएम मोदी से उम्मीद :** संकट के दौर से गुजर रहा एचईसी का उत्पादन पूर्णतः ठप हो गया है। इसरो, रक्षा, कोल सेक्टर, रेलवे, माइनिंग आदि सेक्टरों के लिए महत्वपूर्ण उपकरण बनाने वाली कंपनी बंद के कगार पर है। एचईसी प्रबंधन और कर्मचारियों को अभी भी उम्मीद है कि भारी उद्योग मंत्रालय से आर्थिक सहयोग मिलेगी। उसके बाद कंपनी में उत्पादन शुरू हो सकेगा। श्रमिकों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एचईसी जैसे मदर इंडस्ट्री, जिसे कारखानों का मंदिर भी कहा जाता है, उसे बंद नहीं होने देंगे। जिस प्रकार देश का वैभव विश्व पटल पर लौटा है, वैसे ही एचईसी का भी समय पीएम मोदी के सहयोग से लौटेगा।

## सुश्री अमीषा केरकेट्टा को सीसीएल ने दिया सम्मान



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** होटल बीएनआर, चाणक्या, रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में आईबीए जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप की विजेता, सुश्री अमीषा केरकेट्टा को अपर सचिव, कोयला मंत्रालय एम नागराजू एवं कोल इंडिया अध्यक्ष पीएम. प्रसाद ने तीन लाख रुपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोयला सचिव अमृत लाल मीणा वर्चुअल रूप से जुड़े थे। साथ ही कार्यक्रम में खान सचिव अब्बू बकर सिद्दकी, उद्योग सचिव जितेन्द्र कुमार सिंह, माइंस भू-गर्भ विभाग के निदेशक अरवा राजकमल, डॉ. एए चौहान सहित सीएमडी, सीसीएल, डॉ. बी. वीरा रेड्डी, सीएमडी, सीएमपीडीआई, मनोज कुमार, सीसीएल निदेशक आरबी प्रसाद, हर्ष नाथ मिश्र, बी. साईराम, पवन मिश्रा, सीवीओ, पंकज कुमार उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि सुश्री अमीषा केरकेट्टा ने आर्मेनिया के येरेवन में आयोजित आईबीए जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023 (54 कि. ग्रा. वर्ग) में रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है।

### इक्फाई विवि के दीक्षांत समारोह में 196 विद्यार्थियों को मिली डिग्री, 8 को स्वर्ण और 8 को रजत पदक

# सिर्फ मनी मेकिंग इंस्टीट्यूट न बनें निजी विश्वविद्यालय : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के निजी विश्वविद्यालय सिर्फ मनी मेकिंग इंस्टिट्यूट न बनें। क्वालिटी एडुकेशन देना हर शिक्षण संस्थान की जिम्मेवारी है। झारखंड जैसे राज्य को इसकी जरूरत है। यह बात राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को मोरहाबादी के आर्यभट्ट सभागर में आयोजित इक्फाई विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में कही। उन्होंने कहा कि हमें हर दिन एक घंटा किताब पढ़ना चाहिए। समझ में आए ना आए लेकिन पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। आपको हर दिन किसी महान व्यक्ति की एक सक्सेस स्टोरी भी पढ़नी चाहिए। अपने टार्गेट को भी फिक्स करना चाहिए। उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम का जिक्र करते हुए कहा कि सपने वो नहीं जो नींद में आते हैं, सपने वो हैं जो नींद को उड़ाते हैं। राज्यपाल ने कहा कि जीवन बहुत आसान है, अगर हम सही रास्ता अपना लें।




दीक्षांत समारोह में 2023 में स्नातक करने वाले कुल 196 छात्रों को डिग्री दी गयी। इनमें 10 पीएचडी शामिल हैं। विवि के 8 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और 8 सिल्वर मेडल दिये गये। मौके पर इक्फाई सोसाइटी की अध्यक्ष एन शोभा रानी यशस्वी, वीआर शंकर और आईयूसीडी निदेशक डॉ. दामोदर रेड्डी, पूर्व कुलपति प्रोफेसर ओआरएस राव आदि उपस्थित थे।

### नैतिकता व व्यवसायिक ज्ञान दे रहा विवि

विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. टीआरके राव ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के लिए नैतिकता के साथ व्यवसायिक ज्ञान विकसित करता है. उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि उन्हें नवोन्मेषी होना चाहिए और दैनिक जीवन में जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, उनसे पार पाने के लिए कुछ अनूठे विचार खोजने का प्रयास करना चाहिए। विवि के रजिस्ट्रार प्रोफेसर डॉ. जेबी पटनायक ने धन्यवाद ज्ञापन किया

### बीसीए के पांच छात्रों ने विवि का नाम रोशन किया

प्रो. रमन कुमार झा ने कहा कि विश्वविद्यालय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, अनुसंधान, कानूनी प्रथाओं, आदि जैसे सभी क्षेत्रों में छात्रों को तैयार करने का प्रयास कर रहा है। बीसीए कार्यक्रम के पांच छात्रों ने विभिन्न राष्ट्रीय हेकाथॉन में भाग लिया और देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया। एमबीए प्रोग्राम की एक छात्रा ने एनआईटी कुरुक्षेत्र में युवा संगम में भाग लिया, जहां उसे हरियाणा के राज्यपाल के साथ बातचीत का मौका मिला। कानूनी जागरुकता के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कानूनी सहायता क्लिनिक को जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण झारखंड द्वारा सर्वश्रेष्ठ कानूनी सेवा क्लिनिक से सम्मानित किया गया है। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के लिए एक इनक्यूबेशन सेंटर और छात्रों को अंतरराष्ट्रीय नौकरी के अवसरों के लिए तैयार करने के लिए विदेशी भाषा लैब स्थापित करने की योजना बनाई गयी है।

# कार्मिक विभाग ने नहीं बल्कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बहाल कर दिया अपने विभाग का सचिव!

### सोशल मीडिया पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का एक लेटर पैड वायरल

**कृषि मंत्री के अनुमोदन पर कृषि विभाग के सचिव ने भी मार्केटिंग में बना दिया एमडी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सोशल मीडिया पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का एक लेटर पैड वायरल है। इस लेटर पैड पर लिखा है कि आलोक त्रिवेदी (आईएएस) जो फिलहाल अभियान निदेशक के पद पर कार्यरत हैं, उन्हें अगले आदेश तक स्वास्थ्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है। ठीक इसी तरह का एक पत्र कृषि विभाग ने जारी किया है, जिसमें कृषि निदेशक संजय सिन्हा को मार्केटिंग बोर्ड का एमडी बनाया गया है। इस चिट्ठी में मंत्री का अनुशंसा प्राप्त होने की बात कही गयी थी। स्वास्थ्य सचिव का प्रभार दिये जाने के मामले में भी विभागीय मंत्री का अनुदान प्राप्त होने की बात कही गयी है। बताते चलें कि इससे पहले स्वास्थ्य विभाग के सचिव अरुण कुमार थे, जो 31 दिसंबर को सेवानिवृत हुए हैं। इसके बाद से ही यह पद खाली था। लेकिन मंत्री बन्ना गुप्ता ने खुद ही आलोक त्रिवेदी को उस पद का प्रभार दे दिया है। बताया जा रहा है कि ऐसा करना गलत है।

### सीएम या सीएस ही किसी भी आइएएस को दे सकते हैं अतिरिक्त प्रभार



जानकार अधिकारियों का कहना है कि मंत्री बन्ना गुप्ता या कोई भी मंत्री किसी भी आईएएस अधिकारी का तबादला नहीं कर सकते हैं? सीएस (मुख्य सचिव) अगर चाहे तो 30 दिनों के लिए किसी भी आईएएस को किसी दूसरे विभाग का या पद का प्रभार दे सकते हैं। बाकी आईएएस अधिकारियों के तबादले से जुड़ा कोई भी आदेश मुख्यमंत्री ही दे सकते हैं लेकिन बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख ने अपने लेटर पैड पर आदेश जारी करते हुए आलोक त्रिवेदी और संजय सिन्हा को अगले आदेश तक स्वास्थ्य सचिव और मार्केटिंग बोर्ड के एमडी का प्रभार सौंप दिया है।

## आज का राशिफल
### 18 जनवरी 2024

विक्रम संवत 2080, शक संवत 1945। ऋतु : शिशिर। सूर्य उत्तरायण। मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : अष्टमी 20:45 बजे समाप्त। नक्षत्र : अश्विनी 02:58 बजे रात्रि में समाप्त। योग : सिद्ध 14:48 बजे समाप्त। करण : विष्टि 09:23 बजे तक, तदनंतर बव 20:45 बजे समाप्त। चंद्रमा : मेष राशि में दिन-रात। दिशाशूल : दक्षिण।

**मेष :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। शुभांक-5-6-7

**वृष :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-6-7-9

**मिथुन :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-5-7-8

**कर्क :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-8

**सिंह :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-3-5-7

**कन्या :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-3-6-8

**तुला :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। शुभांक-2-5-7

**धनु :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। शुभांक-1-5-7

**मकर :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्रम बदलने होंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-1-2-6

**कुंभ :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आय के स्त्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। शुभांक-2-6-8

**मीन :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-4-9

# धूमधाम से मना श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व

## सजाये गये दीवान, शबद गायन हुआ, श्री अखंड पाठ साहिब को भोग लगा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व बुधवार को मनाया गया। इस मौके पर दीवान सजाए गए। इसकी शुरुआत स्त्री सत्संग सभा द्वारा जिथे बाबा पैर धरे पूजा आसन थापन होआ... शबद गायन से हुई।

इसके बाद गुरुद्वारा कडरू साहब के हजूरी रागी यात्रा भाई गुरविंदर सिंह ने जिऊ पारब्रह्म चित आइया सो घर दय वसाइया... एवं तहीं परकाश हमारा भयो पटना शहर विखे भव लयो... शबद गायन किया। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब का भोग रात 12:00 बजे हुआ। बधाई का शबद भाई महिपाल सिंह द्वारा पढ़ा गया। श्री आनंद साहिब के पाठ, अरदास, हुकमनामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दीवान के समाप्ति रात 12:30 बजे हुई।

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि रांची से गए श्रद्धालुओं का जत्था पटना साहिब में नगर कीर्तन में शामिल हुआ। गाय घाट गुरुद्वारे से सिख श्रद्धालुओं द्वारा पांच प्यारे और पांच निशानची की अगुआई में एक भव्य नगर कीर्तन निकाला गया, जो नगर भ्रमण करता हुआ देर शाम पटना साहिब तख्त श्री हरिमंदिर साहिब पहुंचा। नगर कीर्तन में रास्ते भर श्रद्धालु प्रभातफेरी की शक्ल में शबद गायन करते हुए श्री हरिमंदिर साहिब पहुंचे।

नगर कीर्तन में अर्जुन देव मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा, हरगोविंद सिंह, चरणजीत मुंजाल, अनूप गिरधर, मनीष मिढ़ा, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, हरिश मिढ़ा, पंकज मिढ़ा, सूरज झंडई, रौनक ग्रोवर, रमेश तेहरी, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, उमेश मुंजाल, नीरज सरदाना, मोहित मुंजाल, चंदन गिरधर, हरिश तेहरी, शीतल मुंजाल, मंजीत कौर, रेशमा गिरधर, नीतू किंगर समेत कई शामिल हुए।

# बीएयू में स्वरोजगार मैत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत सरकार के राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजनान्तर्गत रांची पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में स्वरोजगार मैत्री प्रशिक्षण के चौदहवें बैच का समापन हुआ।

इस कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम, गुमला, देवघर, सिमडेगा, जामताड़ा, खूंटी, लातेहार, पश्चिमी सिंहभूम, पलामू एवं रायकेला-खरसावां के कुल 22 लोगों ने एक महीने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा अबतक 520 युवक-युवतियों को मैत्री प्रशिक्षण दिया जा चुका है। समापन कार्यक्रम में डॉ केके तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से कई तरह के सवाल पूछे और काफी संतुष्ट दिखे। उन्होंने बताया कि अब इन सभी प्रशिक्षणार्थियों को दो महीने अपने जिला के अस्पताल में पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान कार्य करना होगा। बीएयू के पशुचिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता डॉ सुशील प्रसाद ने राज्य में पशुधन के विकास में कृत्रिम गर्भाधान के महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ आलोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कृत्रिम गर्भाधानए नस्ल सुधार, टीकाकरण, पशु आहार, राशन बैलेंसिंग, पशु स्वास्थ्य, टीकाकरण की जानकारी दी गई। इस बैच के सभी 22 प्रतिभागी काफी जागरूक और समझदार हैं। डॉ पंकज ने इन्हें गाय फार्म में काफी अच्छी व्यावहारिक जानकारी दी। मौके पर डॉ अमित झा भी मौजूद थे।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सजाया गया श्याम मंदिर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अयोध्या धाम में श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री श्याम मंदिर को अत्यन्त आकर्षक स्वरूप में सजाया जा रहा है। इस अवसर पर श्री श्याम मंडल , में 22 जनवरी को कई कार्यक्रम का आयोजन होगा। प्रातः 10 बजे से एकल अभियान के श्री हरी सत्संग के वनवासी भाई बहन द्वारा सुन्दर काण्ड का पाठ किया जाएगा। साथ ही इस अवसर पर शुद्ध घी के लड्डू का वितरण भक्तजनों के बीच किया जाएगा।

संध्या 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा भावपूर्ण भजनों का कार्यक्रम व दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया जायेगा । इस अवसर पर मन्दिर में विराजमान रजत सिंहासन पर श्री श्याम प्रभु, वीर बजरंगबली, एवं शिव परिवार का विशेष श्रृंगार किया जाएगा साथ ही अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम मन्दिर परिसर में लगे एल. सी. डी टीवी पर सीधा प्रसारण किया जायेगा तथा समस्त कार्यक्रम को लाइव टेलीकास्ट श्री श्याम मण्डल के यूट्यूब चैनल पर भी प्रसारण होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सुमित पोदार ने दी।



### चैती दुर्गा पूजा समिति राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर करेगा भजन संध्या का आयोजन

**रांची।** अयोध्या में आयोजित भव्य राम मन्दिर के उद्घाटन व प्रभु राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चैती दुर्गा पूजा समिति डोरंडा के द्वारा प्रभु श्री राम दर्शन यात्रा, भजन संध्या व खीर प्रसाद भंडारे का भव्य आयोजन 19 जनवरी को करेगा। समिति के सदस्य प्रकाश वर्मा ने बताया कि समिति द्वारा पूजा प्रांगण से विराट श्रीराम दर्शन यात्रा उन्नीस जनवरी को दिन के तीन बजे निकाली जाएगी। यात्रा के मार्ग में सभी मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक मे राकेश पाल, प्रमोद चौधरी ,महेश विजय, मुकेश गुप्ता, देवाशीष दत्ता, अरुण गुप्ता, संजीव विजय, रामवृक्ष, साव सरदार, नरेंद्र पाल सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## केवि प्रबंध समिति की बैठक में एलपीसी गठन के प्रस्ताव की अनुशंसा

**रांची।** केंद्रीय विद्यालय नंबर 01, एचई सी कैंपस सेक्टर-2 में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से सत्र 2024-2025 के लिए कई प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में विद्यालय की आवश्यकता अनुरूप खरीदे जानी वाली वस्तुओं के क्रय संबंधी निर्णय लेने के लिए स्थानीय खरीद समिति (एलपीसी) के गठन का प्रस्ताव की अनुशंसा की गई। केवीएस के लिए शिक्षा संहिता सीएच वी, अनुच्छेद 29 (6,7और 10) के अनुसार वीएमसी सदस्य सचिव ने सत्र 2024-2025 के लिए प्रस्तावित माता-पिता और शिक्षकों के नामों को नए प्रतिनिधियों के रूप में वीएमसी में शामिल करने का प्रस्ताव रखा। कार्यालय उपयोग के लिए इन्वर्टर सेट (बैटरी के साथ)। विद्यालय के प्रवेश क्षेत्र, स्टेज और फ्लोरिंग और हॉल के एयरकंडीशनिंग के फर्श और नवीनीकरण के प्रस्ताव दिए गए। वहीं, सत्र 2024- 2025 के लिए अंशकालिक संविदा शिक्षकों की नियुक्ति के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में विज्ञापन प्रकाशित करने के प्रस्ताव की अनुशंसा की गई।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह आज, दिये जायेंगे 19 गोल्ड मेडल

## राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि , डॉ उन्नीकृष्णन भी रखेंगे विचार

### समाजसेवी अशोक भगत इसरो चेयरमैन सोमनाथ व उन्नीकृष्णन को दी जायेगी पीएचडी की मानद उपाधि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह गुरुवार को होगा। इसमें 19 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से भी सम्मानित किया जायेगा। वहीं, 233 छात्रों को डिग्री प्रदान की जायेगी। समारोह बसंत कुमार बिरला सभागार में पूर्वाह्न 10.30 बजे से प्रारंभ होगा। समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विशिष्ट अतिथि देश के प्रख्यात वैज्ञानिक व विक्रम साराभाई स्पेस स्टेशन और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ एस उन्नीकृष्णन नायर होंगे।

समारोह में सरला बिरला विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती जयश्री मोहता व इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु के प्रो राधाकांत पाढ़ी भी विशेष तौर पर शिरकत करेंगे। दीक्षांत समारोह में समाजसेवी पद्मश्री अशोक भगत, इसरो बेंगलुरू के निदेशक एस सोमनाथ और एस उन्नीकृष्णन को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया जायेगा।

इस अवसर पर विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, विवि के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी माननीय डॉ प्रदीप वर्मा, कुलपति प्रो गोपाल पाठक उपस्थित रहेंगे। समारोह की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### विवि ने राज्य के शैक्षणिक परिवेश में उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज की है : वीसी

**कुलपति** प्रो. गोपाल पाठक ने कहा कि विवि की कुलाधिपति जयश्री मोहता के मूलमंत्र अनुशासन एवं ज्ञान को आत्मसात करते हुए अपनी स्थापना के महज कुछ ही वर्षों के भीतर सरला बिरला विवि ने राज्य के शैक्षणिक परिवेश में उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज की है। चंद्रयान -3 में अग्रणी भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो राधाकांत पाढ़ी ने पिछले साल विवि का दौरा कर छात्रों और शिक्षकों को संबोधित किया था। विवि ने हाल के वर्षों में कई विख्यात विश्वविद्यालयों से शैक्षणिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, पुणे और अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ मिनेसोटा से शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच शैक्षणिक आदान-प्रदान पर सहमति बनी है। विवि ने बर्कले यूनिवर्सिटी के साथ स्टडी अब्रॉड कार्यक्रम पर हस्ताक्षर किए हैं। वर्तमान में प्रिंसटन यूनिवर्सिटी के साथ कॉलेबोरेटिव रिसर्च प्रोजेक्ट के सिलसिले में भी वार्ता हो रही है।

# राज्यपाल रघुवर दास से मिला वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बुधवार की धुर्वा स्थित आवास में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास से मुलाकात की और उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर अभिवादन किया। सर्वप्रथम राज्यपाल रघुवर दास ने प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों से कुशल क्षेम पूछा। तत्प>ात प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने उन्हें समाज की स्थिति और भावनाओं से अवगत कराया तथा जानकारी दी कि वे स्वयं 30 जनवरी से रामगढ़ में 72 घंटे का भूख हड़ताल करने जा रहे हैं। राज्य में 40% आबादी वाले वैश्य समाज की अनदेखी की जा रही है। हमारी मांगों को दरकिनार किया जा रहा है। इसलिए यह भूख हड़ताल किया जा रहा है। प्रतिनिधि मंडल में वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद, इंदुभूषण गुप्ता, संगठन महासचिव रोहित शारदा, संगठन सचिव अनिल वैश्य, बोकारो जिला अध्यक्ष राजकुमार मंडल एवं पंकज साहु शामिल थे।

## रोज सोसाइटी की गुलाब प्रदर्शनी मेकॉन कम्युनिटी हॉल में कल से

**रांची।** द रोज सोसाइटी ऑफ रांची की ओर से दो दिवसीय 98वीं गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन 19-20 जनवरी को मेकॉन कम्युनिटी हॉल, डोरंडा में किया जा रहा है। इसमें रंग-बिरंगे खूबसूरत गुलाब पुष्पों के साथ-साथ कलाकारों के बनाए कलाकृतियों के प्रादर्श सम्मिलित होंगे। प्रतिभागियों को अपने गुलाब की किस्म का नाम लिखना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन के समय सोसाइटी की तकनीकी समिति फूल की किस्म चिन्हित करने में मदद करेगी। सोसाइटी के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने बताया कि आम लोगों के लिए प्रदर्शनी शनिवार 20 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी। प्रवेश निःशुल्क है। उसी दिन दोपहर तीन बजे विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया जाएगा। गोपाल प्रसाद साहू ने बताया कि प्रादर्श 19 जनवरी की सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाए जा सकते हैं। प्रविष्टियों का मूल्यांकन उस दिन दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।

# सपना बड़ा देखें, टूटेगा तब भी बड़ा ही रहेगा : फादर लकड़ा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सपना बड़ा देखें क्योंकि बड़ा सपना टूटेगा तब भी वह बड़ा ही रहेगा। ये बातें बुधवार को संत जेवियर कॉलेज में यूपीएसी और जेपीएससी पर आयोजित करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर नबोर लकड़ा ने कहीं।

इस अवसर पर हॉक स्टडी सर्किल के निदेशक एम. ए. हक ने विद्यार्थियों को इन परीक्षाओं से संबंधित गहन जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन परीक्षाओं में सफल होने के लिए सकारात्मक दृष्टि आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. के. नेयाजी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय कुमार ने किया। इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक बी. के. सिन्हा, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ.जय प्रकाश पांडेय, रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष यू. आर. सेन, हिन्दी की सहायक प्राध्यापिका कोमल खलखो एवं विभिन्न विभागों के प्राध्यापक तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने झारखंड हाइकोर्ट विधिक सेवा समिति के कार्यालय का किया उद्घाटन

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश (एक्टिंग चीफ जस्टिस) ने झारखंड हाइकोर्ट विधिक सेवा समिति के कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर के द्वारा जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, जस्टिस आर. मुखोपाध्याय, हाइकोर्ट विधिक सेवा समिति और अन्य जस्टिस और अधिवक्तागण की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। हाइकोर्ट परिसर में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति का कार्यालय सभी सुविधाओं से लैश है, जिनमें कॉन्फ्रेंस रूम, वेटिंग हॉल, फ्रंट ऑफिस तथा अन्य सुविधाएं शामिल है। उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ वादकारी और अन्य स्टेक होल्डर को मिलेगा।

### मदर्स इंटरनेशनल स्कूल में पतंग बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



रांची। मदर्स इंटरनेशनल स्कूल, चापूटोली, रांची में मकर संक्रांति पर्व की सार्थकता को प्रदर्शित करते हुए बुधवार को पतंग बनाओ प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे पतंग बनाकर प्रस्तुत किये। साथ ही, बच्चों ने मकर संक्रांति पर्व का उद्देश्य विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। विद्यालय के प्रबंधक अंबुज कुमार झा ने सभी को हृदय से धन्यवाद देते हुए सबके सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में निवेदिता, हेमा झा आदि सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

### सीआइटी के विद्यार्थियों ने बांटे गर्म कपड़े

रांची। सीआइटी छात्रावास के विद्यार्थियों ने संस्थान के सुरक्षा कर्मियों व चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया। गर्म कपडे के रूप में प्रत्येक महिला कर्मियों को कार्डिगन और शॉल तथा पुरुष कर्मियों को जैकेट और शॉल वितरित किया गया। मालूम हो कि विद्यार्थियों ने सामूहिक चंदे से गर्म कपडे के वितरण का आयोजन किया। वितरण समारोह में वतौर अतिथि प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, परीक्षा उप नियंत्रक डॉ रणवीर कुमार, स्टेट ऑफिसर सुनीता नाथ, प्रो अरशद उस्मानी आदि ने भाग लिया। छात्रावास के सीनियर विद्यार्थी अभिषेक प्रजापति ने बताया कि छात्रावास के विद्यार्थी आपसी सहयोग से प्रत्येक वर्ष कर्मियों के बीच गर्म कपडे का वितरण करते हैं। यह परंपरा हमारे पूर्ववर्ती सीनियरों ने शुरू की थी जो अनवरत जारी है। कॉलेज प्रबंधन ने विद्यार्थियों के इस पहल की सराहना की है।

### लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण




रांची। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मेनेजमेंट (आइएचएम) में लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल, काठीटांड़, के प्राचार्य अभिषेक हरित के नेतृत्व में कुल 312 छात्रों एवं 7 शिक्षकों का शैक्षणिक भ्रमण बुधवार को कराया गया। संस्थान की आधारभूत संरचना दर्शन के दौरान छात्रों को संस्थान के बी.एससी इन एच एंड एचए, डिग्री पाठ्यक्रम एवम लघु पाठ्यक्रमों की जानकारी छात्रों को दी गई तथा होटल मैनेजमेंट कोर्स के प>ात छात्रों का होटल उद्योग, विमानन उद्योग, क्रूज लाइनर, रसोई प्रबंधन, सरकारी क्षेत्र के विभिन्न विभाग, अन्य सभी सेवा क्षेत्रों में कैरियर बनाने के अलावा एक सफल उद्यमी बनने के साथ साथ देश विदेश के प्रतिष्ठित होटलों एवम संस्थाओं में रोजगार प्राप्त करने तथा रोजगार सृजित करने जैसे महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया गया। आईएचएम के प्राचार्य डॉ. भुपेश कुमार एवं विनीत सिन्हा ने सभी छात्रों को होटल मैनेजमेंट कोर्स पूर्ण होने के बाद बनाए जाने वाले बेहतर भविष्य के लिए मार्ग दर्शन एवं प्रेरित किया।

### विधवाओं एवं वृद्ध महिलाओं के बीच कंबल का वितरण



रांची। हटिया विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता अलबिन लड़का के द्वारा बुधवार को पंडरा के 150 विधवाओं एवं बुजुर्ग एवं वृद्ध महिलाओं के बीच कंबल वितरण किया गया,एवं लोगों को ठंड से बचने के लिये जागरूक किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि जितना हो सके एकदूसरे का सहयोग करें एवं जरूरतमंद लोगों के लिए हमेसा सेवा के लिए तत्पर रहें, मौके पर पंडरा के पूर्व मुखिया सुनील तिर्की, मुंतजिर खान,विकास तिर्की, शशि टूटी,राम नायक,विजय तिरकी, हरबू उराँव उपस्थित थे।

# आइसीपीआर के सदस्य नियुक्त किये गये डॉ पंकज कुमार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष और प्रॉक्टर के पद पर कार्यरत डॉ पंकज कुमार को भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद (आइसीपीआर), दिल्ली का मानद सदस्य नियुक्त किया गया है। सदस्य के तौर पर उनका कार्यकाल अधिसूचना की तिथि से 3 वर्षों के लिए निर्धारित होगा। बताते चलें कि यह परिषद भारतीय दर्शन की दिशा में एक अनुसंधानपरक स्वायत्त संस्था है। इसकी स्थापना 1977 में की गई थी। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने उन्हें बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया और कहा कि भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद की स्थापना दर्शन पर गंभीर शोध और भारत के जीवंत दार्शनिक परंपरा के संरक्षण के उद्देश्य से किया गया है। ऐसे में सदस्य के तौर पर उन्हें इस दिशा में काफी कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। इस उपलब्धि पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह के साथ पूरे विश्वविद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# ‘मेधा दही खाओ, इनाम पाओ’ प्रतियोगिता 20 को

### अबतक 100 लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड की ओर से इस साल भी ‘मेधा दही खाओ, इनाम पाओ’ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में महासंघ के एमडी सुधीर कुमार सिंह ने मेधा डेयरी, होटवार (रांची) में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 20 जनवरी को मेधा दही खाओ प्रतियोगिता का आयोजन डेयरी परिसर में होगा। इसके अलावा 23 जनवरी को देवघर तथा 25 जनवरी को बाबा बासुकीनाथ मंदिर के समीप सीओ कैंपस में इसका आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए 15 जनवरी से रजिस्ट्रेशन शुरू है जो 19 जनवरी तक होगा। मेधा द्वारा जारी किए गए नंबर 7544003456, 7544003449 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। अब तक इस प्रतियोगिता के लिए 100 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन करा भी लिया है। एमडी के मुताबिक मेधा दही खाओ प्रतियोगिता का यह लगातार चौथा साल होगा। तीन कैटेगरी (पुरुष- महिला और सीनियर सिटीजन) में इसका आयोजन होना है। 20 जनवरी को होने वाली इस प्रतियोगिता के विजेताओं को मेधा के 28 तरह के प्रोडक्ट्स का एक गिफ्ट हैंपर मिलेगा। तीन मिनट की अवधि में सबसे अधिक दही खाने वाले विनर होंगे। पिछले साल इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में विजेता ने तीन मिनट में 2.92 किग्रा दही खाया था। महिला वर्ग के विनर ने पूनम देवी ने 1.80 किग्रा और सीनियर सिटीजन में विनर ने 2.51 किग्रा दही खाया था। एमडी ने मेधा की भविष्य की योजनाओं और किए जा रहे अन्य प्रयासों की भी जानकारी मौके पर दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जीएम पवन कुमार मारवाह सहित मेधा के अन्य स्टाफ भी मौजूद थे।

**दही के लिए डेनमार्क से मदद :** सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि अभी मेधा डेयरी में दही 80 ग्राम से लेकर 15 किग्रा तक के टब में उपलब्ध रहता है। अभी दही खाओ प्रतियोगिता के जरिये लोगों को सहकारी डेयरियों द्वारा प्रदान किए जा रहे स्वच्छ एवं सेहतमंद उत्पादों का अधिक मात्रा में उपयोग के लिए जागरूकता फैलाना है। साथ ही, राज्य के अलग अलग जिलों के 50 हजार किसानों द्वारा उत्पादित दूध को शहर के लोगों तक दही खाओ प्रतियोगिता के जरिये उपलब्ध कराते सहकारिता का संदेश देना भी है। मेधा डेयरी परिसर में विशेष तौर पर दही तैयार होता है। इसके लिए उपयोग किया जाने वाला कल्चर डेनमार्क से विशेष तौर पर मंगाया जाता है। यही वजह है कि मेधा दही की डिमांड लगातार बढ़ रही है। गत वर्ष मकर संक्रांति के दौरान 100 एमटी दही की बिक्री हुई थी। इससे अगले वर्ष यह आंकडा दोगुना होने की उम्मीद है।

स्पीड न्यूज

## रातू के ग्रीन न्यू कॉलोनी में चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र में हत्या, लूट, रंगदारी, धोखाधड़ी, जमीन विवाद और छिनतई की घटनाएं थम नहीं रही है। कोई भी दिन ऐसा नहीं, जब दो-चार घरों में चोरी न होती हो। गुनाहगारों को पुलिस का खौफ नहीं है। इससे आम नागरिकों में भय का माहौल है। लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जिस अनुपात में घटनायें हो रही है, उस अनुपात में खुलासे नहीं होने से पुलिस अधिकारियों के लिये कांड सिरदर्द बनते जा रहे हैं। उनके लिये तकनीकी सेल ही एक मात्र सहारा है। 16 जनवरी को दिनदहाड़े अपराधियों ने कटहल मोड़ स्थित न्यू ग्रीन कॉलोनी निवासी रवि कुमार मेहता के बंद घर को निशाना बनाया गया और अलमीरा में रखे 2 लाख नकद, सोने का चेन, रिंग व रैक में रखे आईफोन की चोरी कर ली गयी। घटना दोपहर बाद की है। श्री मेहता मेन रोड स्थित अपने ऑफिस गये थे। शाम 6 बजे घर लौटे, तो गेट और दरवाजे में लगे ताले को टूटे देख उनके होश उड़ गये। मामले को लेकर उन्होंने रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस इसकी तफ्तीश कर रही है।

## सड़क जाम कर रहे वाहन चालकों को पुलिस ने खदेड़ा



**ओरमांझी।** हिट एंड रन कानून के खिलाफ बुधवार को वाहन चालाकों द्वारा सड़क जाम कर दिया गया। थाना क्षेत्र के विकास गोलचकर के पास ऑल ड्राइवर कल्याण संघ रांची झारखंड के वैनत तले सड़क जाम करने पहुंचे वाहन चालाकों द्वारा गृहमंत्री अमित शाह व काला कानून के खिलाफ नारे लगा रहे थें। जाम के कारण गोलचक्कर के चारो ओर वाहनों की जाम लग गई थी। वहीं अपने बेटे की मुंडन कराने जा रही एक महिला हांथ जोड़ कर वाहन चालाकों से जाने देने के लिए आग्रह कर रही थी। जाम की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा शुरू में वाहन चालाकों को समझाने का प्रयास किया। नही माने तो बल प्रयोग कर सभी को खदेड़ दिया। जिसके बाद वाहनों की आवागमन सामान्य हो सकी। केंद्र सरकार द्वारा फिलहाल कानून नही लगाने की घोषणा के बावजूद सड़क जाम करने पर स्थानीय लोगों द्वारा सड़क जाम को राजनीति करने की चर्चा कर रहे थें।

## बाडू बैसनाडीह टुसू पर्व में उमड़ी लोगों की भीड़

**तमाड़।** प्रखंड अंतर्गत अमर शंकर धाम मेला बाडू बैसनाडीह में बुधवार को विराट टुसू मेला का आयोजन धूम धाम से सम्पन्न हुआ। मेलें में चौड़ल दल के साथ हजारों लोगों ने मेले का आनंद लिया। चौड़ल व नृत्य दलों को अतिथियों व मेला समितियों के सद्स्यों द्वारा पुरुस्कृत किया गया। बोधडीह चौड़ल टीम को प्रथम पुरुस्कार पांच हजार रुपैया, आमलेशा चौड़ल टीम को द्वितीय पुरस्कार चार हजार रुपैया, मरांग पीढ़ी सिंदरी चौड़ल टीम को तृतीय पुरस्कार तीन हजार रुपैया एवं सांत्वना पुरुस्कार के रूप में भी अन्य चौड़ल को उपहार स्वरूप दिया गया। मेला में अतिथि पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटरउपस्थित थे।

# खिजरी विधायक ने नामकुम में सवा नौ करोड़ की विभिन्न योजनाओं की आधारशिला रखी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र में लगभग सवा नौ करोड रुपए की लागत से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक निधि से सोदाग हेठ डहू में 7 लाख 68 हजार रूपया की लागत से रेमिश एक्का के घर से सोमा के घर तक पीसीसी पथ, गरसुल अंबा टोली में नौ लाख साठ हजार रूपया की लागत से रमेश तिर्की के घर के पास पीसीसी पथ के साथ साथ सिठियो पंचायत के टंगटंग टोली से डूमर टोली में एक करोड ईक्यासी लाख रुपए की लगात से पीपीसी पथ, डाहु ढीपा से रिंग रोड एवं रिंग रोड से सिठियो कब्रिस्तान तक एक करोड सत्तासी लाख रुपए की लागत से बिटुमिनस पथ निर्माण, लोधमा रोड, सिठियो चैक से स्पिलवे सिठियो तक ईकतालिस लाख ईक्सठ हजार रुपए की लागत से पीपीसी पथ, कल्याण विभाग से स्वीकृत सिठियो पंचायत में ईक्कीस लाख ठप्पन हजार रुपए की लागत से मुस्लिम अल्पसंख्यक कब्रिस्तान की घेराबंदी कार्य एवं ग्राम जमगाई में चार करोड चैसठ लाख ईक्कीस हजार रुपए की लागत से अल्पसंख्यक कब्रिस्तान की घेराबंदी कार्य की आधारशीला रखी। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, प्रमुख आशा कच्छप, माधो कच्छप, मुखिया पतरस तिर्की, बिनीता कच्छप, पंसस शमीमा खातुन, तेलोस्फर मिंज, रेमिश तिर्की, पंसस रोज लकड़ा, अशफाक आलम, सिठियो अंजुमन सदर मो ओबैदुल्लाह, सेक्रेट्री, मो अमानुल्लाह, खुर्शीद आलम, ओवेस आजाद, इश्तेयाक आलम, इरशाद आलम, दिलदार अंसारी, वसीम अंसारी, सखावत हुसैन, अब्दुल सुभान, विजय कच्छप सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# ओरमांझी में चोरों का आतंक

- दुकान से 25 लाख की मोबाइल को चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** एनएच-20 पथ किनारे स्थित एक डीटी इंटरप्राईजेज मोबाइल दुकान को अज्ञात चोरों द्वारा निषाना बनाया गया है। मोबाइल दुकान का सटर का ताला लोड़ लगभग 25 लाख का मोबाइल की चोरी कर लिया गया गया। संचालक धीरज ठाकुर द्वारा ओरमांझी थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। संचलक सुबह जब दुकान पहुंचा तो दुकान का ताला गायब था। अंदर जाकर देखा तो दुकान में रखे लगभग 25 लाख की मोबाइल गायब थें। वहीं दुकान में मोबाइल का पेमेंट के लिए रखे नगद 1.5 लाख भी चुरा कर ले गए। चोरो द्वारा दुकान में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी साथ ले गए। सूचना मिलने पर पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा संचलक व आसपास लोगों से घटना की जानकारी ली। एक दूसरे दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो संदिग्ध नजर आए है। पुलिस द्वारा को पहचान करने व चोरों को पकड़ने का प्रयास की जा रही है। वहीं घटना को लेकर क्षेत्र के दुकान संचालकों द्वारा चिंता जताया जा रहा है। बाहर से दरवाजा बंद कर ले गए बाइक-चोरों द्वारा मोबाइल चोरी करने के बाद दुकान के बगल के एक मकान के बाहर खड़ी बाइक को भी चुरा कर ले गए। बताया प्रवीण कुमार गुप्ता रात में अपने घर के बाहर पैषन प्रो बाइक जेएच01सीएम-2854 घर के आगे खड़ी किया था। सुबह उठा तो बाहर से दरवाजा बंद था। पिछे के दरवाजे से निकल कर बाहर गया तो बाइक गायब थी। वहीं उसके घर के बगल का में खड़ी एक और बाइक लॉक व हेंडल टुटा मिला। लेकिन उसे चोर ले जाने में सफल नही हुए।



जानकारी लेते लोग।

## जनकल्याण समर्पण संस्थान ने 350 कंबल का वितरण किया



**सिकिदिरी।** गैर सरकारी संगठन जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी ने एक कार्यक्रम आयोजित कर वृद्ध, विधवा, दिव्यांग के बीच 350 कंबल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के सहायक अभियंता संतोष कुमार उपस्थित थे। उन्होने कहा कि गरीबों की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है।अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जल विद्युत परियोजना के प्रधान लिपिक रामाश्रय प्रसाद उपस्थित थे। संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया। मौके पर महासचिव सत्यपाल राउत, सचिव राजकुमार, मिडिया प्रभारी दिलिप कुमार, सक्रीय सदस्य कुंती देवी, मघू करमाली, विजय सिंह, संदीप कुमार वर्मा, दीपक कुमार, संजय सिंह गुड्डु, संजू गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की ओर से वनभोज का किया गया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर युनीयन पुरनाडीह परियोजना के सौजन्य से एक वन भोज का आयोजन किया गया। वनभोज कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनके जीएम सुजीत कुमार, पुरनाडीह परियोजना पदाधिकारी सकील अख्तर, केडीएच, डकरा परियोजना पदाधिकारी अनिल सिंह मौजूद थे। इस दौरान अधिकारियों ने यूनियन नेताओं व मजदूरों को नव वर्ष की सुभकामना दिए। वही वनभोज कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने के साथ साथ एन के क्षेत्र को उत्पादन में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मौके पर सुनील कुमार सिंह, देवपाल मुंडा, राघवेंद्र गांधी, प्रबधंक, अरविंद कुमार, सुजीत रंजन, आभास त्रिपाठी, राजीव रंजन, राघव चौबे, तिला महतो, धिरज कुमार, प्रदीप प्रसाद, मुबारक खान, सुरेंदर चौहान, जेड एच खान, ललीता देवी, प्रतिमा कुमारी, कबीता कुमारी, वीर बहादुर, दिलीप गौतम, के के चतुवेर्दी, भीम प्रसाद मेहता, प्रेमचंद महतो सहित अन्य शामिल थे।

एक नजर में

## एसएसबी 26 वीं वाहिनी जी समवाय में मोबाइल रिपयेरिंग शिविर का आयोजन



**तमाड़।** सशस्त्र सीमा बल 26 वीं वाहिनी जी समवाय तमाड़ के परिसर में कमांडेंट एसडी शेरखाने के निर्देश पर सेवा सुरक्षा बंधुत्व उद्देश्य के तहत मोबाइल रिपयेरिंग शिविर का आयोजन किया गया। 15 दिन के मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण शिविर में 20 बेरोजगार युवक प्रशिक्षण ले रहे है। इस दौरान मुख्य अतिथि सशस्त्र सीमा बल रांची के चिकित्सा कमांडेंट एएफ खान शामिल हुए। उन्होंने बताया की सभी प्रशिक्षु इस प्रशिक्षण का सम्पूर्ण लाभ ले और खुद एक मोबाइल रिपेयरिंग का व्यवसाय कर आत्मनिर्भर बने। इस अवसर पर जी कंपनी तमाड़ के सहायक कमाडेंट अजीत कुमार उपाध्याय एवं अन्य जवान उपस्थित थे।

## एनसीसी प्रतियोगिता में एसएसवीएम डकरा के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**खलारी।** मेगा स्पोर्ट कंपलेक्स होटवार खेलगांव रांची में 3 झारखंड बटालियन एनसीसी रांची के द्वारा नौ दिवसीय प्रशिक्षण प्रतियोगिता शिविर में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के 29 एनसीसी कैडेटो ने भाग लिया था। इस शिविर में डकरा विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बेस्ट डेल्टा टीम का अवार्ड प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने कुल 12 प्रतियोगिता में भाग लेकर 8 गोल्डमेडल प्राप्त किया। जिसमें वेस्ट केडेट और बेस्ट एंकर का अवार्ड कुमारी अपूर्वा आनंद, बेस्ट शूटर पीहू पांडे एवं बेस्ट ड्रिल आरती कुमारी, सामूहिक नृत्य एवं रास्सा कस्सी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एनसीसी कैंप के प्रमुख कर्नल सुगातो सेन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को गोल्ड मेडल पहनकर मोमेंटम देकर के सम्मानित किया। मौके पर परमानेंट इंस्ट्रक्टर मनोज कुमार, सीएचएम दुर्गा, रवि अग्रवाल विद्यालय के एएनओ जिछु कुमार शर्मा, स्निग्धा आनंद, प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षकाओ ने बच्चों के इस उपलब्धि में शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## भारत सेवाश्रम संघ द्वारा कंबल एंव भोजन का वितरण किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कंबल वितरण करते अतिथि।

बुधवार को स्वामी अचलानंद जी महाराज के तत्वावधान में भारत सेवाश्रम संघ द्वारा काली मन्दिर, नेताजी नगर कॉलोनी, कांटा टोली में हिंदू धर्म शिक्षा संस्कृति सम्मेलन तथा वैदिक विश्व शान्ति हवन एवं पूजन आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के जमशेदपुर शाखा के सचिव स्वामी सुभ्रानंदाजी महाराज, स्वामी अचलानंद जी महाराज, त्रिपुरा, धनबाद, बोकारो, रांची तथा देवघर शाखा के स्वामी भूतेषानंदजी महाराज तथा स्वामी बिक्रमानंदाजी महाराज की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुभारंभ सुबह चार बजे से मंगल आरती, गीता पाठ तथा संघ गीता पाठ द्वारा किया गया। एसके बाद सुबह नौ बजे से दीक्षा ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें स्वामी सुभ्रानंदाजी महाराज द्वारा लगभग पचास भक्तो को गुरु दीक्षा प्रदान की गयी। मुख्य कार्यक्रम में स्वामी भूतेषानंदजी महाराज ने भारत सेवा आश्रम के प्रतिष्ठाता आचार्य स्वामी प्रणवानंद महाराज जी द्वारा बताए गए नैतिक शिक्षा और धार्मिक शिक्षा पर भक्तजनों का ध्यान आकृष्ट कराया। वहीं बतौर मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने भारत सेवाश्रम संघ के कार्यो पर प्रकाश डाला। वहीं स्वामी सुभ्रानंदाजी महाराज ने बताया कि 1917 में स्थापित भारत सेवाश्रम संघ ब्रह्मचारीयो तथा साधुओं द्वारा झारखंड में सैकड़ों धर्मार्थ औषधालय, अस्पताल, मोबाइल मेडिकल यूनिट, एम्बुलेंस, आदिवासी कल्याण केंद्र छात्रों के लिए मुफ्त आवासीय शिक्षा चला रहा हैं। संघ द्वारा नागालैंड, असम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में स्कूल और तकनीकी संस्थान, महिला सशक्तिकरण केंद्र, युवा कल्याण केंद्र आदि के अलावे बाढ़, अकाल, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान लगभग पाचं सौ जरूरतमंदो के बीच कम्बल तथा गरम वस्त्रों का वितरण किया गया।

## टूसू मेला छोटानागपुर की सांस्कृतिक धरोहर : संजय सेठ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** प्रखंड के सालहन गांव में स्वर्ण रेखा नदी के किनारे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगत टूसू मेला धूम धाम से सम्पन्न हुआ । मेला में मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने कहा की टूसू देवी नारी शक्ति को प्रदर्शित करता है। कहा कि भारत के सिवाय दुनिया के किसी भी देश में नारी की नहीं की जाती है। टुसू छोटानागपूर की सांस्कृतिक धरोहर है। प्रधानमंत्री मोदी ने नारियों के लिए विश्वकर्मा योजना शुरू करने जा रही है जिसमें कारीगर महिला को रोजगार के लिए कम व्याज पर एक लाख रुपया कर्ज देगी । विशिष्ट अतिथि रामकुमार पहान डॉ अमर चौधरी प्रमुख दीपा उरांव ओरमाझी प्रमुख अनुपमा देवी सरकार के उप सचिव जितेन्द्र मुन्डा जिप सदस्य अनुराधा मुन्डा राजेन्द्र शाही मुन्डा सुरेन्द्र महतो नरेश साहु प्रमोद सिंह बरतु मुन्डा रामनाथ महतो शिबु मुन्डा सलीम अन्सारी मनोज चौधरी रामसाय मुन्डा वीरेन्द्र सिह भोक्ता रौशन लाल मुन्डा रंथुनायक राम रेखा सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। मेला मे बालिका फूटबॉल चौड़ल प्रतियोगिता झांकी इत्यादि का प्रदर्शन किया गया गगन चुम्बी टुसू के लिए सरीता देवी और ग्रूप को नकद राशि देकर सम्मानित किया गया । सुन्दर झाकी प्रदर्शित करने के लिए कृष्णा भगत को प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । मेला में सांसद संजय सेठ सहित सभी अतिथियों ने ढोल नगाड़ा बजा कर दंग किए।

## धान की चाकी में लगी आग से लाखो का हुआ नुकसान, पीड़ित परिवार को जल्द मिले मुआवजा : सिंगराय टूटी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तमाड़।** थाना क्षेत्र के जोजोडीह गांव में चार किसानों के धान की चाकी में आग लगने से लगभग पांच लाख रुपैया नुकसान किसानो को हुआ। पीड़ित किसान प्रकाश महतो, अजीत महतो, बासुदेव महतो, सुरेंद्र महतो का धान? जल कर राख हो गया। किसानो ने बताया किसी असमाजिक तत्वों द्वारा आगलगी घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात करीब 1 बजे खलिहान के समीप घर के सदस्य ने देखा की सामने के खलिहान में आग लगी है। उसने तुरंत हल्ला मचाते हुए लोगों को मदद के लिए बुलाया। जहां गांव के लोगों ने अपने स्तर से आग बुझाने का भरपुर प्रयास किया। परंतु आग के लपटों ने पूरा खलिहान को अपने चपेट में ले लिया। पंसस दानी सिंह महतो ने बताया कि रात को फायर ब्रिगेड के नंबर पर संपर्क किया गया। लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नही किया। इधर किसानों का कहना है कि इन धान की फसल से ही वे अपनी सालभर जीविका चलाते हैं। फसल के जल जाने से अब पुरा परिवार भुखमरी की चपेट में आ जाएंगे। पूर्व मुख्य अभियंता सिंगराय टूटी ने घटनास्थल का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मिले। उन्होने सरकार से पीड़ित परिवारों को जल्द उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## लूट का विरोध ,व्यवसायियों ने सब्जी बंगाल नहीं भेजी


बैठक में शामिल सब्जी व्यापारी व किसान।

**इटकी।** सब्जी व्यवसायियों का बस द्वारा कोलकाता से रांची लौटने के क्रम में बुंडू के दशम फॉल थाना क्षेत्र में लाखों रुपये की हुई लूट के विरोध स्वरूप बुधवार को इटकी, बेड़ो, मांडर ब्राम्बे बाजार से कोलकाता के लिए सब्जी नही भेजा गया। किसान कल्याण समिति के आह्वान पर बुधवार को इटकी, बेड़ो, नगड़ी व मांडर के सब्जी व्यापारियों की एक बैठक इटकी स्थित मिशन मैदान में हुई। बैठक में घटना को लेकर सब्जी व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त किया और इंटकी, बेड़ों, नगड़ी तथा माण्डर के सभी सब्जी मंडी से कोलकाता जाने वाली ट्रक, बस से भेजे जाने वाले सब्जियों के लोडिंग नही करने का निर्णय लिया गया। बुधवार को कोलकाता सब्जियां भेजने पर रोक लगा दी। किसान व व्यापारियों ने सरकार व प्रशासन से अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कानूनी करवाई करते हुए किसानों के रुपये वापस दिलाने की मांग की गयी है। बैठक में मुख्य रूप से सुकेश कुमार, अजय सिंह, टिंकू लाल, हाजी फिरोज, फुरकान आलम, मो सादिक, अयोध्या महतो, इश्तेयाक आलम , राजेन्द्र, रामशरण, फारूक आजम, मसूद जावेद, मुमताज अंसारी सहित अन्य शामिल थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला में गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनायी गयी




**खलारी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला में गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रंथु साहु ने गुरु गोविंद सिंह के के चित्र पर माल्यार्पण कर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुगोविंद सिंह के जयंती को प्रकाश पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। ये शौर्य और साहस के प्रतीक रहे हैं साथ ही इनके अनमोल विचार में कहा गया है कि जितना संभव हो सके, जरूरतमंद लोगों को मदद करनी चाहिए। अपनी कमाई का दसवां हिस्सा दान करना चाहिए सहित अन्य का जानकारियां साझा किये। इस दौरान बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खुशी कुमारी,आरती कुमारी, संक्रांति कुमारी, प्रेरणा कुमारी, दिव्या कुमारी, निहारिका कुमारी, रीता कुमारी,सागर कुमार, अमन कुमार प्रजापति, लवली कुमारी,मुशाहिद रजा,सुधीर गुप्ता, रामवृत कुमार, चंचल कुमारी, सूरज सिंह और नंदनी कुमारी का उत्कर्ष प्रदर्शन रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेश कुमार साहु, अरुणा उरांव और बाल संसद मंत्रियों का सराहनीय योगदान रहा।

## आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ ने जैक मुख्यद्वार पर धरना दिया



बुधवार को आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ द्वारा जैक मुख्य द्वार पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से बडी संख्या में सहायक अध्यापक, अध्यापिकाएं शामिल हुए। धरना पश्चात सहायक अध्यापकों के प्रतिनिधि मंडल ने जैक अध्यक्ष अनिल महतो एवं सचिव द्विवेन्दु तिग्गा से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा। जिसमें आकलन प्रमाण पत्र जल्द प्रदान कर दूसरे आकलन परीक्षा का आयोजन करने, दिव्यांग और ईडब्लूएस कोटी के सहायक अध्यापकों को उनकी कैअेगरी का अधिभार देने, चार हजार त्रुटि पूर्ण परिणाम का जल्द निराकरण करने की मांग की गयी। जिसपर जैक अध्यक्ष एंव सचिव ने प्रमाण पत्र दो माह में प्रदान करने, दूसरे आकलन परीक्षा का आयोजन मई माह में करने, ईडब्लूएस और दिव्यांगजन के लिए बिशेष कमिटी बनाकर सभी मुद्दों का त्वरित निराकरण करने का अस्वासन दिया गया। धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से बबलू सिंह,राजीव रंजन शुक्ला, बृजकिशोर तिवारी, जितेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, सूरत राम, अंबिका सिंह, विमला कुमारी,अनुज सिंह, दिलेश यादव, महबूब आलम, मोतीलाल, प्रसाद महतो, दुर्गा देवी, लाल सुमन, गंगोत्री कुमारी आदि मौजूद थे।

# घासीराम महली की165वीं जयंती समारोह सह मेला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चान्हो।** महाकवि घासीराम महली की165वीं जयंती समारोह सह मेला का आयोजन बुधवार को उनके पैतृक गांव में किया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण सह खेलकूद, युवा कार्य मंत्री हफीजुल हसन एवं एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित हुए। इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि धन्य है यह क्षेत्र जिसमें ऐसे साहित्यकार जन्म लिए हैं। आज जरूरत है इनकी कला को बचाकर आगे ले जाने की। बहुत ऐसे साहित्यकार ऐसे हैं जिनकी कृति को आगे लाने की जरुरत है। उन्होंने महाकवि घासीराम के कृतियों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं बोलते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि समाज को एकसूत्र में पिरोने की जरुरत है। ऐसे महापुरुषों की जीवनी हरेक बच्चा तक पहुँचनी चाहिए। उन्होंने समिति के सदस्यों को सलाह दी कि यहां पर इनकी जयंती के अवसर पर बड़े स्तर पर मेला लगाने की जरुरत है। उन्होंने महाकवि की साहित्य साधना की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक प्रेरक व्यक्तित्व थे। उनसे हमे सीख लेनी चाहिए। गांवों में जागरुकता तथा एकता बनाए रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सभा को डॉ उमेश नंद तिवारी और डॉ राम प्रसाद ने भी संबोधित किया।पद्मश्री मधु मंसूरी हँसमुख, महावीर साहु, सीमा देवी समेत अन्य दल के लोगों ने गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नागपुरी साहित्यकार डॉ कृष्ण प्रसाद साहू कलाधर और गायक महावीर साहू को महाकवि घासीराम सम्मान से सम्मानित किया गया तथा जनजाति महली कर्मचारी संघ द्वारा जागरूकता एवं सामाजिक विकास के लिए पूनम कुमारी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। महाकवि घासीराम स्मारक समिति द्वारा मंत्री और विधायक को मांग पत्र भी सौंपा गया जिसमें मुख्य रूप से संस्कृति भवन पुस्तकालय और सड़क की मांग की गई है। इससे पहले सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर, पत्ते की पारम्परिक पारंपरिक टोपी पहनाकर और चंदन का पौधा देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन शकुंतला मिश्रा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अशोक महली ने किया। मौके पर महावीर साहू, आशीष कुमार महली, निरंजन बघवार, अशोक कुमार महली, मनोहर मोहंती, कृष्ण प्रसाद साहू कलाधर, विकास सिन्हा, मो मुजीबुल्लाह, परमेश्वर भगत, नाफर अली, हरिनंदन महली, त्रिपुरारी तिवारी, योगेंद्र यादव, भूपेंद्र महली, रमेश महली, अजित कुमार सिंह, बबीता देवी, मनोज महतो, संतोष महली, मनोज महली समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# होहिं सगुन सुभ बिबिध...

होहिं सगुन सुभ बिबिधि बिधि बाजहिं गगन निसान।
पुर नर नारि सनाथ करि भवन चले भगवान।। अनेक प्रकार के शुभ शकुन हो रहे हैं, आकाश में नगाड़े बज रहे हैं। अयोध्या पूरी के पुरुषों और स्त्रियों को सनाथ (दर्शन द्वारा कृतार्थ) करके भगवान श्री रामचंद्रजी महल को चले॥ कण-कण में राम और कथा-व्यथा में राम का 500 सालों की चर्चा का एक नया आवरण राम के नाम से जुड़ने जा रहा है। देश के सुप्रीम कोर्ट में 400 से अधिक अकाट्य साक्ष्य देकर हमारे संत और बुद्धिजीवियों ने राम के जन्म स्थान पर मंदिर की लड़ाई लड़ी। ऐसा सहिष्णु और विनम्र समाज दुनिया में कही और है जो बहुसंख्यक होने के बाद भी अपने अराध्य के लिये 500 साल का इंतजार करता हो? इस भारतीय समाज की इसी सांस्कृतिक महानता को राम की देन कह सकते हैं। दुनिया के 60 से अधिक देशों में जिस राजा राम को सांस्कृतिक मूल्यों, राज-काज के लिये सर्वोच्च उदाहरण माना गया उन्हें अब उनके देश में भारत में सम्मान दिया जा रहा है। क्या तीन दशक पूर्व कोई कल्पना कर सकता था कि राम का इतना भव्य मंदिर और अयोध्या की पुर्नस्थापना हो सकेगा? एक वर्ग तारीख नहीं बताने का ताना इसी राम के राज्य में उच्च स्वर में कहता था। आज प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आंरभ हो चुका है और पूरा देश इस बात को लेकर आनंद में है कि राम मंदिर के रुप में सांस्कृतिक अभ्युदय पा रहें हैं। पूरी दुनिया में अपने अराध्य को उनके एतिहासिक साक्ष्य से प्राप्त कूनन सम्मत स्थान देकर पूरा भारतीय समाज गर्व का अनुभव कर रहा है। राम का देश, राम के नाम पर नकारात्मक भाव से उठकर सकरात्मक भाव में जी रहा है। भारतीय सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक अभ्युदय का यह शंखनाद के साथ राम लला अयोध्या मंदिर परिसर में आ चुके हैं।

# अब इवी का दौर

ओला इलेक्ट्रिक के भवीश अग्रवाल का मानना है कि पेट्रोल-डीजल इंजनों (आईसीई) पर चलने वाले स्कूटरों का उत्पादन बंद करने का वक्त आ गया है और सार्थक और गुणवत्तापूर्ण दोपहिया वाहनों में निवेश करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। अभी भी देश में आईसीई दोपहिया वाहन, ई-दोपहिया से बहुत आगे हैं। देश की आम जनता को ईवी खरीदने या ई-दोपहिया खरीदने के लिए प्रेरित करने के लिए कहीं अधिक बुनियादी बदलावों की आवश्यकता होगी। सरकार का लक्ष्य 2030 तक सड़क पर चलने वाले 80 फीसदी दोपहिया वाहनों को इलेक्ट्रिक बनाने का है। हालांकि भारत का ई-दोपहिया बाजार 2019 के बाद से तेजी से बढ़ा है लेकिन अभी भी यह पूरे बाजार में बहुत छोटा हिस्सा है। उदाहरण के लिए 2022-23 में ई-दोपहिया वाहनों की बिक्री उससे एक साल पहले की तुलना में ढाई गुना बढ़कर 846,976 हो गई। यह आंकड़ा आकर्षक है लेकिन उसी वर्ष बिके 1.5 करोड़ आईसीई दोपहिया वाहनों की तुलना में यह अत्यधिक कम है। यह बिक्री मुख्य तौर पर सरकार की उस अहम पहल की बदौलत है जिसे फास्टर एडॉप्शन ऐंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ (हाइब्रिड ऐंड) इलेक्ट्रिक व्हीकल (फेम) का नाम दिया गया है। फेम से जुड़े अनुभव की विडंबना यह है कि देश में ईवी की पहुंच केवल पांच फीसदी है जबकि पूर्वी एशियाई देशों का औसत 17 फीसदी है। । चार्जिंग की अधोसंरचना तैयार करना एक मुद्दा है जिस पर धीरे-धीरे काम हो रहा है। अब तक केवल 6,586 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन हैं जो अपर्याप्त हैं। चीन ने इस समस्या को समय रहते चिह्नित कर लिया था और वहां 18 लाख सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन हैं। विनिमार्ता भी इसके खिलाफ हैं। वस्तु एवं सेवा कर के तहत इसके साथ होने वाले व्यवहार को लेकर भी भ्रम की स्थिति है। लेकिन उम्मीद बरकरार है।

# श्रीराम जन्म भूमि मुक्ति के लिए 161 वर्ष चला केस



**रामजन्म** स्थान पर पक्के निर्माण के लिये पहली बार 1858 में प्रशासन को आवेदन दिया गया था और अदालत में पहला मुकदमा 1885 में दायर हुआ था। यह सारे विवरण लखनऊ और फैजाबाद के गजेटियर में मौजूद हैं।


बाबरकाल में रामजन्म स्थान मंदिर को ध्वस्त कर मस्जिद बनाये जाने के बाद अकबरकाल में हिन्दुओं को एक चबूतरा बनाकर भजन करने की अनुमति मिल गई थी। वह चबूतरा औरंगजेब काल में नष्ट कर दिया गया, किंतु अवध के नवाब सदाअत अली के समय चबूतरा पुनः बहाल हो गया था। समय के साथ भारत की सभी स्थानीय सत्ताएं अंग्रेजों के अधीन हो गई थीं। तब 1858 में अंग्रेज कलेक्टर के समक्ष इस चबूतरे पर छत डालने की अनुमति देने के लिये आवेदन दिया गया था। इसका उल्लेख अयोध्या रिविजिटेड नामक पुस्तक में इसके अनुसार कलेक्टर ने रिपोर्ट मांगी जो एक दिसंबर 1858 को प्रस्तुत हुई। रिपोर्ट में चबूतरा और पूजन का विवरण है। मांगी गई अनुमति तो नहीं मिली लेकिन तार का एक बाड़ लगाकर विवादित भूमि परिसर में मुस्लिमों और हिंदुओं को अलग-अलग पूजा और नमाज की इजाजत दी गई।

अदालत में पहली बारः इसके 27 वर्ष बाद 1885 में पहली बार मामला अदालत पहुंचा। निमोर्ही अखाड़े के महंत रघुबर दास ने फैजाबाद के जिला न्यायालय में एक याचिका दायर की थी। उन्होंने अदालत से दो मांग की थी। एक बाबरीढांचे के बाहरी भाग में स्थित राम चबूतरे पर बने अस्थायी मंदिर को पक्का बनाकर छत डालने की और दूसरी मांग इस स्थल के स्वामित्व देने की थी। यह मुकदमा लगभग दो वर्ष चला। जज ने हिंदुओं को पूजा-अर्चना का अधिकार तो दिया है, किंतु वहां कोई पक्का निर्माण करने या स्वरूप में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

**संतों और राम सेवकों का अंतिम संघर्ष आरंभः** 1885 के न्यायालयीन निर्णय से पहले तो स्थिति सामान्य रही लेकिन कुछ समय बाद कट्टरपंथी उत्पाती तत्व पुनः सक्रिय हुये और पूजन भजन में बाधा डालने लगे। इसका संतों ने प्रतिकार किया। इससे आये दिन थोड़ा बहुत विवाद होने लगा। तब निमोर्ही अखाड़ा और गोरक्ष पीठ के आह्वान पर साधु-संत एकत्र हुये और रामजन्म स्थान की सुरक्षा का दायित्व संभाला। फिर 1934 में संतों ने चबूतरे का विस्तार और मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का प्रयास हुआ जो पुलिस ने विफल कर दिया। साल 1935 में गोरक्षपीठ पर दिग्विजयनाथ आसीन हुये। उन्होंने इस सत्याग्रह संघर्ष को आगे बढ़ाया। विवाद बढ़ा तो अंग्रेज सरकार ने यह पूरे क्षेत्र को अपने अधिकार में ले लिया तथा नमाज एवं पूजन दोनों पर प्रतिबंध लगा दिया। फिर 1946 में बाबरी मस्जिद पर शिया संगठन ने भी दावा किया किन्तु निर्णय हुआ कि बाबर सुन्नी मुसलमान था, इसलिए यह मस्जिद सुन्नियों की है।

रामलला का प्रकटीकरणः जुलाई 1949 में संतों ने मस्जिद के बाहर राम चबूतरे पर एक छोटा मंदिर बनाने का प्रयास किया। इस पर स्थानीय प्रशासन की सहमति तो नहीं दी पर आपत्ति भी न की। इससे राम चबूतरे पर अस्थाई राम मंदिर बनाने का काम आरंभ हो गया। इसका विरोध हुआ तो प्रशासन ने हस्तक्षेप करके निर्माण रुकवा दिया। कुछ महीने काम रुका रहा लेकिन 22 और 23 दिसंबर की रात मस्जिद परिसर में राम सीता और लक्ष्मण की मूर्तियां प्रकट हुई। एक पक्ष का कहना था कि रामलला स्वयं प्रकट हुये जबकि दूसरे पक्ष का कहना था कि मस्जिद पर अधिकार करने के लिये रात में यह मूर्तियां रख दी गईं। इस पर भारी हंगामा हुआ और प्रशासन ने 29 दिसंबर को यह परिसर अपने अधिकार में लेकर रिसीवर बिठा दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई का मुस्लिम पक्ष ने समर्थन किया और हिन्दू पक्ष ने विरोध।

यह विरोध दिल्ली तक पहुंचा। विवाद को सुलझाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री गोविन्द वल्लभ पंत को मूर्तियां हटाकर यथास्थिति बनाये रखने का पत्र लिखा, पर भारी जन विरोध को देखकर कलेक्टर कोई कड़ा कदम न उठा सके और मामला अदालत चला गया जिससे मूर्तियां यथास्थान रहीं। 16 जनवरी 1950 को एक याचिका अदालत में प्रस्तुत हुई, जिसमें मूर्तियां न हटाने और नियमित पूजन की अनुमति मांगी गई। याचिका में परिसर का स्वामित्व भी मांगा गया। यह याचिका गोपाल दास विशारत ने प्रस्तुत की थी। अदालत ने मूर्तियां यथास्थान बनाये रखने, केवल पुजारी द्वारा नियमित पूजन करने और जन सामान्य द्वारा केवल बाहर से दर्शन करने का आदेश दिया। 1959 में निमोर्ही अखाड़े ने अदालत में इस परिसर पर अपना मालिकाना हक होने का दावा पेश किया। अखाड़े का तर्क दिया कि 1885 में इस स्थान पर राम चबूतरे पर निर्माण तथा छत्र लगाने का दावा करने वाले महंत रघुवर दास निमोर्ही अखाड़े के थे अतएव पूरे परिसर पर उसी का स्वामित्व प्रमाणित है। दिसम्बर 1961 में विशारद एवं महंत रामचरणदास परमहंस द्वारा दायर याचिकाओं को बारह वर्ष पूरे होने में केवल चार दिन शेष थे । यह प्रावधान है कि यदि किसी स्वामित्व की याचिका में बारह वर्षों तक किसी कोई आपत्ति न हो तो वादी के पक्ष में निर्णय माना जाता है। दोनों याचिकाकताओं को अपने पक्ष में निर्णय होने की उम्मीद बन गई थी तभी बारह वर्ष में केवल चार दिन पहले सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की तरफ से मोहम्मद हाशिम अंसारी ने पूरे परिसर पर मालिकना हक होने का दावा प्रस्तुत कर दिया है। हाशिम अंसारी ने मांग की कि रामलला की मूर्ति हटाकर ढांचे को हिंदुओं के अधिकार से लेकर मुसलमानों को सौंपा जाए। इस तरह 1950 से लेकर 1961 तक इस स्थल पर मंदिर और मस्जिद को लेकर कुल चार मुकदमे हो चुके थे। इसमें एक मस्जिद के दावे का और तीन मंदिर के।



- रमेश शर्मा

> कोई पांच सौ वर्षों के कुल संघर्ष में लगभग एक सौ साठ साल कानूनी लड़ाई के हैं। रामजन्म स्थान पर पक्के निर्माण के लिये पहली बार 1858 में प्रशासन को आवेदन दिया गया था और अदालत में पहला मुकदमा 1885 में दायर हुआ था। यह सारे विवरण लखनऊ और फैजाबाद के गजेटियर में मौजूद हैं।

## खास बात

# नजरे इनायत

**सहीराम**

**वज्रपात** करने के लिए सरकार क्या कम थी जी, जो रामजी भी वज्रपात करने लगे। वैसे तो जी, सरकार भी भगवान ही होती है, लेकिन भगवानजी को तो सरकार नहीं होना चाहिए। बेशक वो भी माई-बाप हैं, ये भी माई-बाप हैं। पर फर्क है जी, सरकार का डंडा धमाधम चलता है, जबकि ऊपर वाले की लाठी कहते हैं बड़ी खामोशी से चलती है और सरकार के डंडे की तरह अंधाधुंध तो नहीं ही चलती। इसीलिए सरकार पर तो चाहे भरोसा टूटता रहता हो, पर भगवान पर भरोसा हमेशा कायम रहता है। बल्कि जब सरकार की आलोचना करनी होती है, तब भी लोग यही कहते हैं कि वह भगवान भरोसे ही चल रही है।

लेकिन समझ नहीं आता कि भगवानजी अब यह फर्क मिटाते क्यों जा रहे हैं। अब देखिए, सरकार तो महंगाई का वज्रपात कर ही रही है। रोज तेल के दाम बढ़ रहे हैं और ज्ञानीजन कहते हैं कि तेल के दाम बढ़ेंगे तो सब चीजों के दाम बढ़ेंगे। अर्थात महंगाई की जड़ तेल ही है। सरकार भी अगर यह मान ले तो वह भी महंगाई बढ़ाने के आरोप से बच सकती है। खैर, यह सरकार की मर्जी है। लेकिन यह भगवान की तो मर्जी नहीं होनी चाहिए कि वह भी सरकार की तरह ही जनता पर वज्रपात करने लगे। मतलब उसे थोड़ा तो सरकार से अलग दिखना ही चाहिए।

अब देखिए, सरकार ने ऑक्सीजन नहीं दी, लेकिन भगवानजी ने नहीं रोकी। तो यह फर्क अब क्यों नहीं। अब सरकार की तो चाहे जनता पर नजरे इनायत न हो, चाहे वह नौकरी न दे, चाहे वह महंगाई बढ़ती रहे, पर भगवानजी को तो झमाझम बारिश कर देनी चाहिए न। यार, मॉनसून का मौसम है आखिर तो। पर जैसे सरकार आंदोलनकारी किसानों को कुछ नहीं दे रही, वैसे भी भगवान भी किसानों को बारिश नहीं दे रहे हैं। हालांकि, बारिश कोई किसान को अकेले थोड़े ही चाहिए। गर्मी से तो सभी बेहाल हैं। पानी तो दिल्ली वालों को भी नहीं मिल रहा। भगवानजी को गर्मी से बिलबिलाते लोगों पर जरा भी दया नहीं आ रही, जैसे सरकार को महंगाई से त्रस्त जनता पर दया नहीं आ रही। ऊपर से भगवानजी भी अब बिजली ज्यादा गिराने लगे हैं,

# गुरु आदेश

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**जहां** भरत जी गये वहीं शत्रुघ्न जी गये। कहां राम है, कहां लक्ष्मण हैं उनके कोई मतलब नहीं था। लखन जी को जब गुरु वशिष्ठ जी ने नियत कर दिया तो जब श्री राम वनवास जा रहे हैं तो वे बोले मैं भी चलूंगा। श्री राम बोले क्यों? वनगमन तो केवल मेरा हुआ है, आप क्यों चलेंगे। लक्ष्मण जी बोले बात सही है लेकिन गुरु महाराज जी की आज्ञा है कि मैं शरीर का सेवक हूं, तो जहां शरीर वहीं मैं। लक्ष्मण जी मां से आज्ञा लेकर वनगमन किये।

**प्रसंग का अध्यात्म**

यह सृष्टि परा और अपरा दोनों के मेल से बनी हुई है। अपरा जगत दृष्टिगोचर होता है जिससे यह जगत चलता है। धर्म का कार्य जप, तप, योग,यज्ञ मनुष्य को अपरा जगत से परा की ओर उन्मुख करता है। जब संसार में कोई ऐसा व्यक्ति हो जाता है जो अपरा जगत की सारी सिद्धियों को कर लेता है। वह बलवान हो जाता है। अगर अहंकारी होकर धर्म के कार्यो को अवरूद्ध कर देता है तो उसके व ध के लिये अवतार होता है। अवतार परा शक्ति संपन्न होता है।

इसलिए वह अपरा जगत की सारी सिद्धियां से संपन्न व्यक्ति का बध करने में समर्थ होता है। इस तरह की स्थिति तब पैदा हो गयी थी जब राक्षस राज रावण अधर्मी हो गया था। उसने जप, योग और तप इत्यादि बंद करा दिया था।

रावण जानता था कि मेरी लड़ाई सदा देवताओं से है। देवताओं के पास जो कुछ भी उत्तम भोग है, स्वर्ग के इस भोग को मुझे लंका में लाना है ।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**स्वणरिखा नदी** (शिव घाट), हलमाद में आयोजित प्राचीन मकर संक्रांति-टुसू मेला में शामिल हुआ। झारखंड की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत तथा उल्लास और उमंग का प्रतीक पर्व टुसू आप सभी के जीवन में अपार खुशियां और समृद्धि लेकर आए।

- सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो

## आपके ट्वीट

**भारत** जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से हम देश के समक्ष एक वैकल्पिक विजन रख रहे हैं।

एक तरह नफरत और अन्यायह्र की विचारधारा है और दूसरी तरफ भाईचारे और न्याय की।

– राहुल गांधी





**साइंस** एंड रिसर्च के समाधानों से अब मिलेट्स एवं अन्य अनाजों को और विकसित करना जरूरी है। मकसद ये कि देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से इन्हें उगाया जा सके...

– नरेन्द्र मोदी

# समाज और देश के सच्चे सेवादार और नायक गुरु गोविंद सिंह

**योगेश कुमार गोयल**

सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाश पर्व इस वर्ष 17 जनवरी को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्ध कलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरु पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने।

स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें संत सिपाही भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। बिचित्र नाटक को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह दशम ग्रंथ का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरु जी ने हिमाचल के पोंटा साहिब में की थी।

## पर्व

कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह एक बार अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल पोंटा शब्द का अर्थ होता है पांव और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं। 1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को पंज प्यारे चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने खालसा वाणी भी दी, जिसे वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह कहा जाता है। उन्होंने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए थे, जिन्हें ह्यपंच ककार (केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा) कहा जाता है। गुरु गोबिंद सिंह ने ही गुरु ग्रंथ साहिब को सिखों के स्थायी गुरु का दर्जा दिया था। सन 1708 में उन्होंने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिविर लगाया था। वहां जब उन्हें लगा कि अब उनका अंतिम समय आ गया है, तब उन्होंने संगतों को आदेश दिया कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही आपके गुरु हैं। उन्होंने कई बार मुगलों को परास्त किया। आनंदपुर साहिब में तो मुगलों से उनके संघर्ष और उनकी वीरता का स्वर्णिम इतिहास बिखरा पड़ा है। गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्र अजीत सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह और जुझार सिंह भी उन्हीं की भांति बेहद निडर और बहादुर योद्धा थे। अपने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ते हुए गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पूरे परिवार का

## कॉर्टून वर्ल्ड

युद्ध से प्रभावित नहीं...



साभार कॉर्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### अंकुश लगे

**वर्तमान** समय में जब तकनीक का युग है, जहां आज हर कार्यक्रम की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग हो रही हो तो ऐसे में नेताओं द्वारा अपने भाषण में अमर्यादित शब्दों का प्रयोग अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस वजह से राजनीति का स्तर इतना नीचे गिर चुका है कि मयार्दा पसंद लोग राजनीति में कदम रखने से पहले कतराने लगे हैं। इस पर जल्द से जल्द अंकुश लगना चाहिए।

–विजय महाजन, हजारीबाग

### शिक्षा का संकट

**कोरोना** की असर से बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे बच्चों की शिक्षा पर बुरा असर पड़ रहा है। शहरी बच्चे तो ऑनलाइन शिक्षा से पढ़ पा रहे हैं लेकिन ग्रामीण बच्चों की हालत ठीक नहीं है। शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। ऑनलाइन शिक्षा से अभिभावकों और बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

–राघव जैन, रांची

# भारतीय यूनिकॉर्न स्टार्टअप का बढ़ता जादू

**निवेदिता मुखर्जी**

**बहुत** कम अंतराल में छह इंटरनेट आधारित कंपनियों ने यूनिकॉर्न का दर्जा प्राप्त किया। यानी इन कंपनियों का मूल्यांकन एक अरब डॉलर का स्तर पार कर गया। इस बात का जोरशोर से जश्न भी मनाया गया। इसमें यही संदेश निहित था कि आखिरकार भारत उस स्थिति में आ गया है जहां किसी निजी स्टार्टअप का एक अरब डॉलर का स्तर हासिल करना यदाकदा होने वाली घटना नहीं रह गई। अमेरिकी एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म सीबी इनसाइट्स के डेटाबेस के मुताबिक अप्रैल 2021 तक दुनिया भर की 642 यूनिकॉर्न में से 29 भारत में स्थित हैं। वेंचर इंटेलिजेंस का एक और डेटा बताता है कि भारतीय यूनिकॉर्न की तादाद 47 है और इनमें इजाफा हो रहा है। आंकड़ों में यह अंतर यूनिकॉर्न की गणना के तरीके की वजह से है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन पर यूनिकॉर्न, 10 अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन पर डेकाक्रॉन और 100 अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन पर हेक्टोकॉर्न मानी जाती है और निर्धारण इस बात पर निर्भर करता है कि कौन सी स्टार्टअप सूची में कब किस स्थान पर थी।

वैश्विक रैंकिंग की बात करें तो किसी स्टार्टअप का यूनिकॉर्न बनना यकीनन उसकी विकास गाथा की पुष्टि करता है लेकिन वहां यह बहुत बड़ी उपलब्धि नहीं है। कारण यह कि वहां स्टार्टअप का मूल्यांकन कोई विशिष्ट बात नहीं है। यह किसी स्टार्टअप का सांकेतिक मूल्य है जो नकदी प्रवाह की उपलब्धता, महत्त्वाकांक्षा और फंडिंग के अहम संकेतकों के आकलन पर निर्भर है। चूंकि मूल्यांकन का राजस्व, मुनाफे या किसी अन्य पारंपरिक कारोबारी मानक से कोई लेनादेना नहीं इसलिए यह निवेशकों की भावना से अधिक संचालित है। स्टार्टअप जगत में निवेशक कई बार कंपनियों के सामने कड़े प्रदर्शन लक्ष्य भी रखते हैं। वहीं अन्य अवसरों पर वे चाहते हैं कि आंकड़े चाहे कुछ भी हों लेकिन ग्राहक कंपनी से जुड़े रहें।

कई ऐसे मामले सामने आए जहां उच्च मूल्यांकन के बावजूद स्टार्टअप नाकाम होती देखी गई। सितारा संस्थापकों वाले संस्थान भी डूबने से नहीं बच पाए। फ्लिपकार्ट, हाउसिंग डॉट कॉम, स्नैपडील जैसी तमाम स्टार्टअप के बारे में सोचिए। चमकदार नाम वाले निवेशक जो स्टार्टअप को शोहरत की बुलंदियों तक पहुंचने में मदद करते हैं, वे पूरे सफर के दौरान पूरी तरह नियंत्रण कायम रखते हैं। आमतौर पर संस्थापक निवेशक उस समय सार्वजनिक तौर पर चर्चा में आता है जब किसी स्टार्टअप की बिक्री होती है या उसे बेचने का प्रयास किया जाता है। फ्लिपकार्ट के मामले में कंपनी के सह-संस्थापक और देश में ई-कॉमर्स के पोस्टर बॉय आईआईटी से पढ़े सचिन बंसल को 2018 में अपना पद छोडना पड़ा जब टाइगर ग्लोबल मैनेजमेंट के ली फिक्सेल समेत निवेशकों के एक समूह ने बेंगलूरु की इस कंपनी की बहुलांश हिस्सेदारी 16 अरब डॉलर में वॉलमार्ट को बेचने का सौदा किया। सचिन बंसल ने बिन्नी बंसल के साथ मिलकर करीब 10 वर्ष पहले जिस कंपनी की स्थापना की थी, उस कंपनी की बोर्ड रूम वार्ता में सचिन बंसल के पास ज्यादा कुछ कहने का अधिकार ही नहीं था। सचिन अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहते थे लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके।

इसके सह-संस्थापक और सीईओ राहुल यादव ने 2015 में प्रमुख निवेशक सिकोया कैपिटल के शैलेंद्र सिंह को ई-मेल भेजा। सार्वजनिक हुए इस मेल में तब 25 वर्ष के यादव (जिन्होंने आईआईटी की पढ़ाई अधूरी छोड़ दी), ने कहा कि अगर निवेशकों ने उनसे उलझना नहीं छोड़ा तो वह कंपनी छोड़ देंगे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूजस्पीड न्यूज

## उच्च विद्यालय का स्थापना दिवस मना



कुजू। दिगवार उच्च विद्यालय का 32वां स्थापना दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि कंप्यूटर, पुस्तकालय, सभागार, सड़क समेत अन्य जरूरी कर्मियों को पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने सांसद मद से बनी हॉल का उद्घाटन किया। छात्र-छात्राओं ने अपने बेहतरीन गीत-संगीत, नृत्य, नाटक और भाषण से मौजूद लोगों को खूब रिझाया। विद्यालय परिवार ने स्कूल के नाम अपनी जमीन देने वाले दान कताओं को सॉल ओढाकर सम्मानित किया। इससे पूर्व रमण यादव, धनु महतो, दिवाकर गिरी, जगदीश महतो, वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा, राजकुमार गिरी ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मनोज प्रसाद एवं संचालन शिक्षक निरंजन कुशवाहा ने किया। मौके पर की निवर्तमान नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, प्रवीण मेहता, रंजीत सिन्हा, जगेश्वर प्रजापति, छोटन सिंह, प्रकाश मिश्रा, राजू कुशवाहा, हरिनारायण कुशवाहा, अरुण कुमार कुशवाहा, मनोज गिरी, अर्जुन यादव, चितू महतो, द्वारिका प्रसाद भंडारी, राजेंद्र महतो, रामजतन महतो, दशरथ महतो, कुलदीप दादू, तरुण गिरी, अनुपम गिरी सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

## कुजू : अक्षत को ले उमड़ी भीड़



कुजू। पोचरा में मंगलवार को अयोध्या मंदिर उद्घाटन को लेकर निमंत्रण स्वरूप अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश का नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के दौरान जय श्री राम जय, हनुमान के गगनभेदी नारे से पूरा क्षेत्र गुंजयमान रहा। राम भक्त ढोल -नगाड़ा और शहनाइयों के बीच भगवा ध्वज लेकर हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर समेत अन्य स्थल पहुंचे। जहां विधिवत पूजा - अर्चना की गई. तत्पश्चात पूरे गांव में नगर भ्रमण करते हुए पूजित अक्षत कलश का श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। इससे पूर्व राम भक्त श्रद्धालु दिगवार काली मंदिर पहुंचे। यहां मंदिर परिसर में रखे गए कलश को पंडित ईश्वर नाथ मिश्रा, देवचरण पांडेय, देवचरण पांडेय ने पूजा- अर्चना करते हुए कलश प्रदान किया। मौके पर वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, मनोज गिरि, दामोदर यादव, पवन यादव, रोशन यादव, विनोद यादव, रामदास यादव, सुरेश यादव, हरिनारायण कुशवाहा, रोहन लाल, संतोष यादव, देवनारायण गिरी, उमाशंकर यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

## खोज प्रतियोगिता में वर्षा प्रथम



रजरप्पा। सीसीएल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा वर्षा रानी विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित 'विद्या भारती प्रतिभा खोज' प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने वर्षा रानी को सम्मानित कर बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना की है। मालूम हो कि 'विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान' प्रत्येक वर्ष पूरे झारखंड के विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए विद्या भारती प्रतिभा खोज एवं प्रतिभा चयन परीक्षा आयोजित करती है। इस उपलब्धि पर वर्षा को विभाग प्रमुख फणीन्द्र नाथ झा, विद्यालय अध्यक्ष उपेंद्र नारायण प्रसाद, सचिव गोपाल नायक, प्राचार्य उमेश प्रसाद सहित सभी समिति सदस्यों एवं आचार्यों ने बधाई दी।

## बरका सयाल में एनसीओआई की बैठक

भुरकुंडा (रामगढ़)। एनसीओईए बरका सयाल एरिया का बैठक बुधवार को रीवर साइड कार्यालय में हुई। बैठक में केंद्र के जन विरोधी निति का विरोध किया गया। एमडीओ और रेवन्यू शेयर पर जानकारी दी गई। भुरकुंडा कोलियरी के हाथीदाडी में मीटिंग किया जायेगा। मौके पर पीडी सिंह, आरएन सिंह, बासुदेव साव, सुशील सिंह, आशिम धर, बिक्रमा सिंह यादव, अशोक बशिष्ट, रविंद्र विश्वकर्मा, राकेश प्रसाद, संजय, गणेश उरांव, मनोज पांडेय, प्रकाश पटेल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## समय पर बनायें कृषक पाठशाला



रामगढ़। नगर परिषद अंतर्गत कैथा में निर्माणाधीन कृषक पाठशाला के कार्य को समय पूरा करने हेतु उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में बुधवार को उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने किया निरीक्षण। उप विकास आयुक्त ने गुणवत्ता के साथ समय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। कृषक पाठशाला के निर्माण के उपरांत रामगढ़ जिला अंतर्गत कृषि, पशुपालन, मत्स्य सहित अन्य सम्बद्ध विभागों के किसानों को बेहतर तरीके से मछली पालन, गाय पालन, बकरी पालन, फलों की खेती आदि करने को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार सिंह, सहायक तकनीकी प्रबंधक रामगढ़ प्रखंड सहित अन्य उपस्थित थे।

# हजारीबाग में महिला गैंग का आतंक

- बाउंड्री तोड़ने, मारपीट करने और गाली गलौज करने की वसूलती हैं मोटी फीस
- केस करने व धमकी देने के लिए अलग है रेट

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग जिला जैसे-जैसे विकास कर रहा है वैसे-वैसे इस शहर में कुरीतिया भी प्रवेश कर रही है। बड़कागांव में कोयला उत्पादन के बाद से शहर का क्राइम ग्राफ काफी बढ़ गया है। जमीन कब्जा, ड्रग्स, लाटरी, शराब जैसे अवैध कार्यों में अचानक बढ़ोतरी हुई है। अब एक दिलचस्प बात देखने में आ रही है। इस जिले में महिलाओ का एक ऐसा गैंग सक्रिय है जो पैसे लेकर अवैध कार्यों में सहयोग कर रही है। इनका हर काम का एक रेट फिक्स है। मसलन जबरदस्ती अगर किसी का जमीन कब्जा करना हो या उक्त जमीन पर बाउंड्री करना हो तो वे अपने गैंग के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर हंगामा करेगी, हाथपायी करेगी और अगर बाउंड्री तोडना हो तो उसे तोड़ भी देंगी। ये लगभग 50 से 100 की संख्या में गंतव्य स्थल तक पहुंचती है। महिला होने के कारण इनपर कोई कार्रवाई भी नहीं कर पता।

अगर कभी मामला हाथापायी तक पहुंच भी जाता है तो ये उसके लिए भी तैयारी कर आती है। सूत्र बताते हैं कि थाने में भी इनकी जबरदस्त पकड़ होती है। कई नेता अधिकारी से इनके बहुत मधुर संपर्क होते है जिसका फायदा ये लोग उठाती है। हाल में ही जिले में ऐसे कई मामलात हुए है जहां इनकी सक्रियता देखी गयी है। ये समूह में निकलती है। आंधी की तरह आती है और कुछ पलो में अपना कार्य कर तूफान की तरह निकल जाती हैं। सूत्र बताते है कि गाली- गलौच करने, धमकी देने, मारकुटाई करने, धरना देने, जमीन कब्जा करने, केस करने इन सब मामलो का अलग-अलग रेट है। जितना पेचीदा केस उतनी मोटी रकम। इन लोगो की सरगना के बारे में बताया जाता है उनकी पहुंच जिले के बड़े माफियाओं, अधिकारियों व नेताओ के साथ है जिसके कारण इनलोगो के खिलाफ कोई चूं तक नहीं करता। हाल के दिनों में इनकी बढ़ती सक्रियता से लोगो में भय का माहौल है।

# विधायक उमाशंकर अकेला ने तीन सड़को का किया शिलान्यास

बरही। विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रखण्ड के तीन सड़को का शिलान्यास किया। शिलान्यास से पहले ग्रामीणों ने पड़रिया में ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। विधायक श्री अकेला ने गूँजरा एवं पडरिया के स्थानीय ग्रामीणों के साथ गूँजरा से पडरिया तक पैदल गए,इस बीच उन्होंने लोगों से संपर्क करते हुए उनकी समस्याओं से अवगत हुए,उन्होंने बरही प्रखण्ड के मलकोको पंचायत के पड़रिया गुजरा मोड़ से मलकोको तक पथ निर्माण, गरजामो बरही बैंक मोड़ विजैया से गरजामो तक पथ निर्माण, बधिया जबाड़ बरही चितरामो पहाड़ से कोल्हुआकला तक पथ निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण कर किया। उक्त सभी सड़क आरईओ विभाग से 11 करोड़ रुपये की प्राक्कलित राशि से एमएस ज्योति इंटरप्राइजेज के द्वारा निर्माण कार्य किया जाना है। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री अकेला ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। हर गांव मुख्य सड़क से कनेक्ट हो इसके लिये वे हमेशा फिक्रमंद हैं। यह दोनों सड़क के निर्माण की मांग वर्षो से लोगों की थी जो आज पूरा हुआ। सड़क निर्माण से ग्रमीणों में हर्ष का माहौल देखा गया। अकेला ने कहा कि गावों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली व पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराना सरकार की पहली प्राथमिकता होने को बताया। जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लेकर अपने समस्याओं को कम करने का प्रयास करना चाहिए। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, मो क्यूम, मलकोको मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, डपोक मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, मुखिया मंगलदेव यादव, प्रदीप मंडल, डोमन पांडेय, छट्टू गोप, अब्दुल मनान वारसी, दसरथ यादव व अन्य मौजूद थे।

## सिक्स लेन निर्माण कंपनी की मनमानी के खिलाफ विधायक आज देंगे धरना

चौपारण। सिक्स लेन निर्माण कंपनी के मनमानी के खिलाफ विधायक का गुस्सा फुटा। वे हजारों लोगों के साथ गुरुवार को देंगे धरना। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव एवं मीडिया प्रभारी मनोज यादव ने बताया कि शैलेन्द्र यादव जिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी हजारीबाग के निर्देशानुसार गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग सिक्स लेन निर्माण कार्य में उदासीनता, जगह जगह अधूरा कार्य छोड़ना, फ्लाई ओवर निर्माण कार्य बंद, हो रही सड़क दुर्घटनाओं के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के द्वारा तय है। जिसमें मुख्य अतिथि उमाशंकर अकेला विधायक सह सभापति निवेदन समिति झारखंड, विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र यादव, जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी हजारीबाग शामिल होंगे। 18 जनवरी को एक दिवसीय धरना प्रखण्ड के पांडेयबारा,में समय 11.00 बजे पूर्वाह्न से होगा। जिसमें प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य, चौपारण एवं बरही, 20 सूत्री अध्यक्ष एवं सदस्यों, विधायक प्रतिनिधि एवं सभी विभागीय प्रतिनिधि, प्रदेश, जिला, प्रखण्ड, एवं बूथ स्तर के पदाधिकारी, सभी मोर्चा के पदाधिकारी एक दिवसीय धरना कार्यक्रम को धार धार बनाएंगे। वहीं विधायक श्री अकेला ने जनता और राहगीरों के परेशानियों को देखते हुए प्रखण्ड के अधिक से अधिक लोगों से भी धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया ताकि जल्द से जल्द सिक्स लेन निर्माण से हो रहे परेशानियों से आम लोगों को निजात मिल सके।

# रजरप्पा : झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



रजरप्पा। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के रामगढ़ जिला कमेटी ने मंगलवार को चितरपुर प्रखंड के बड़ा बाबू को मांग पत्र सौंपा है. मोर्चा ने महामहिम राज्यपाल झारखंड को पत्र लिखा है।

आंदोलनकारियों ने झारखंड आंदोलनकारियों के संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित करने के संबंध में उपायुक्त/ चितरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम मांग पत्र सौंपा है. मांग पत्र में कहा है कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद आंदोलनकारियों की स्थिति हाशिए पर है, संवैधानिक अधिकारों से वंचित हैं। झारखंड अलग राज्य के संवैधानिक मूल्य अधूरे हैं। आंदोलनकारियों के अस्तित्व, अस्मिता, अलग पहचान के सवाल खतरे में है। पत्र में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष कार्तिक महथा का हस्ताक्षर है। मांग पत्र सौंपने वाले में मोर्चा के जगरनाथ महतो एवं गुनी महतो मौजूद थे।

## दूरसंचार समिति के सदस्य बने पंकज



कुजू। संचार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भाजपा युवा प्रदेश नेता पंकज साहा को दूरसंचार सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। भाजपा कार्यकताओं ने उन्हे बधाई दी। बधाई देने वालों में तोकेश सिंह, अशोक कुमार, रतन प्रसाद साहू, रवि साहू, आशीष कुमार, पंचीत महतो, श्रवण कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, यशवंत कुमार, राहुल पटेल, सूरज महतो, टीपू चंद्रपाल, बीरेन्द्र करमाली,मोहित अग्रवाल, ज्ञानी साव आदि शमिल है।

# रामगढ़ में गंगा दौड़ प्रतियोगिता

नदियों व जल स्रोतों में कूड़ा और कचरा न फेंके : डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता




रामगढ़। उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर बुधवार को छत्तरमांडू स्थित व्यवहार न्यायालय रामगढ़ से गंगा दौड़ प्रतियोगिता हुआ। उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर असीम कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मनीष कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी रीना कुजूर, जिला खेल पदाधिकारी मार्कस हेंब्रम, अंचल अधिकारी रामगढ़ सत्येंद्र कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मियों सहित जिलेवासियों ने गंगा दौड़ में भाग लिया। दौड़ भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा से सदर अस्पताल, नगर परिषद कार्यालय, जिला परिषद होते हुए टाउन हॉल से इंडोर स्टेडियम के उपरांत समाहरणालय परिसर में समाप्त हुई। उप विकास आयुक्त ने सभी को नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों के प्रति जानकारी देते हुए सभी से नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने, यत्र तत्र कूड़ा कचरा ना फेंकने, शौचालय का प्रयोग करने, एक बार इस्तेमाल की जाने वाली प्लास्टिक से बने वस्तुओं का प्रयोग न करने आदि की अपील की।

## भुरकुंडा : श्री अग्रसेन स्कूल में सड़क सुरक्षा को लेकर नाटक का आयोजन



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बुधवार को सड़क जागरूकता कार्यक्रम हुआ। विद्यालय परिवार ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। बच्चों ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नाटक का मंचन किया। बच्चों ने सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक सावधानियां और दुर्घटना के कारणों की जानकारी देते हुए अपने अभिभावकों को भी जागरूक करने का संदेश दिया। निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण सड़क पर लापरवाही व यातायात नियमों की अवहेलना है। बच्चों में बचपन से जो संस्कार के बीज रोपे जाते हैं, वह जीवन भर काम आते हैं। इसलिए बच्चों में सड़क पर सुरक्षित व्यवहार का संस्कार शुरू से भरने की जरूरत है। बच्चे अगर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होंगे तो वह अपने अभिभावकों को भी नियमों के प्रति प्रेरित करेंगे। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना को नियंत्रित करने के लिए नियमों का पालन करें। नियमों का अनुपालन किसी दण्ड के भय से नहीं, बल्कि स्वयं की सुरक्षा और दायित्व के ख्याल से करना चाहिए। हमें कानून सम्मत उम्र से पहले वाहन नहीं चलाना चाहिए।

# ज्ञान ज्योति केंद्र स्कूल चिकोर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

- पढ़ाई के साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाना विद्यालय का मुख्य उद्देश्य : धनुकधारी महतो



भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर क्षेत्र के ज्ञान ज्योति केंद्र स्कूल चिकोर में मंगलवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुआ। दौड़ का शुभारंभ स्कूल के निदेशक धनुकधारी महतो ने हरि झंडी दिखाकर और विसिल बजाकर किया। दौड़ में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। दौड़ स्कूल से निम्मी गांव तक 8 किलोमीटर तक हुई। जिसमें छात्रों में प्रथम अंकित दांगी, द्वितीय आशीष कुमार, तृतीय प्रिंस कुमार बेदिया, चतुर्थ शुभम उरांव और आदित्य उरांव ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्राओं में प्रथम सोनी कुमारी, खुशबू कुमारी, द्वितीय सुशीला कुमारी, तृतीय कल्पना कुमारी, चतुर्थ रुखसार परवीन और पांचवा स्थान सुप्रिया ने प्राप्त किया। मौके पर निदेशक धनुकधारी महतो ने बताया कि स्कूल में हर वर्ष खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलकूद जरूरी है। बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का उद्देश्य है। निदेशक श्री महतो ने कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाना के प्रति विद्यालय प्रबंधन कटिबद्ध है।

प्रतियोगिता में तीन पैर दौड़, बिस्कुट रेस, कबड्डी, रस्सा-कस्सी, लंबी कूद, ऊंची कूद, दौड़ सहित अन्य खेलकूद होंगे। सफल प्रतिभागियों को गणतंत्र दिवस के दिन पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्राचार्य बिरेंद्र सिंह, दीपक मुखर्जी, शेखर कुमार, राजेंद्र शर्मा, रुपेश यादव, किशोर यादव, अभिषेक गिरी, नेहा, गंगा कुमारी, तनु कुमारी, जूही परवीन, कास्मिन परवीन, गुनगुन कुमारी, मुस्कान परवीन, नीलम सहित अन्य जुटे थे।

एक नजर में

## केरेडारी में बीजीआर कंपनी पर फायरिंग

केरेडारी। केरेडारी कोयला खनन परियोजना एनटीपीसी के आउटसोर्सिंग कंपनी बीजीआर कंपनी पाण्डु में मंगलवार देर रात अज्ञात अपराधियों द्वारा कई राउंड फायरिंग होने से लोगों में दहशत का माहौल बन गया है।वही ड्राइवर के साथ मार पीट भी किया गया है, घटना बीते रात लगभग 10 बजे घटी है। जनकारी मुताबिक घटना माइंस के अंदर घटी है। घटना के बाद लगभग चार घटा माइस बंद हुआ। जिसके बाद पुनः चालू कर दिया गया। इस घटना के बाद सूचना मिलने पर स्थानीय थाना समेत कई पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए।घटना किसके द्वारा किया गया जांच पड़ताल की जा रही है। वही कम्पनी के एक अधिकारी ने बताया कि घटना घटी है। इसकी जांच प्रशासन द्वारा की जा रही है। घटना के बाद माइस लगभग 4 से पांच घण्टा बंद रहा उसके बाद पुनः चालू करने के बाद भी कंपनी काम कर रहे मजदूरों में दहशत का माहौल है ।

## रामभक्तों ने किया अक्षत का वितरण

टाटीझरिया। अयोध्या जाने का न्योता बांटने के उद्देश्य से खंभवा और बांडीह के रामभक्त बुधवार को शोभा यात्रा निकाले। शोभा यात्रा खंभवा देवी मंदिर से पूजा -अर्चना ,आरती करने के बाद निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में महिला -पुरुष और बच्चे जय श्रीराम,जय हनुमान के जयकारे के साथ यात्रा में चल रहे थे। देवी मंदिर से खंभवा शिवमंदिर होते हुए बांडीह होते हुए खंभवा सूर्यमंदिर तक जाने के बाद वहां भी प्रसाद वितरण के बाद यात्रा समाप्त की गई। इस क्रम में रामभक्त गांव की गलियों से गुजरते हुए मेरे झोपड़ी में राम आयेंगे के गीतों पर झूमते चल रहे थे। सभी के हाथों में भगवा झंडा,माथे पर पट्टी बांधे चल रहे थे। सूर्य मंदिर परिसर में ही सबों को अयोध्या पूजित अक्षत हाथ में दिया गया।यात्रा में मिथिलेश कुमार पाठक,कैलाशपति सिंह,ब्रजनंदन पाठक,इंद्रदेव यादव,प्रकाश प्रजापति,अंजेश यादव,प्रदीप सिंह,अरुण सिंह,प्रदीप कुमार सिंह,उपेंद्र सिंह,गणेश गोप,दिना गोप,ब्रजकिशोर सिंह,रवि सिंह समेत सैकड़ों भक्त शामिल थे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

चरही। ठंड को को देखते हुए जमात-ए-इस्लामी संगठन की आजाद नगर कजरी शाखा के द्वारा सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर प्रोजेक्ट के तहत मोहल्ले में शिविर आयोजन किया गया।जरूरतमंद बुजुर्गों और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।जमात-ए- इस्लामी आजाद नगर कजरी शाखा के अमीर मुमताज सफीउर्रहमान ने बताया कि जमात के द्वारा मुहल्लाह लोगों के बीच बीस कंबल का वितरण किया गया।आगे कहा की हमारी संस्था का उद्देश्य सभी वर्ग के निर्धन लोगों को हर विकट परिस्थितियों में मानव सेवा करना एक प्रमुख कार्य है।जमात के द्वारा कंबल वितरण,भोजन वितरण,आपदा रिलीफ,अल्पसंख्यक छात्रवृति सहित कई सामाजिक कार्य समय-समय पर किये जाते रहे हैं। इस मौके पर हैदर अली,गुलाम रब्बानी,मुबारक हुसैन, अब्दुल कादिर जिलानी सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## दारू के हरली में डाक मेला आयोजित

दारू। दारू प्रखंड अंतर्गत हरली पंचायत हरली पेटो डाकघर में भारतीय डाक विभाग द्वारा डाक मेला का आयोजन किया गया । मेले का उद्घाटन सहायक डाक अधीक्षक विकास रंजन डाक अधिदर्शक राजीव कश्यप एवं उप डाकपाल दारू रामाशय प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दीपप्रवज्जलित कर किया गया। सहयक डाक अधीक्षक ने बताया कि भारतीय डाक आज सिर्फ आर्टिकल की बुकिंग या वितंरण तक ही सीमित नही है बल्कि सुकन्या समृद्धि खाता,रेकरिंग डिजिटल खाता फिक्सीड डिपॉजिट खाता एवं महिला सम्मान बचत खाता के द्वारा लोगो को लघु बचत की सुविधा तथा अधिकतम ब्याज दे रहे है । डाक बीमा योजना एवं ग्रामीण डाक बीमा योजना के माध्यम से लोगो को बीमा योजना न्यूनतम प्रीमियम पर अधिकतम बोनस की सुविधा प्रदान कर रहा है । सरकार द्वारा स्कॉलरशिप , विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन , पीएम किसान, गैस सब्सिडी आदि का भुगतान डाकघर में आधार , मोबाइल अपडेशन एवं 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का मुफ्त में आधार एनरोलमेंट की सुविधा उपलब्ध है । इस मौके पर मुख्यरूप से सेंट्रल सब डिवीजन के डाक अधिदर्शक राजीव कश्यप , शाखा डाकपाल सुषमा कुमारी, अभिमन्यु कुमार गुप्ता , अंकित आदर्श, छोटीलाल मेहता, चांदनी शेखर,अनु कुमारी,आभा गोलोरी,प्रदीप कुमार एवम दारू डाक कर्मचारी के साथ साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## मुखिया प्रतिनिधि ने गरीबों को दिया कंबल

बरही। अंतर्गत ग्राम पंचायत डपोक के गरजामो में लगभग 35 गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लाभुकों के बीच कम्बल का वितरण किया।उक्त जानकारी मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास ने दिया। उन्होंने बताया की पंचायत में अब तक कुल 180 लोगो के बीच कंबल वितरण किया जा चुका है। आगे अन्य छूटे लोगो के लिए भी प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि मानव सेवा सभी धर्मो का आधार है।बताया कि भगवत भजन आस्था का विषय है।परन्तु गरीबो के बीच जरूरत की वस्तुओं वितरण करना, प्यासे को पानी पिलाना,एवं भूखे को खाना किसान एक बहुत बड़ा पुण्य का काम है।इसलिए हमसभी को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उन्हें जरूरत के समय उपलब्ध होना चाहिए।सरकार ने भी अपनी योजनाओं को सही समय पर लोगों को लाभ पहचानें का कार्य किया है कि इस कड़कड़ाते ठंड में गरीबों को कम्बल वितरण की जिम्मेवारी को ईमानदारी से निभाया है।उन्होंने लोगों को ठंड से बचने के लिए सभी जरूरी एहतियात बरतने की सलाह दी। उन्होंने लोगों को अपनी ओर से हरसंभव सहयोग का भी भरोसा दिलाया।

## अवैध निर्माण पर जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

हजारीबाग। सदर अंचल अन्तर्गत मौजा-नवडीहा, थाना संख्या-162, खाता संख्या-47, प्लॉट संख्या-970, रकवा-14.18 एकड़ तथा प्लॉट संख्या-1092, रकवा-6.90 एकड़ गैरमजरूआ खास एवं प्रतिबंधित सूची के अन्तर्गत सरकारी भूमि पर 20-25 व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर अवैध निर्माण किए जाने की सूचना पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने संज्ञान लेते हुए सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण एवं उसे अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए तीन दण्डाधिकारीयों जिसमें सीओ सदर शशि भूषण सिंह, सीओ इचाक मनोज कुमार महथा एवं सीओ कटकमसांडी अनिल कुमार सहित 100 की संख्या में जिसमें 60 पुरुष एवं 40 महिला सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर कारवाई को अंजाम देने का निर्देश दिया था। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों ने आज पूरे दल बल के साथ 17 जनवरी को यह कारवाई सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ की जिसे शाम 2 बजे तक अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी भी इस अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में शामिल थे। उपायुक्त ने बताया कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण करने वालों पर जिला प्रशासन सख्ती से कारवाई करेगी। ग्रामिणों ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस जमीन से संबंधित झारखंड उच्च न्यायालय ने वर्ष 2023 में सरकारी जमीन से मुक्त कराते हुए सरकार द्वारा लगा प्रतिबंधित बोर्ड हटाने का आदेश लिया है। उसके बाद भी आज सीओ मनमानी कर रहे है। सरकार को दोहरी नीति के विरुद्ध न्यायालय जाएगे।

## राममय हुआ हजारीबाग : मनीष जायसवाल

हजारीबाग। विधायक मनीष जायसवाल ने बुधवार को कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम गदोखर के प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में पहुंचकर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया। जायसवाल ने झाडू लगाया और मंदिर में लगे झोल को साफ किया। अयोध्या ने राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर 22 जनवरी को हजारीबाग में भी ऐतिहासिक रूप से इसे रामोत्सव के रूप में मनाने का अपील ग्रामीणों से किया। ठंड के वाबजूद ग्रामीण विधायक के स्वागत को आतुर दिखे और पूरे गांव के लोग एकजुट होकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान जय श्री राम के नारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा । जायसवाल ने बताया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हजारीबाग में विशेष उत्साह लोगों में देखा जा रहा है। पूरा क्षेत्र राममय हो चुका है। मौके पर विशेष रूप से कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, गदोखर मुखिया नारायण साव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# देश के हर क्षेत्र में राम के पद चिन्हों का प्रमाण है



**सोशल** मीडिया पर भगवान राम को लेकर एक मैसेज इन दिनों काफी चर्चा में है। फेसबुक पर शेयर हो रहे इस पोस्ट में बताया गया है कि दशहरे के 21 दिन बाद ही दिवाली इसलिए मनाई जाती है, क्योंकि दशहरे के दिन रावण को मारने के बाद भगवान राम पैदल अयोध्या लौटे थे। श्रीलंका से अयोध्या पहुंचने में भगवान राम को 21 दिन लगे थे। इस पोस्ट में गूगल मैप का एक फोटो भी शेयर किया जा रहा है।

गूगल मैप का एक फोटो भी शेयर किया जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि श्रीलंका से अयोध्या की दूरी 2586 किमी है। इस दूरी को अगर पैदल तय किया जाए तो उसमें भी 21 दिन (514घंटे) लगेंगे। यानी रोजाना करीब 123 किमी चलना पड़ेगा। मतलब हर घंटे पांच किमी चलना पड़ेगा, वो भी बिना रुके। यह मैसेज फेसबुक के अलावा वॉट्सऐप पर भी काफी शेयर हो रहा है।

### गूगल पर राम का यह रूट बताया गया है

श्रीलंका में: गूगल पर यह रूट श्रीलंका के डमबुल्ला के चांदना से शुरू होता है। यहां से किंबिसा, गलकुलामा, मिहिंटाले, मेडवाछिया होते हुए तलाईमन्नार तक पहुंचता है। इसके बाद वहां से समुद्र के जरिए रामेश्वरम पहुंचता है।

भारत में: यह रामेश्वरम से कुंबोकोणम, कांचीपुरम, तिरुपति, नेल्लोर, ओंगले और सूयार्पेट पहुंचता है। वहां से महाराष्ट्र के चंद्रपुर, नागपुर होते हुए एमपी के सिवनी, जबलपुर, कटनी, रीवा पहुंचता है। इसके बाद यूपी के इलाहाबाद, सारोन, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, रेहट होते हुए अयोध्या जाता है।

### प्रभु श्रीराम से जुड़े कुछ अन्य रहस्य

कौन थीं भगवान राम की बहन

दुनियाभर में 300 से ज्यादा रामायण प्रचलित हैं। उनमें वाल्मीकि रामायण, कंबन रामायण और रामचरित मानस, अद्भुत रामायण, अध्यात्म रामायण और आनंद रामायण की चर्चा ज्यादा होती है। उक्त रामायण का अध्ययन करने पर हमें रामकथा से जुड़े कई नए तथ्?यों की जानकारी मिलती है। इसी तरह अगर दक्षिण की रामायण की मानें तो भगवान राम की एक बहन भी थीं, जो उनसे बड़ी थी।

अब तक आप सिर्फ यही जानते आए हैं कि राम के तीन भाई लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न थे, लेकिन राम की बहन के बारे में कम लोग ही जानते हैं। बहुत दुखभरी कथा है राम की बहन की, लोग उनकी सच्चाई जानेंगे तो राम को कठोर दिल वाला मानेंगे और दशरथ को स्वार्थी। आओ जानते हैं कि राम की यह बहन कौन थीं। इसका नाम क्या था और यह कहां रहती थी।

श्रीराम की दो बहनें भी थी एक शांता और दूसरी कुकबी। हम यहां आपको शांता के बारे में बताएंगे। दक्षिण भारत की रामायण के अनुसार राम की बहन का नाम शांता था, जो चारों भाइयों से बड़ी थीं। शांता राजा दशरथ और कौशल्या की पुत्री थीं, लेकिन पैदा होने के कुछ वर्षों बाद कुछ कारणों से राजा दशरथ ने शांता को अंगदेश के राजा रोमपद को दे दिया था।

भगवान राम की बड़ी बहन का पालन-पोषण राजा रोमपद और उनकी पत्नी वर्षिणी ने किया, जो महारानी कौशल्या की बहन अर्थात राम की मौसी थीं।

### इस संबंध में तीन कथाएं हैं:

पहली कथा : वर्षिणी निःसंतान थीं तथा एक बार अयोध्या में उन्होंने हंसी-हंसी में ही बच्चे की मांग की। दशरथ भी मान गए। रघुकुल का दिया गया वचन निभाने के लिए शांता अंगदेश की राजकुमारी बन गईं। शांता वेद, कला तथा शिल्प में पारंगत थीं और वे अत्यधिक सुंदर भी थीं।

दूसरी कथा : लोककथा अनुसार शांता जब पैदा हुई, तब अयोध्या में अकाल पड़ा और 12 वर्षों तक धरती धूल-धूल हो गई। चिंतित राजा को सलाह दी गई कि उनकी पुत्री शांता ही अकाल का कारण है। राजा दशरथ ने अकाल दूर करने के लिए अपनी पुत्री शांता को वर्षिणी को दान कर दिया। उसके बाद शां?ता कभी अयोध्?या नहीं आई। कहते हैं कि दशरथ उसे अयोध्या बुलाने से डरते थे इसलिए कि कहीं फिर से अकाल नहीं पड़ जाए।

तीसरी कथा : कुछ लोग मानते थे कि राजा दशरथ ने शां?ता को सिर्फ इसलिए गोद दे दिया था, क?योंकि वह लड़की होने की वजह से उनकी उत?तराधिकारी नहीं बन सकती थीं।

राजा दशरथ और इनकी तीनों रानियां इस बात को लेकर चिंतित रहती थीं कि पुत्र नहीं होने पर उत्तराधिकारी कौन होगा। इनकी चिंता दूर करने के लिए ऋषि वशिष्ठ सलाह देते हैं कि आप अपने दामाद ऋंग ऋषि से पुत्रेष्ठि यज्ञ करवाएं। इससे पुत्र की प्राप्ति होगी।

दशरथ ने उनके मंत्री सुमंत की सलाह पर पुत्रकामेष्ठि यज्ञ में महान ऋषियों को बुलाया। इस यज्ञ में दशरथ ने ऋंग ऋषि को भी बुलाया। ऋंग ऋषि एक पुण्य आत्मा थे तथा जहां वे पांव रखते थे वहां यश होता था। सुमंत ने ऋंग को मुख्य ऋत्विक बनने के लिए कहा। दशरथ ने आयोजन करने का आदेश दिया। पहले तो ऋंग ऋषि ने यज्ञ करने से इंकार किया लेकिन बाद में शांता के कहने पर ही ऋंग ऋषि राजा दशरथ के लिए पुत्रेष्ठि यज्ञ करने के लिए तैयार हुए थे। लेकिन दशरथ ने केवल ऋंग ऋषि (उनके दामाद) को ही आमंत्रित किया लेकिन ऋंग ऋषि ने कहा कि मैं अकेला नहीं आ सकता। मेरी पत्नी शांता को भी आना पड़ेगा। ऋंग ऋषि की यह बात जानकर राजा दशरथ विचार में पड़ गए, क्योंकि उनके मन में अभी तक दहशत थी कि कहीं शांता के अयोध्या में आने से फिर से अकाल नहीं पड़ जाए।

लेकिन जब पुत्र की कामना से पुत्र कामेष्ठि यज्ञ के दौरान उन्होंने अपने दामाद ऋंग ऋषि को बुलाया, तो दामाद ने शांता के बिना आने से इंकार कर दिया।

तब पुत्र कामना में आतुर दशरथ ने संदेश भिजवाया कि शांता भी आ जाए। शांता तथा ऋंग ऋषि अयोध्या पहुंचे। शांता के पहुंचते ही अयोध्या में वर्षा होने लगी और फूल बरसने लगे। शांता ने दशरथ के चरण स्पर्श किए। दशरथ ने आश्चर्यचकित होकर पूछा कि ह्यहे देवी, आप कौन हैं? आपके पांव रखते ही चारों ओर वसंत छा गया है।ह्न जब माता-पिता (दशरथ और कौशल्या) विस्मित थे कि वो कौन है? तब शांता ने बताया कि वो उनकी पुत्री शांता है। दशरथ और कौशल्या यह जानकर अधिक प्रसन्न हुए। वर्षों बाद दोनों ने अपनी बेटी को देखा था।

दशरथ ने दोनों को ससम्मान आसन दिया और उन दोनों की पूजा-आरती की। तब ऋंग ऋषि ने पुत्रकामेष्ठि यज्ञ किया तथा इसी से भगवान राम तथा शांता के अन्य भाइयों का जन्म हुआ। - सत्यसाई बाबा।

कहते हैं कि पुत्रेष्ठि यज्ञ कराने वाले का जीवनभर का पुण्य इस यज्ञ की आहुति में नष्ट हो जाता है। इस पुण्य के बदले ही राजा दशरथ को पुत्रों की प्राप्ति हुई। राजा दशरथ ने ऋंग ऋषि को यज्ञ करवाने के बदले बहुत-सा धन दिया जिससे ऋंग ऋषि के पुत्र और कन्या का भरण-पोषण हुआ और यज्ञ से प्राप्त खीर से राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। ऋंग ऋषि फिर से पुण्य अर्जित करने के लिए वन में जाकर तपस्या करने लगे।

जनता के समक्ष शान्ता ने कभी भी किसी को नहीं पता चलने दिया कि वो राजा दशरथ और कौशल्?या की पुत्री हैं। यही कारण है कि रामायण या रामचरित मानस में उनका खास उल्लेख नहीं मिलता है।

कहते हैं कि जीवनभर शांता राह देखती रही अपने भाइयों की कि वे कभी तो उससे मिलने आएंगे, पर कोई नहीं गया उसका हाल-चाल जानने। मयार्दा पुरुषोत्तम भी नहीं, शायद वे भी रामराज्य में अकाल पड़ने से डरते थे।

कहते हैं कि वन जाते समय भगवान राम अपनी बहन के आश्रम के पास से भी गुजरे थे। तनिक रुक जाते और बहन को दर्शन ही दे देते। बिन बुलाए आने को राजी नहीं थी शांता। सती माता की कथा सुन चुकी थी बचपन में, दशरथ से। ऐसा माना जाता है कि ऋंग ऋषि और शांता का वंश ही आगे चलकर सेंगर राजपूत बना। सेंगर राजपूत को ऋंगवंशी राजपूत कहा जाता है।

# दुनिया में भगवान राम पर लिखे गए सबसे ज्यादा ग्रंथ

सीता 2 वर्ष तक रावण की अशोक वाटिका में बंधक बनकर रहीं लेकिन इस दौरान रावण ने सीता को छुआ तक नहीं। इसका कारण था कि रावण को स्वर्ग की अप्सरा ने यह शाप दिया था कि जब भी तुम किसी ऐसी स्त्री से प्रणय करोगे, जो तुम्हें नहीं चाहती है तो तुम तत्काल ही मृत्यु को प्राप्त हो जाओगे अतः रावण किसी भी स्त्री की इच्छा के बगैर उससे प्रणय नहीं कर सकता था। सीता को मुक्त करने के बाद समाज में यह प्रचारित है कि अग्निपरीक्षा के बाद राम ने प्रसन्न भाव से सीता को ग्रहण किया और उपस्थित समुदाय से कहा कि उन्होंने लोक निंदा के भय से सीता को ग्रहण नहीं किया था। किंतु अब अग्निपरीक्षा से गुजरने के बाद यह सिद्ध होता है कि सीता पवित्र है, तो अब किसी को इसमें संशय नहीं होना चाहिए। लेकिन इस अग्निपरीक्षा के बाद भी जनसमुदाय में तरह-तरह की बातें बनाई जाने लगीं, तब राम ने सीता को छोड़ने का मन बनाया। यह बात उत्तरकांड में लिखी है। यह मूल रामायण में नहीं है।

### राजा राम या भगवान


हिन्दू धर्म के आलोचक खासकर राम की जरूर आलोचना करते हैं, क्योंकि उन्हें मालूम है कि राम हिन्दू धर्म का सबसे मजबूत आधार स्तंभ है। इस स्तंभ को गिरा दिया गया तो हिन्दुओं को धर्मांतरित करना और आसान हो जाएगा। इसी नीति के चलते तथाकथित धर्मनिरपेक्ष ताकतों के साथ मिलकर राम को एक सामान्य पुरुष घोषित करने की साजिश की जाती रही है। वे कहते हैं कि राम कोई भगवान नहीं थे, वे तो महज एक राजा थे। उन्होंने समाज और धर्म के लिए क्या किया? वे तो अपनी स्त्री के लिए रावण से लड़े और उसे उसके चंगुल से मुक्त कराकर लाए। इससे वे भगवान कैसे हो गए? भगवान राम को ह्यमयार्दा पुरुषोत्तमह्न कहा गया है अर्थात पुरुषों में सबसे श्रेष्ठ उत्तम पुरुष। अपने वनवास के दौरान उन्होंने देश के सभी आदिवासी और दलितों को संगठित करने का कार्य किया और उनको जीवन जीने की शिक्षा दी। इस दौरान उन्होंने सादगीभरा जीवन जिया। उन्होंने देश के सभी संतों के आश्रमों को बर्बर लोगों के आतंक से बचाया। इसका उदाहरण सिर्फ रामायण में ही नहीं, देशभर में बिखरे पड़े साक्ष्यों में आसानी से मिल जाएगा।

### दुनिया में भगवान राम पर लिखे गए सबसे ज्यादा ग्रंथ

रामायण को वा?ल्मीकि ने भगवान राम के काल में ही लिखा था इसीलिए इस ग्रंथ को सबसे प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है। यह मूल संस्कृत में लिखा गया ग्रंथ है। रामचरित मानस को गोस्वामी तुलसीदासजी ने लिखा जिनका जन्म संवत? 1554 को हुआ था। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना अवधी भाषा में की। कितनी रामायण? एक लिस्ट तमिल भाषा में कम्बन रामायण, असम में असमी रामायण, उड़िया में विलंका रामायण, कन्नड़ में पंप रामायण, कश्मीर में कश्मीरी रामायण, बंगाली में रामायण पांचाली, मराठी में भावार्थ रामायण। कंपूचिया की रामकेर्ति या रिआमकेर रामायण, लाओस फ्रलक-फ्रलाम (रामजातक), मलेशिया की हिकायत सेरीराम, थाईलैंड की रामकियेन और नेपाल में भानुभक्त कृत रामायण आदि प्रचलित हैं। इसके अलावा भी अन्य कई देशों में वहां की भाषा में रामायण लिखी गई है।

### भगवान राम के काल के महत्वपूर्ण लोग

गुरु वशिष्ठ और ब्रह्माजी की अनुशंसा पर ही प्रभु श्रीराम को विष्णु का अवतार घोषित किया गया था। राम के काल में उस वक्त विश?वामित्र से वशिष्ठ की अड़ी चलती रहती थी। उनके काल में ही भगवान परशुराम भी थे। उनके काल के ही एक महान ऋषि वाल्मीकि ने उन पर रामायण लिखी। भगवान राम की वंश परंपरा राम ने सीता को रावण के चंगुल से छुड़ाने के लिए संपाति, जटायु, हनुमान, सुग्रीव, विभीषण, मैन्द, द्विविद, जाम्बवंत, नल, नील, तार, अंगद, धूम्र, सुषेण, केसरी, गज, पनस, विनत, रम्भ, शरभ, महाबली कंपन (गवाक्ष), दधिमुख, गवय और गन्धमादन आदि की सहायता ली। राम के काल में पाताल लोक का राजा था अहिरावण। अहिरावण राम और लक्ष्मण का अपहरण करके ले गया था। राम के काल में राजा जनक थे, जो उनके श्वसुर थे। जनक के गुरु थे ऋषि अष्टावक्र। जनक-अष्टावक्र संवाद को महागीता के नाम से जाना जाता है। राम परिवार : दशरथ की 3 पत्नियां थीं- कौशल्या, सुमित्रा और कैकयी। राम के 3 भाई थे- लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न। राम कौशल्या के पुत्र थे। सुमित्रा के लक्ष्मण और शत्रुघ्न दो पुत्र थे। कैकयी के पुत्र का नाम भरत था।



लक्ष्मण की पत्नी का नाम उर्मिला, शत्रुघ्न की पत्नी का नाम श्रुतकीर्ति और भरत की पत्नी का नाम मांडवी था। सीता और उर्मिला राजा जनक की पुत्रियां थीं और मांडवी और श्रुत?कीर्ति कुशध्वज की पुत्रियां थीं। लक्ष्मण के अंगद तथा चंद्रकेतु नामक 2 पुत्र थे तो राम के लव और कुश। महत्वपूर्ण घटनाक्रम : गुरु वशिष्ठ से शिक्षा-दीक्षा लेना, विश्वामित्र के साथ वन में ऋषियों के यज्ञ की रक्षा करना और राक्षसों का वध, राम स्वयंवर, शिव का धनुष तोड़ना, वनवास, केवट से मिलन, लक्ष्मण द्वारा सूर्पणखा (वज्रमणि) की नाक काटना, खर और दूषण का वध, लक्ष्मण द्वारा लक्ष्मण रेखा खींचना, स्वर्ण हिरण-मारीच का वध, सीताहरण, जटायु से मिलन। इसके अलावा कबन्ध का वध, शबरी से मिलन, हनुमानजी से मिलन, सुग्रीव से मिलन, दुंदुभि और बाली का वध, संपाति द्वारा सीता का पता बताना, अशोक वाटिका में हनुमान द्वारा सीता को राम की अंगूठी देना, हनुमान द्वारा लंकादहन, सेतु का निर्माण, लंका में रावण से युद्ध, लक्ष्मण का मूर्छित होना, हनुमान द्वारा संजीवनी लाना और रावण का वध, पुष्पक विमान से अयोध्या आगमन।

### वनवास के दौरान प्रभु राम कहां-कहां रहे?

रामायण में उल्लेखित और अनेक अनुसंधानकताओं के अनुसार जब भगवान राम को वनवास हुआ, तब उन्होंने अपनी यात्रा अयोध्या से प्रारंभ करते हुए रामेश्वरम और उसके बाद श्रीलंका में समाप्त की। इस दौरान उनके साथ जहां भी जो घटा, उनमें से 200 से अधिक घटनास्थलों की पहचान की गई है। जाने-माने इतिहासकार और पुरातत्वशास्त्री अनुसंधानकर्ता डॉ. राम अवतार ने श्रीराम और सीता के जीवन की घटनाओं से जुड़े ऐसे 200 से भी अधिक स्थानों का पता लगाया है, जहां आज भी तत्संबंधी स्मारक स्थल विद्यमान हैं, जहां श्रीराम और सीता रुके या रहे थे। वहां के स्मारकों, भित्तिचित्रों, गुफाओं आदि स्थानों के समय-काल की जांच-पड़ताल वैज्ञानिक तरीकों से की।

लव और कुश

भरत के दो पुत्र थे- तार्क्ष और पुष्कर। लक्ष्मण के पुत्र- चित्रांगद और चन्द्रकेतु और शत्रुघ्न के पुत्र सुबाहु और शूरसेन थे। मथुरा का नाम पहले शूरसेन था। लव और कुश राम तथा सीता के जुड़वां बेटे थे। जब राम ने वानप्रस्थ लेने का निश्चय कर भरत का राज्याभिषेक करना चाहा तो भरत नहीं माने। अतः दक्षिण कोसल प्रदेश (छत्तीसगढ़) में कुश और उत्तर कोसल में लव का अभिषेक किया गया। राम के काल में भी कोशल राज्य उत्तर कोशल और दक्षिण कोशल में विभाजित था। कालिदास के रघुवंश अनुसार राम ने अपने पुत्र लव को शरावती का और कुश को कुशावती का राज्य दिया था। शरावती को श्रावस्ती मानें तो निश्चय ही लव का राज्य उत्तर भारत में था और कुश का राज्य दक्षिण कोसल में। कुश की राजधानी कुशावती आज के बिलासपुर जिले में थी। कोसला को राम की माता कौशल्या की जन्मभूमि माना जाता है। रघुवंश के अनुसार कुश को अयोध्या जाने के लिए विंध्याचल को पार करना पड़ता था इससे भी सिद्ध होता है कि उनका राज्य दक्षिण कोसल में ही था। राजा लव से राघव राजपूतों का जन्म हुआ जिनमें बर्गुजर, जयास और सिकरवारों का वंश चला।

इसकी दूसरी शाखा थी सिसोदिया राजपूत वंश की जिनमें बैछला (बैसला) और गैहलोत (गुहिल) वंश के राजा हुए। कुश से कुशवाह (कछवाह) राजपूतों का वंश चला। ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार लव ने लवपुरी नगर की स्थापना की थी, जो वर्तमान में पाकिस्तान स्थित शहर लाहौर है। यहां के एक किले में लव का एक मंदिर भी बना हुआ है। लवपुरी को बाद में लौहपुरी कहा जाने लगा। दक्षिण-पूर्व एशियाई देश लाओस, थाई नगर लोबपुरी, दोनों ही उनके नाम पर रखे गए स्थान हैं। राम के दोनों पुत्रों में कुश का वंश आगे बढ़ा तो कुश से अतिथि और अतिथि से, निषधन से, नभ से, पुण्डरीक से, क्षेमन्धवा से, देवानीक से, अहीनक से, रुरु से, पारियात्र से, दल से, छल से, उक्थ से, वज्रनाभ से, गण से, व्युषिताश्व से, विश्वसह से, हिरण्यनाभ से, पुष्य से, ध्रुवसंधि से, सुदर्शन से, अग्रिवर्ण से, पद्मवर्ण से, शीघ्र से, मरु से, प्रयुश्रुत से, उदावसु से, नंदिवर्धन से, सकेतु से, देवरात से, बृहदुक्थ से, महावीर्य से, सुधृति से, धृष्टकेतु से, हर्यव से, मरु से, प्रतीन्धक से, कुतिरथ से, देवमीढ़ से, विबुध से, महाधृति से, कीर्तिरात से, महारोमा से, स्वर्णरोमा से

और स्वरोमा से सीरध्वज का जन्म हुआ। कुश वंश के राजा सीरध्वज को सीता नाम की एक पुत्री हुई। सूर्यवंश इसके आगे भी बढ़ा जिसमें कृति नामक राजा का पुत्र जनक हुआ जिसने योग मार्ग का रास्ता अपनाया था। कुश वंश से ही कुशवाह, मौर्य, सैनी, शाक्य संप्रदाय की स्थापना मानी जाती है। एक शोधानुसार लव और कुश की 50वीं पीढ़ी में शल्य हुए, ?जो महाभारत युद्ध में कौरवों की ओर से लड़े थे। यह इसकी गणना की जाए तो लव और कुश महाभारतकाल के 2500 वर्ष पूर्व से 3000 वर्ष पूर्व हुए थे अर्थात आज से 6,500 से 7,000 वर्ष पूर्व। इसके अलावा शल्य के बाद बहत्क्षय, ऊरुक्षय, बत्सद्रोह, प्रतिव्योम, दिवाकर, सहदेव, ध्रुवाश्च, भानुरथ, प्रतीताश्व, सुप्रतीप, मरुदेव, सुनक्षत्र, किन्नराश्रव, अन्तरिक्ष, सुषेण, सुमित्र, बृहद्रज, धर्म, कृतज्जय, व्रात, रणज्जय, संजय, शाक्य, शुद्धोधन, सिद्धार्थ, राहुल, प्रसेनजित, क्षुद्रक, कुलक, सुरथ, सुमित्र हुए।

# राम शबरी के, राम गिद्धराज के राम निसाद राज के, राम सबके




भये प्रगट कृपाला...

मनोज शर्मा

**राम** सिर्फ एक नाम नहीं हैं। राम हिन्दुस्तान की सांस्कृतिक विरासत हैं राम हिन्दुओं की एकता और अखंडता का प्रतीक हैं। राम सनातन धर्म की पहचान है। लेकिन आज हिन्दु धर्म के ही कुछ लोगों ने राम को राजनीति का साधन बना दिया है। अपनी ही सांस्कृतिक विरासत पर सवाल उठाते हैं। राम के अस्तित्व का प्रमाण मांगते हैं। राम सिर्फ दो अक्षर का नाम नहीं, राम तो प्रत्येक प्राणी में रमा हुआ है, राम चेतना और सजीवता का प्रमाण है। अगर राम नहीं तो जीवन मरा है। इस नाम में वो ताकत है कि मरा-मरा करने वाला राम-राम करने लगता है। इस ना में वो शक्ति है जो हजारों-लाखों मंत्रों के जाप में भी नहीं है। आइए इस राम नाम की शक्ति को जानिए-

हिन्दू धर्म भगवान विष्णु के दशावतार (दस अवतारों) का उल्लेख है। राम भगवान विष्णु के सातवें अवतार माने जाते हैं। मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध और कल्कि।

राम का जीवनकाल एवं पराक्रम महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित संस्कृत महाकाव्य रामायण के रूप में लिखा गया है बाद में तुलसीदास ने भी भक्ति काव्य श्री रामचरितमानस की रचनाकर राम को आदर्श पुरुष बताया। राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था।

भगवान राम आदर्श व्यक्तित्व के प्रतीक हैं। परिदृश्य अतीत का हो या वर्तमान का, जनमानस ने राम के आदर्शों को खूब समझा-परखा है राम का पूरा जीवन आदर्शों, संघर्षों से भरा पड़ा है। राम सिर्फ एक आदर्श पुत्र ही नहीं, आदर्श पति और भाई भी थे। भारतीय समाज में मयार्दा, आदर्श, विनय, विवेक, लोकतांत्रिक मूल्यों और संयम का नाम राम है। जो व्यक्ति संयमित, मर्यादित और संस्कारित जीवन जीता है, निःस्वार्थ भाव से उसी में मयार्दा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों की झलक परिलक्षित हो सकती है। राम के आदर्श लक्ष्मण रेखा की उस मयार्दा के समान है जो लांघी तो अनर्थ ही अनर्थ और सीमा की मयार्दा में रहे तो खुशहाल और सुरक्षित जीवन।

राम जाति वर्ग से परे हैं। नर हों या वानर, मानव हों या दानव सभी से उनका करीबी रिश्ता है। अगड़े पिछड़े सब उनके करीब हैं। निषादराज हों या सुग्रीव, शबरी हों या जटायु सभी को साथ ले चलने वाले वे देव हैं। भरत के लिए आदर्श भाई। हनुमान के लिए स्वामी। प्रजा के लिए नीतिकुशल न्यायप्रिय राजा हैं। परिवार नाम की संस्था में उन्होंने नए संस्कार जोड़े। पति पत्नी के प्रेम की नई परिभाषा दी। ऐसे वक्त जब खुद उनके पिता ने तीन विवाह किए थे। लेकिन राम ने अपनी दृष्टि सिर्फ एक महिला तक सीमित रखी। उस निगाह से किसी दूसरी महिला को कभी देखा नहीं।

वर्तमान संदर्भों में भी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों का जनमानस पर गहरा प्रभाव है। त्रेतायुग में भगवान श्रीराम से श्रेष्ठ कोई देवता नहीं, उनसे उत्तम कोई व्रत नहीं, कोई श्रेष्ठ योग नहीं, कोई उत्कृष्ट अनुष्ठान नहीं। उनके महान चरित्र की उच्च वृत्तियाँ जनमानस को शांति और आनंद उपलब्ध कराती हैं। संपूर्ण भारतीय समाज के जरिए एक समान आदर्श के रूप में भगवान श्रीराम को उत्तर से लेकर दक्षिण तक संपूर्ण जनमानस ने स्वीकार किया है। उनका तेजस्वी एवं पराक्रमी स्वरूप भारत की एकता का प्रत्यक्ष चित्र उपस्थित करता है।

असीम ताकत अहंकार को जन्म देती है। लेकिन अपार शक्ति के बावजूद राम संयमित हैं। वे सामाजिक हैं, लोकतांत्रिक हैं। वे मानवीय करुणा जानते हैं। वे मानते हैं- परहित सरिस धर्म नहीं भाई। स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर समाजवादी और सम्मानित राजनीतिज्ञ डॉ. राममनोहर लोहिया कहते हैं- जब भी महात्मा गांधी ने किसी का नाम लिया तो राम का ही क्यों? कृष्ण और शिव क्यों नहीं। दरअसल राम देश की एकता के प्रतीक हैं। महात्मा गांधी ने राम के जरिए हिन्दुस्तान के सामने एक मर्यादित तस्वीर रखी। गांधी उस राम राज्य के हिमायती थे। जहां लोकहित सर्वोपरि हो। इसीलिए लोहिया भारत मां से मांगते हैं- हे भारत माता हमें शिव का मस्तिष्क दो, कृष्ण का हृदय दो, राम का कर्म और वचन दो।

राम का जीवन आम आदमी का जीवन है। आम आदमी की मुश्किल उनकी मुश्किल है। वे हर उस समस्या का शिकार हुए जिन समस्याओं से आज का इंसान जूझ रहा है। बाकि देवता हर क्षण चमत्कार करते हैं। लेकिन जब राम की पत्नी का अपहरण हुआ तो उसे वापस पाने के लिए उन्होंने कोई चमत्कार नहीं किया अपितु रणनीति बनाई। लंका जाने के लिए उनकी सेना ने कोई चमत्कार नहीं किया बल्कि एक-एक पत्थर जोड़कर पुल बनाया। यह उनकी कुशल प्रबन्धक क्षमता को दिखाती है। जब राम अयोध्या से चले तो साथ में सीता और लक्ष्मण थे। जब लौटे तो पूरी सेना के साथ। एक साम्राज्य को नष्ट कर और एक साम्राज्य का निर्माण करके।

## राम अगम है संसार के कण-कण में विराजते हैं



यह चित्र 9 नवम्बर 1989 का है जब अयोध्या आन्दोलन के हनुमान अशोक सिंघल जी ने माथे पर इट लेकर राम लला मन्दिर के शिलान्यास के लिए अयोध्या कूच किया था। काश आज अशोक सिंघल जी जीवित होते और अपनी आंखों से उस राम लला का मन्दिर देख पाते जिसके निर्माण के लिए अशोक सिंघल जी ने पूरा जीवन आहूत कर दिया। मित्रो अशोक सिंघल जी अयोध्या आंदोलन की धुरी थे ,उन्होंने ऑखड़ो में बटे सन्तो से लेकर बिखरे हिन्दू समाज और दिशा हिंन युवा पीढ़ी सबको एक मति ओर एक गति से अयोध्या राम लला के लिए एक कर अयोध्या आंदोलन को हर सनातनी का आंदोलन बना दिया था,एक धनाढ्य उच्च शिक्षित परिवार में जन्मे अशोक सिंघल जी राम काज में ऐसे रमे की घर परिवार केरियर सब बनाना भूल गए और अविवाहित रहकर आखरी सांस तक राम लला को टेंट से हटाकर मन्दिर में बिठाने के लिए संघर्ष करते रहे। काश आज अशोक सिंघल जी जीवित होते और अयोध्या में अपने राम लला को भव्य मंदिर में बैठा देखते तो उनकी आंखों से सरयू मइया बह निकलती इतना संघर्ष किया था।

स्पीड न्यूज

## मुखिया की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत कार्यालय परिसर में बुधवार को मुखिया सुमीरा कुमारी की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें सभी वार्ड सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में कई योजनाओं से संबंधित चर्चा हुई। अबुआ आवास, मनरेगा जल्द से संबंधित एवं 15 वीं वित्त सही तरीके से काम करने की बात कही गई । जिससे गांव का विकास हो सके। मुखिया समीरा कुमारी ने बताई की कोई भी योजना निष्पक्ष व सही तरीके से किया जाएगा। मौके पर पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, रोजगार सेवक पार्वती कुमारी, उप मुखिया विकास कुमार पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती, मनोज रविदास, लक्ष्मण रजक, रजनी देवी, स्वयंसेवक विकास कुमार, बिक्कू, समाजसेवी राम आशीष यादव, कर्मधारी रजक, यदुनंदन यादव एवं सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## एक बार फिर से मोदी सरकारः अमित



**सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड के सबानो गांव निवासी एवम भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अमित कुमार साहु ने अपने पंचायत के सबानो गांव की बूथ संख्या 66 एवम 67 में अगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त 'दीवार लेखन कार्यक्रम' का शुभारंभ बूथ के कार्यकताओं के साथ किया। साथ में स्लोगन के साथ एक बार फिर से मोदी सरकार की नारा बुलंद करते हुवे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ने मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को तैयार है, सबका-साथ, सबका-विकास, सबका-प्रयास, सबका-विश्वास' का हमारा ध्येय नया आयाम प्राप्त करेगा। प्रदेश मंत्री अमित कुमार साहु ने बताया कि देश की आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाएं और आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व विकास के लिए है। दीवार लेखन में पप्पू कुमार राणा, सकेंद्र साहु, दशरथ ठाकुर, ननकु महतो, प्रदीप साहु, नागेंद्र साहु , कोमाली राणा, खेमन साहु, लालमन साहु सहित कार्यकर्ता शामिल थे।

## तीन साल से बंद पड़े कन्वेयर बेल्ट का काम हुआ शुरू



**टंडवा (चतरा)।** मासिलौंग में बंद पड़े एनटीपीसी कन्वेयर बेल्ट का निर्माण कार्य हुवा शुरू। ज्ञात हो कि मगध कोलपरियोजना से एनटीपीसी तक कन्वेयर बेल्ट का निर्माण कार्य किया जाना था। फिलहाल सीसीएल द्वारा बिना नौकरी मुवाबजा दिए कार्य को कराया जा रहा था। जिसपर मगध अंतर्गत मासिलौंग के भुरैयतों ने विरोध कर कहा कि सीसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि का नौकरी एवं मुवाबजा अभी तक नही दी है, जिसके खिलाप भुरैयतों द्वारा कन्वेयर बेल्ट का निर्माण कार्य लगभग तीन साल से बंद करा के रखा है। इस सम्बंध में चतरा ऐसी के मौजूदगी में त्रिपक्षीय वार्ता हुवा। जहां नौकरी एवं मुवाबजा समेत तमाम समस्याओं से सम्बंधित चर्चा की गई। समस्या सुनने के बाद जीएम नृपेन्द्र नाथ ने भुरैयतों के बीच अधिग्रहित भूमि के बदले नौकरी एवं मुवाबजा देने की आश्वासन दिया। एवं कन्वेयर बेल्ट निर्माण कार्य के साथ साथ अधिग्रहित जमीन की सर्वे भी शुरू कर दी जाएगी।

## दुकानदारों का ट्रेड लाइसेंस बनाना सुनिश्चित करें : डीसी



**चतरा।** समाहरणालय कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में नगर परिषद के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत 14 वें एवं 15 वें वित्त से किए गए कार्यों व किए जा रहे विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। उन्होंने कहा अपूर्ण योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। आगे कहा नयकी तालाब के सुंदरीकरण कार्य को भी जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। विनय भारती पार्क को लेकर कहा पार्क में जो भी सामग्री लगाए गए हैं उसका मरमती कराना सुनिश्चित करें उन्होने कहा जो फुटपाथ पर सब्जी या अन्य सामग्री बेच रहे है उन्हे जल्द से जल्द जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम समीप बन कर तैयार नव निर्मित वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराएं। स्वच्छता को देखते हुए शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई लगातार कराएं। ट्रेड लाईसेंस को लेकर नगर परिषद पदाधिकारी विनीता कुमारी को निर्देशित किया कि व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए दुकानदारों का ट्रेड लाइसेंस बनवाना सुनिश्चित करें। उक्त बैठक में नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, कनीय अभियंता, कम्प्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# टेल्को गुरुद्वारा से निकला भव्य नगर कीर्तन

## तहीं प्रकाश हमारा भयो, पटना शहर बिखै भव लयो....





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सरवंश दानी, साहब ए कमाल, खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह जी के 357 वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशाल नगर कीर्तन टेल्को गुरुद्वारा से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अगुवाई, पांच प्यारों की रहनुमाई और सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के तत्वावधान में सजाया गया। तकरीबन पौने बारह बजे पांच प्यारों ने अरदास की उसके उपरांत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज को रुमाला एवं प्रसाद भेंट किया गया। इन्होंने पुष्प वर्षा की। झारखंड के मंत्री बन्ना गुप्ता ने सड़क पर ही गुरु ग्रंथ साहब की पालकी के आगे शीश नवाया और मत्था टेक, बोले सो निहाल.. का जयकारा लगाया। सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सरयू राय, जिला बीस सूत्री कमेटी के उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजू गिरि, टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी, कमिंस प्लांट हेड रामफल नेहरा, सीनियर जीएम संजय सिन्हा ने भी माथा टेक शुकराना अदा किया। इस मौके पर आयोजक सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह, चेयरमैन एवं झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष गुरनाम सिंह, सतबीर सिंह सोमू, कुलविंदर सिंह, परविंदर सिंह सोहल, कुलविंदर सिंह पन्नू, त्रिलोचन सिंह, नौजवान सभा के प्रधान अमरीक सिंह, निशान सिंह, दमनप्रीत सिंह आदि अरदास में शामिल हुए। इससे पूर्व टेल्को गुरुद्वारा में श्री अखंड पाठ का भोग डाला गया। सरदार सुखदेव सिंह खालसा, स्त्री सत्संग सभा, गुरकीरत सिंह, कविसर सुरजीत सिंह ने कीर्तन से संगत को निहाल किया। गुरु दरबार में विधायक सरयू राय, प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी, प्लांट हेड रामफल नेहरा, जीएम संजय सिंह, सरदार भगवान सिंह, सरदार शैलेंद्र सिंह, सरदार अमरजीत सिंह को संगत और कमेटी की ओर से चैयरमैन राम किशन सिंह चेयरमैन जीत सिंह प्रधान बलविंदर सिंह, चेयरमैन गुरमीत सिंह तोते ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। नगर कीर्तन में कंट्रोलिंग की सेवा अमरीक सिंह, इंदर सिंह इंद्र एवं उनके सहयोगी कर रहे थे। टेल्को गुरुद्वारा में पुलिस सरकारी एवं कर्मी अच्छी संख्या में उपस्थित थे। यहां हजारों लोगों ने लंगर श्रद्धा के साथ ग्रहण किया।

# थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** आगामी 22 जनवरी को अयोया में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के मद्देनजर बुधवार को थाना परिसर में प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में हिन्दू व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान थाना प्रभारी ने दोनों समुदाय से प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर होने वाले पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन को शांति व सौहार्दपूर्ण सम्पन्न कराने की अपील की, जिससे प्रखंड में एक मिसाल कायम हो। वहीं लोगों ने आये दिन बासोडीह बाजार में सड़क जाम की स्थिति की समस्या को रखा। वहीं विधायक प्रतिनिधि सह जिप सदस्य प्रतिनिधि धनंजय यादव ने वैद्यडीह स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के कारण पड़ोसी राज्य बिहार के लोगों के द्वारा शराब पीकर व शराब ले जाने के कारण आये दिन सड़क हादसा होने की समस्या रखी। धन्यवाद ज्ञापन एसआई आनंद कुमार साह ने किया। मौके पर एसआई उमाकांत सिंह, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, रामावतार चौधरी, धनंजय यादव, मंटू चौधरी, भोला बर्णवाल, नईमउदीन, उपेंद्र यादव, रामविलास सिंह, दिवाकर कुमार, मो. अजहर रब्बानी, ब्यूटी कुमारी, मो.इरशाद, सदानंद सिंह समेत कई जनप्रतिनिाि, समाजसेवी समेत ग्रामीण मौजूद थे।

# ऑनलाइन ठगी करने के आरोप में एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** स्कार्ट गर्ल सर्विस देने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने के गिरोह के एक आरोपी नवलशाही थाना क्षेत्र के तोलखार नावाडीह निवासी सचिन शर्मा पिता मनोज शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने एक मोबाइल, दो सिम कार्ड, एक पासबुक और एक एटीएम बरामद किया है। उपरोक्त जानकारी एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया। एसपी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि गुप्त सूचना मिली थी कि साइबर अपराधियों के एक गिरोह नवलशाही थाना क्षेत्र के तोलखार में सक्रिय होकर लड़कियां उपलब्ध कराने के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर पैसे की ठगी करने का काम कर रहा है, सूचना के आलोक में एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया, गठित टीम के द्वारा अनुसंधान के क्रम में छापामारी कर गिरोह के एक सदस्य सचिन शर्मा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ और उसके मोबाइल की जांच के दौरान पता चला कि गिरोह के द्वारा स्कार्ट गर्ल सर्विस उपलब्ध कराने के लिए लोगों को फर्जी वेबसाइट का लिंक, होटलों के कमरे और लड़कियों की अश्लील फोटो व्हाट्सअप पर भेज कर, इसकी बुकिंग कराने के नाम पर लोगों से ऑनलाइन पैसों की ठगी की जाती थी। मामले को लेकर नवलशाही थाना में कांड संख्या 04/24 में मामला दर्ज किया गया है। छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक अवधेश सिंह, नवलशाही थाना प्रभारी सोनी प्रताप, एसआई कुमार शिवम, कुंदन कुमार, ऋषिकेश सिन्हा आदि शामिल थे।

## जिला कल्याण पदाधिकारी ने उन्नत ग्राम योजना का किया निरीक्षण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर उन्नत ग्राम योजना के लिए मरकच्चो प्रखंड के मध्य पंचायत मरकच्चो का चयन किया गया था। जिसके अंतर्गत पंचायत के साईन बोर्ड, पीसीसी पथ, सोलर जल आपूर्ति, सोलर सिंचाई जल आपूर्ति, स्ट्रीट लाईट लगाने का योजना कार्य अंशिका भारती वेलफेयर ट्रस्ट हजारीबाग के द्वारा कराया गया। जिसमें पांडेयडीह में पीसीसी पथ, रविदास मुहल्ला में सोलर सिंचाई जल योजना, स्ट्रीट लाईट तथा पासवान मुहल्ला में सोलर जल योजना व स्ट्रीट लाईट लगाया गया था। योजना का निरीक्षन बुावार को जिला कल्याण पदाकािरी नीली सरोज कुजूर ने किया। निरीक्षण के बाद नीली सरोज कुजूर ने बतायी कि कार्य सन्तोष जनक है। उन्होंने बाकी बचे कार्यो को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# वैश्य सभा ने किया लिट्टी-चोखा कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** केशरवानी वैश्य महासभा की एक बैठक ताराटांड़ स्थित अशोक केशरी के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र साहू व संचालन महामंत्री सुरेश केशरी ने किया।

बैठक में समाज का चुनाव कराने, होली मिलन समारोह सह सम्मान समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर समाज के प्रत्येक घर में दीपावली उत्सव मनाने और घर में दीपक जलाने का आह्वान किया गया। इसके अलावा जिस वार्ड और मुहल्ले में रहते हैं, वहां के मंदिरों में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वाहन भी किया गया। वहीं समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र साहू ने कहा कि समाज में एकजुटता बनाये रखने के लिए चुनाव जरूरी है, समाज में जल्द ही चुनाव किया जाएगा, ताकि समाज और भी मजबूती से कार्य कर सके।

# राम मंदिर उद्घाटन पर सभी मंदिरों में एलईडी के माध्यम से प्रसारण को दिखाया जाएगा : अन्नपूर्णा

## भारतीय जनता पार्टी ने की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक रॉयल सेलिब्रेशन झुमरीतिलैया में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी तथा संचालन जिला महामंत्री अनूप जोशी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी उपस्थित हुई। वहीं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयास से राम मंदिर का निर्माण अयोध्या में हुआ है। 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन पर सभी मंदिरों में एलईडी के माध्यम से प्रसारण को दिखाया जाए और उस दिन भजन, कीर्तन, आरती, भंडारा का आयोजन हो और हर घर में पांच-पांच दीपक जलाया जाय। वहीं जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि 500 वर्षों के बाद अथक प्रयास से राम मंदिर का निर्माण हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर जिले के सभी मठ मंदिरों में सफाई अभियान चलाया जाए और राम मंदिर के उद्घाटन को सफल बनाये। वहीं कोडरमा प्रभारी टुन्नू गोप ने कहा कि राम मंदिर के इस भव्य आयोजन में हर घर में दीपावली जैसा माहौल बनावे और हर घर में दीपक जलाएं। वहीं जिला महामंत्री अनूप जोशी ने कहा देश राम मय हो गया है। 22 जनवरी को सभी मंदिरों में पूजा और प्रसाद वितरण करना और भारतीय जनता पार्टी की तरफ़ से लोकसभा से 6000 कार्यकर्ता को अयोध्या ले जानें कि व्यवस्था की जा रही है। मौके पर अशोक यादव, राजकुमार यादव, रवि मोदी, रमेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, सुरेश यादव, रामनाथ सिंह, बटेश्वर मेहता, देवनारायण मोदी, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, जयप्रकाश राम, जुही दास गुप्ता, शिवलाल सिंह, सुधीर सिंह, महेंद्र यादव, शशि भूषण प्रसाद, चंद्रशेखर जोशी, आकाश वर्मा, पिन्टू भारती, सूरज प्रताप मेहता, कामिनी देवी, संजय वर्मा, देवेन्द्र कुमार, लखन साव, उमेश मेहता, सुखलाल नायक, रीतलाल प्रसाद, किशोर यादव, जमुना यादव, मुकेश मंडल, अजय कुमार यादव आदि मौजूद थे।


## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, खूँटी

**आम सूचना**

भारत सरकार के केन्द्र प्रायोजित योजना LHDCP योजनान्तर्गत खूँटी जिला में FMD बीमारी का रोकथाम एंव उन्मूलन हेतु वित्तीय वर्श 2023–24 कार्यकम (Round 3) दिनांक–16.01.2024 से दिनांक–31.03.2024 तक योग्य गोवंशीय पशुओं (गाय, बैल, बाछा, बाछी) एंव भैस जाति के पशुओं (भैंस, काड़ा, पाड़ा, पाड़ी) में खुरहा–मुँहपका रोग के नियंत्रण हेतु निःशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।

खुरहा–मुँहकपा रोग मुख्यता गोवंशीय एंव भैंस जाति के पशुओं में होने वाली एक गंभीर संक्रामक विशाणु जनित रोग है। इस रोग से आकांत पशुओं में तेज बुखार के साथ भूख न लगना सुस्ती, मुँह से अत्याधिक लार का श्राव, मसूड़े एंव जीभ में छाले पड़ जाना, खुर में घाव होना, थन एंव बाट में फफोले, दुग्ध उत्पादन में अत्याधिक कमी, गाभीन गयों/भैंसों में गर्भपात आदि प्रमुख लक्षण है। इस रोग का कोई त्वरित उपचार नही है। यह छुआ–छूत रोग होने के कारण स्वस्थ्य पशुओं में इस रोग का तेजी से फैलाव होता है।

अतः सभी पशुपालकों से आग्रह है कि प्राईवेट वेक्सीनेटरों द्वारा किये जा रहे टीकाकरण कार्यक्रम में पशु स्वामी द्वारा आधार नं0 एंव मोबाईल नम्बर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा ताकि पशुओं का पंजीकरण, टैगिंग Online भारत पशुधन App में किया जा सके। अधिक से अधिक पशुओं में खुरहा–मुँहपका रोग का टीकाकरण अवश्य कराएँ एंव इस अवसर का लाभ उठाए एंव पशुधन को सुरक्षित करते हुए आर्थिक क्षति से बचाव करें।

टेग नही तो टीका नही।
जन–जन तक संदेश पहुँचाना है।
खुरहा–मुँहपका रोग को जड़ से मिटाना है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, खूँटी।

PR.NO.316271 Animal Husbandry(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय जल पथ प्रमंडल सं0–2 हजारीबाग।

Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 02/2023–2024

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) (Online Mode) | Cost of BOQ (INR) | Completion period for Renovation |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखंड ईचाक अन्तर्गत ग्राम–चम्पानगर नावाडीह में आंगनबाड़ी केन्द्र से वरुण प्रजापति के धर होते हुए दयानंद उपाध्याय के धर तक पीसीसी पथ एवं आर0सी0सी0 नाली का निर्माण। | 21,76,000 | 44,000 | 5000 | 2 Months |
| 2 | चुरचू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम बड़की हरहद में कुलेष्वर महतो के धर से शमषान घाट तक पीसीसी पथ निर्माण। | 19,87,400 | 40,000 | 5000 | 2 Months |

1. ऑनलाईन निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय : दिनांक 20.01.2024 को 11:00 बजे पूर्वाहण।
2. ऑनलाईन ई0–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 20.01.2024 से 27.01.2024 अपराहन 5:00 बजे तक।
3. हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि : दिनांक 29.01.2024 पूर्वाहण 11:00 से अपराहन 3:00 बजे तक।
4. ई0–निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान : दिनांक 29.01.2024 को अपराहण 3:30 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।
5. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं दूरभाष सं0–: कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। 7903709450
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल ऑन लाईन ही स्वीकृत होगी।
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है ।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0–
कार्यपालक अभियंता जलपथ प्रमंडल सं0–2,हजारीबाग।

PR 316313 Water Resource(23-24)D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD), RANCHI
Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002

e-Procurement (Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-74/2023-24 3rd Call
e-Tender Ref No–RCD/PID/RANCHI/74/2023-24 Date:-16.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for construction of 4-Lane road of Rajauli – Chandwara Barhi road (Subhash Chowk to Maharana Pratap Chowk via Railway Station) including replacement/construction of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division, Koderma in the State of Jharkhand. *Only Empanelled consultant with RCD under category vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | 2.90 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 4 | Cost of Tender documents& Earnest Money Deposit | Cost oftender documents is Rs. 5000/(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 10000.00 (Ten thousand only) as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publicationof Tender on Website | 18.01.2024,10:30 AM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 01.02.2024 12:00 Noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 02.02.2024 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | ExecutiveEngineer, Planning and Investigation Division,RCD,Ranchi Mob No.-8083039058 |
| 11 | Advertisement No | PR 310373 Road (23-24)*D |

Note:- Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi

PR 316334 Road (23-24)_D

# डबल सुपर ओवर में भारत जीता, अफगानिस्तन पर किया क्लीन स्विप



एजेंसी

**बेंगलुरू।** टीम इंडिया ने चेन्नई के मैदान पर अफगानिस्तान के खिलाफ खेला गया सीरीज का आखिरी मुकाबला डबल सुपर ओवर में जीतकर दर्शकों को खुश कर दिया। भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए रोहित शर्मा के 121 और रिंकू सिंह के 69 रनों की बदौलत 212 रन बनाए थे। जवाब में अफगानिस्तान ने भी 212 रन बनाकर मैच सुपर ओवर की ओर मोड़ दिया। पहले सुपर ओवर में अफगानिस्तान ने 16 रन बनाए जिसके जवाब में भारतीय टीम ने भी 16 रन बनाकर मुकाबला डबल सुपर ओवर की ओर मुड़ दिया। दूसरे सुपर ओवर में भारत ने पहले खेलते हुए 11 रन बनाए। अफगानिस्तान को जीत के लिए 12 रन की जरूरत थी लेकिन वह एक ही रन पर अपने दोनों विकेट गंवा बैठे। इस तरह भारतीय टीम ने तीन टी20 मैचों की सीरीज में अफगानिस्तान को क्लीन स्विप कर दिया। अब भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 25 जनवरी से होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के दौरान मैदान पर एक्टिव दिखेगी। इससे पहले भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी थी। स्कोर जब 22 रन पर 4 विकेट हो गया था तब रोहित ने 121 तो रिंकू सिंह ने 69 रन बनाकर स्कोर 212 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी अफगानिस्तान की टीम 212 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर में ले गई। अफगानिस्तान की ओर से गुरबाज और जादरान ने 50-50 रन बनाए। मोहम्मद नबी ने 36 तो गुलबद्दीन नैब ने 55 रन बनाए। भारत की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने 18 रन देकर 3 विकेट लीं। नजीबुल्लाह जादरान 3 गेंदों पर 5 ही रन बना पाए। उनकी एक बड़ी शॉट को विराट कोहली ने शानदार कैच लेकर लपका। हालांकि इसके बाद भी गुलबद्दीन ने एक छोर संभालकर ताबड़तोड़ शॉट जारी रखे। अफगानिस्तान को आखिरी ओवर में 19 रन चाहिए थे तब गुलबद्दीन ने एक चौका और एक छक्का लगातर दर्शकों की सांसें बढ़ा दीं। आखिरी दो गेंदों पर जब अफगानिस्तान को 5 रन की जरूरत थी तब गुलबद्दीन ने पहले गेंद पर दो रन ले लिए। आखिरी गेंद पर जीत के लिए 3 रन चाहिए थे तभी गुलबद्दीन ने दो रन लेकर मैच सुपर ओवर पर मोड़ दिया। भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही थी। यशस्वी जायसवाल महज 5 रन बनाकर अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फरीद अहमद की गेंद पर कैच आऊट हो गए। इससे अगली ही गेंद पर विराट कोहली भी जादरान को कैच पकड़ा गए। स्टार शिवम दुबे भी महज 1 रन पर उमरजजई का शिकार हो गए। संजू सैमसन भी पहली गेंद पर पवेलियन लौट गए। पहले 5 ओवर के अंदर जब टीम इंडिया के 4 विकेट गिर गए तो कप्तान रोहित शर्मा ने रिंकू सिंह के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने विकेट के चारों तरफ शॉट लगाए। इस दौरान रोहित अपने टी20 करियर का 30वां अर्धशतक लगाने में सफल रहे। रिंकू सिंह ने भी शानदार शॉट लगाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। दोनों स्कोर 212 तक ले गए। रोहित ने 121 तो रिंकू ने 69 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी अफगानिस्तान टीम ने गरबाज और इब्राहिम की बदौलत तेजतर्रार शुरूआत की। गुरबाज 32 गेंदों पर 50 रन बनाकर अपनी टीम की स्थिति मजबूत की। उन्हें कप्तान इब्राहिम जादरान का बाखूबी साथ मिला। अफगानिस्तान की पहली विकेट 11वें ओवर में गिरी जब कुलदीप यादव ने गुरबाज को वाशिंगटन सुंदर के हाथों कैच आऊट करा दिया। इसके फौरन बाद कप्तान इब्राहिम जादरान भी 41 गेंदों पर 50 रन बनाकर आऊट हो गए। अफगानिस्तान के लिए उम्मीद की किरण गुलाबद्दीन और मोहम्मद नबी ने जगाई। दोनों ने क्रीज पर आते ही ताबड़तोड़ शॉट लगाए। उमरजर्ज जब पहली ही गेंद पर पवेलियन लौट गए थे तो दोनों ने 22 गेंदों पर पर ही 56 रन बना दिए। मोहम्मद नबी 16 गेंदों पर 2 चौके और 3 छक्कों की मदद से 34 रन बनाकर आऊट हो गए। करीम जन्नत भी 2 रन बनाकर सैमसन की एक बेहतरीन थ्रो पर रन आऊट हो गए। इसके बाद गुलबद्दीन ने बड़े शॉट लगाकर स्कोर बराबर कर दिया।



## रोहित का पांचवां शतक, टी-20 के इतिहास में सबसे ज्यादा सेंचुरी बनाने वाले बल्लेबाज

**बेंगलुरु।** रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ अपने टी-20 इंटरनेशनल करियर का पांचवां शतक जड़ दिया। सिर्फ 64 गेंद में उन्होंने यह सेंचुरी ठोकी। हिटमैन ने कप्तानी पारी खेलते हुए 69 गेंद में 121 रन नाबाद ताबड़तोड़ पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 11 चौके और आठ छक्के भी निकले। रोहित शर्मा का रिंकू सिंह ने भी बखूबी साथ निभाया, जिन्होंने 39 गेंद में नाबाद 69 रन बनाए और अपना दूसरा टी-20 अर्धशतक जमाया। एक वक्त टीम इंडिया ने सिर्फ 22 रन पर अपने चार विकेट गंवा दिए थे, वहां से रोहित शर्मा और रिंकू सिंह ने मिलकर पहले पारी को संवारा और फिर रिकॉर्डतोड़ पार्टनरशिप कर डाली। दोनों के बीच टी-20 इंटरनेशनल में पांचवें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी का विश्व रिकॉर्ड भी बन गया। इस जोड़ी ने पांचवें विकेट के लिए 190 रन जोड़े।

### लगातार दो शून्य फिर सुपर शो

अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के पहले दो मैच में रोहित शर्मा खाता तक नहीं खोल पाए थे। टी-20 फॉर्मेट में 14 महीने बाद इतने शर्मनाक कमबैक से मुंबई का यह ओपनर बेहद निराश भी था। ऐसे में रोहित ने पिछले दो मैच से उलट टॉस जीतकर इस बार पहले बैटिंग चुनी। लेकिन टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने पावरप्ले में चार कीमती विकेट गंवा दिए। यशस्वी जायसवाल 4, विराट कोहली 0, संजू सैमसन 0 तो शिवम दुबे 1 रन बनाकर चलते बने। रोहित के सामने बड़ा चैलेंज था, जिसे उन्होंने न सिर्फ स्वीकारा बल्कि बता दिया कि कुछ भी करना पर उन्हें टी-20 फॉर्मेट में अंडरएस्टिमेट मत करना।

### एक दो नहीं बल्कि रिकॉर्ड्स की झड़ी

रोहित ने 41 गेंदों में फिफ्टी ठोकी और फिर इसके बाद फौरन गियर बदला। उनके अगले पचास रन सिर्फ 22 गेंदों में आए। अपनी इस ऐतिहासिक पारी में रोहित शर्मा ने रिकॉर्ड्स की बारिश कर डाली। ग्लेन मैक्सवेल, सूर्यकुमार यादव के चार-चार शतकों को पछाड़ते हुए वह टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा सेंचुरी ठोकने वाले बल्लेबाज बन गए। रोहित ने ळ20कमें किसी कप्तान द्वारा सर्वाधिक छक्के लगाने के मामले में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन को भी पीछे छोड़ दिया। भारतीय सलामी बल्लेबाज के नाम ळ20क में 87 छक्के हो गए, जबकि मॉर्गन ने 86 के साथ अपना करियर खत्म किया। रोहित के नाम अब ळ-20क में बतौर भारतीय कप्तान सबसे ज्यादा रन (1647) भी हो चुके हैं। इस लिस्ट में उन्होंने पूर्व कप्तान विराट कोहली (1570) और एमएस धोनी (1112) से काफी आगे निकल चुके हैं। रोहित के 121 रन टी20 में किसी भी भारतीय बल्लेबाज की चौथी सबसे बड़ी पारी है।

## वेस्टइंडीज पहले दिन में 188 रन पर ढेर, ऑस्ट्रेलिया दो विकेट पर 59 रन



**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को पहले दिन 188 रन पर ढ़ेर करने के बाद दो विकेट पर 59 रन बना लिये है। बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने संभलकर शुरूआत की है। लेकिन किर्क मैकेंजी 50 रन, आखिरी ओवरो में शमर जोसेफ के 36 रन के अलावा कोई भी बल्लबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के आगे टिक कर नहीं खेल सका। वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रैथवेट ने 13 रन, ऐलेक ऐथनेज 13रन, केव होडोगे 12 रन, अल्जारी जोसेफ 14 रन बनाकर आउट हुये। शमर जोसेफ ने इस मुश्किल घड़ी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंद पर 36 रन की बेहतरीन पारी खेलकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। शेफर्ड ने अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने केमार रोच के साथ आखिरी विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। केमार रोच 17 रन बनाकर नाबाद रहे। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड ने बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए वेस्टइंडीज को 62.1 ओवर में 188 रन पर ढेर कर दिया।

## आइसीसी टी-20 रैंकिंग : अक्षर ने गेंदबाजी में करियर का सर्वश्रेष्ठ पांचवां स्थान हासिल किया, जयसवाल छठे स्थान पर

एजेंसी

**दुबई।** अफगानिस्तान के खिलाफ पहले दो टी-20 मैचों में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अक्षर पटेल 12 पायदान आगे बढ़कर गेंदबाजों की आइसीसी टी-20 रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अक्षर के अलावा अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में मजबूत प्रदर्शन के बाद भारत के कई खिलाड़ियों ने टी-20 रैंकिंग में महत्वपूर्ण प्रगति की है। पटेल ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले दो टी-20 मैचों में4 विकेट लिए, जिससे वह बुधवार को नवीनतम साप्ताहिक रैंकिंग अपडेट के बाद ऑलराउंडरों में दो स्थान ऊपर उठकर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसमें मंगलवार तक पूरे हुए सभी मैचों को ध्यान में रखा गया है। इंदौर में पहले टी20 में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल की 34 गेंदों में 68 रन की पारी ने उन्हें सात पायदान ऊपर उठाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंचा दिया है, जबकि बाएं हाथ के अन्य बल्लेबाज शिवम दुबे की 60 और 63 रनों की लगातार नाबाद पारियों ने उन्हें 265 वें से 58 वें स्थान पर पहुंचने में मदद की है। रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले एक अन्य खिलाड़ी न्यूजीलैंड के फिन एलन हैं, जिनकी पाकिस्तान के खिलाफ 15 गेंदों में 34 और 41 गेंदों 74 रन की दो पारियों ने 11 स्थान ऊपर उठाकर 16वें स्थान पर पहुंचा दिया। उनके टीम साथी टिम साउथी, जिन्होंने पहले दो मैचों में छह विकेट लिए थे, गेंदबाजों की सूची में आठ स्थान ऊपर 18वें स्थान पर हैं। शुबमन गिल (बल्लेबाजों में सात पायदान ऊपर 60वें स्थान पर), तिलक वर्मा (बल्लेबाजों में तीन पायदान ऊपर संयुक्त 61वें स्थान पर) और अर्शदीप सिंह (गेंदबाजों में चार पायदान ऊपर 21वें स्थान पर) आगे बढ़ने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं, जबकि नजीबुल्लाह जादरान (ऊपर) एक पायदान ऊपर 46वें) और मोहम्मद नबी (दो पायदान ऊपर 54वें) बल्लेबाजी रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले अफगानिस्तान के खिलाड़ी हैं। पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो मैचों में लगातार अर्धशतक बनाने के बाद एक स्थान ऊपर चौथे स्थान पर हैं, जबकि फखर जमान 14 स्थान ऊपर 81वें स्थान पर हैं। डेरिल मिशेल (नौ स्थान ऊपर 37वें स्थान पर) और केन विलियमसन (13 स्थान ऊपर 59वें स्थान पर) आगे बढ़ने वाले अन्य कीवी बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा और महेश थीक्षाना क्रमशः एक और दो स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ दो मैचों में पांच विकेट लेकर दो स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि न्यूजीलैंड के खिलाड़ी एडम मिल्ने दो मैचों में छह विकेट लेकर 66वें से संयुक्त 47वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## स्मिथ का विकेट जीवन भर याद रखूंगा: जोसेफ

**एडिलेड।** पहली बार टेस्ट क्रिकेट खेलने उतरे वेस्टइंडीज के गेंदबाज शमर जोसेफ ने कहा है कि अपने पहले टेस्ट मैच की पहली ही गेंद पर ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ के विकेट मिलने को वह जीवन भर याद रखेंगे। शमर जोसेफ टेस्ट करियर की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले वेस्टइंडीज के दूसरे और दुनिया के 23वें गेंदबाज हैं।

## इंडिया ओपन के पहले दौर से बाहर हुई अश्विनी पोनप्पा-तनीषा क्रैस्टो की भारतीय जोड़ी



**नयी दिल्ली।** अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो की भारतीय महिला युगल जोड़ी बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 बैडमिंटन टूनामेंट इंडिया ओपन से बाहर हो गई है। बुधवार को यहां केडी जाधव इंडोर हॉल में जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजई की थाई जोड़ी के खिलाफ इस जोड़ी को 5-21, 21-18, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की 20वें नंबर की भारतीय जोड़ी शानदार शुरूआत करने में विफल रही और उनके थाई समकक्षों ने शुरूआत से ही पूरा दबदबा बनाए रखा और तेजी से 8-0 की बढ़त बना ली। हालांकि अश्विनी-तनिषा बीच-बीच में कुछ अंक हासिल करने में सफल रहीं, लेकिन यह भारतीयों के लिए अपर्याप्त साबित हुआ, क्योंकि थाई जोड़ी ने अपना दबदबा बनाए रखा और 21-5 के स्कोर के साथ शुरूआती गेम जीत लिया। हालांकि दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने बेहतरीन वापसी की और एक समय 11-9 की मामूली बढ़त हासिल करते हुए दूसरा गेम 21-18 से जीत लिया, जिससे मैच निर्णायक सेट में चला हो गया। तीसरे गेम में थाई जोड़ी ने भारतीयों को कोई मौका नहीं दिया और आसानी से तीसरे गेम 21-11 से जीतकर मैच भी अपने नाम कर लिया।

## फिन एलेन की 137 रन की रिकॉर्ड पारी, न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान से श्रृंखला जीती

एजेंसी



**डुनेडिन (न्यूजीलैंड)।** फिन एलेन ने 62 गेंदों पर रिकॉर्ड 16 छक्कों की मदद से 137 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 45 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त बनाई। एलेन ने किसी एक टी20 अंतरराष्ट्रीय पारी में 16 छक्के लगाने के अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने इस बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड की तरफ से सर्वोच्च स्कोर का नया रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले का रिकॉर्ड ब्रैंडन मैकुलम के नाम पर था जिन्होंने 2012 में बांग्लादेश के खिलाफ 123 रन की पारी खेली थी। हजरतुल्लाह ने 2019 में आयरलैंड के खिलाफ 62 गेंदों में 162 रन बनाकर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया था। एलेन की धुआंधार पारी की मदद से न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर 7 विकेट पर 224 रन बनाए। एलेन के अलावा टिम सीफर्ट (31) और ग्लेन फिलिप्स (19) ही दोहरे अंक में पहुंचे। पाकिस्तान की टीम इसके जवाब में 7 विकेट पर 179 रन ही बना पाई। पाकिस्तान पहले दो मैच में भी लक्ष्य का पीछा करने में नाकाम रहा था। उसे पहले मैच में 46 रन और दूसरे मैच में 21 रन से हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान के लिए यही अच्छी बात रही कि बाबर आजम ने श्रृंखला में लगातार तीसरा अर्धशतक जमाया।

## आइसीसी ने द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए रेडफर्न को किया तटस्थ महिला अंपायर नियुक्त

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आगामी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की सू रेडफर्न को महिला तटस्थ अंपायर नियुक्त किया है। सभी आइसीसी महिला चैम्पियनशिप श्रृंखला और टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिये आईसीसी के एक तटस्थ अंपायर नियुक्त करने के फैसले के बाद रेडफर्न की नियुक्ति की गयी है। इसी के साथ रेडफर्न द्विपक्षीय श्रृंखला में आइसीसी द्वारा नियुक्त पहली महिला तटस्थ अंपायर बन गयी है।

## चार फरवरी को होगी पंद्रहवीं एयू जयपुर मैराथन

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में आगामी चार फरवरी को एयू जयपुर मैराथन का आयोजन किया जायेगा जिसका बुधवार को यहां इवेंट कैलेंडर लॉन्च किया गया। दौड़ बदलाव की, जिद जीत कीह्व ध्येय के साथ इवेंट कैलेंडर लॉन्च किया गया। वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से चार फरवरी को एयू जयपुर मैराथन का आयोजन होगा। मैराथन के आयोजक पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि मैराथन में 18 देशों के करीब एक लाख धावकों के भाग लेने की उम्मीद है। मैराथन में 25 हजार से अधिक स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। भारी संख्या में महिलाएं भी इस दौड़ का हिस्सा बनेंगी। शहर को स्वच्छ और सुंदर बने रहने का संदेश देती एयू जयपुर मैराथन के इवेंट के पार्टनर आवास फाइनेंर्स और मेडिकल पार्टनर नारायणा हेल्थ हॉस्पिटल हैं।

## 49वीं राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आगाज

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में जिला कबड्डी संघ की ओर से आयोजित तीन दिवसीय 49वीं राज्य स्तरीय बालक एवं बालिका जूनियर वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का बुधवार को आगाज हुआ। जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष नानालाल वया ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन शहर विधायक ताराचंद जैन ने किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश से महिला वर्ग की 25, पुरूष वर्ग की 30 टीमों के 380 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अपना भाग्य अजमा रहे है। प्रतियोगिता में गुरूवार को राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष तेजस्विनी गहलोत शिरकत करेंगे।

## महान टेनिस खिलाड़ी अरांत्जा सांचेज विकारियो धोखाधड़ी की दोषी साबित

**बार्सिलोना (स्पेन)।** स्पेन की महान महिला टेनिस खिलाड़ी अरांत्जा सांचेज विकारियो और उनके पूर्व पति को धोखाधड़ी करने का दोषी पाया गया है। स्पेन की एक अदालत ने बुधवार को यह फैसला सुनाया। बार्सिलोना की अदालत ने पाया कि पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी अरांत्जा और उनके पूर्व पति ने कई मिलियन यूरो का कर्ज चुकाने से बचने के लिए अपनी संपत्ति छुपाई थी। 4 बार की ग्रैंडस्लैम विजेता अरांत्जा को 2 साल जेल की सजा सुनाई गई लेकिन वह जेल जाने से बच गईं क्योंकि अदालत ने उन्हें पहली बार अपराध करने के लिए उनकी सजा माफ कर दी। उनके पूर्व पति जोसफ सांटाकाना को 3 साल और 3 महीने जेल की सजा सुनाई गई।

# जर्मनी को हराकर पेरिस ओलंपिक का टिकट कटाने उतरेगा भारत

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची ।** पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने से केवल एक जीत दूर खड़ी भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआइएच ओलंपिक क्वालीफायर्स में अपने से अधिक रैंकिंग के जर्मनी के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले सेमीफाइनल में सफलता हासिल करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। भारतीय टीम टूनामेंट के अपने पहले मैच में अमेरिका से 0-1 से हार गई थी लेकिन इसके बाद उसने न्यूजीलैंड और इटली को हराकर पूल बी में दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने पिछले दो मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया और सविता पूनिया की अगुवाई वाली टीम जर्मनी के खिलाफ भी इसी तरह का खेल जारी रखने की कोशिश करेगी। इस टूनामेंट में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम इस साल होने वाले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। इस तरह से गुरुवार को जीत दर्ज करने पर भारतीय टीम का पेरिस का टिकट पक्का हो जाएगा। अगर भारतीय टीम इस मैच को जीतने में नाकाम रहती है तो उसे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का एक और मौका मिलेगा। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों के बीच तीसरे और चौथे स्थान के लिए शुक्रवार को मैच खेला जाएगा जिसमें जीत दर्ज करने वाली टीम ओलंपिक में जगह बनाएगी। भारतीय टीम को हालांकि जर्मनी के खिलाफ सकारात्मक सोच के साथ मैदान पर उतरना होगा। पिछले दो मैच में भारतीय रक्षापंक्ति ने शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय रक्षापंक्ति में कप्तान सविता के अलावा उदिता, मोनिका और निक्की प्रधान ने अच्छा खेल दिखाया है। मध्य पंक्ति ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। सलीमा टेटे अपनी तेज दौड़ से विरोधी टीमों को परेशान करती रही हैं जबकि नेहा गोयल ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। इन दोनों ने अग्रिम पंक्ति के लिए अच्छे मौके बनाए हैं। अग्रिम पंक्ति में लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंग डुंग और नवनीत कौर भी अपने बेहतरीन प्रदर्शन से टीम की उम्मीदों पर खरी उतरी हैं। भारत के लिए पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलना बड़ा मसला रहा है लेकिन इटली के खिलाफ पिछले मैच में उदिता ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल किए। लेकिन जर्मनी की मजबूत टीम के खिलाफ केवल उदिता का प्रयास ही पर्याप्त नहीं होगा। जहां तक जर्मनी का सवाल है तो वह पूल ए में सात अंक लेकर शीर्ष पर रहा। जापान के भी इतने ही अंक थे लेकिन जर्मनी का गोल अंतर बेहतर था। जर्मनी अभी विश्व रैंकिंग में पांचवें जबकि भारत छठे नंबर पर है। भारतीय टीम ने 2006 के बाद जर्मनी से सात मैच खेले हैं जिनमें से दो में उसे जीत मिली जबकि पांच मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। लेकिन वर्तमान समय में हॉकी में रैंकिंग और अतीत के परिणाम केवल संख्या हैं और दोनों टीम एक दूसरे को कड़ी टक्कर देने में सक्षम हैं। भारतीय कोच यानिक शोपमैन ने कहा, हम जर्मनी की टीम को अच्छी तरह से जानते हैं। हमने पिछली गर्मियों में और हाल में स्पेन में उनसे मैच खेले थे। उसके पास कुछ अच्छे खिलाड़ी हैं लेकिन अगर हम अपने खेल पर ध्यान देते हैं तो उन्हें हरा सकते हैं। एक अन्य सेमीफाइनल में अमेरिका का सामना जापान से होगा।

# 55 लाख रूपये की लागत से बनने वाला उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**खरौंधी।** विधायक भानु प्रताप शाही ने प्रखंड के राजी में 55 लाख रूपये की लागत से बनने वाली उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास किया। मौके पर विाायक श्री शाही ने कहा कि राजी के लिए कोई सोचने वाला नहीं था। 70 साल तक जिसने राज किया उसने राजी के लिये नहीं सोचा। राजी के विकास के लिए हम हमेशा तात्पर्य रहते है। पहले लोग धान काटने बिहार, उतर प्रदेश जाया करते थे, लेकिन आज बहुत कम लोग बाहर धान काटने जाते हैं।

इससे साबित होता है कि क्षेत्र में विकास हुआ है। विधायक ने कहा कि राज्य में आप सभी के सहयोग एवं आशीर्वाद से भाजपा की सरकार बनेगी और मैं राजी को नंबर एक पर खड़ा करूंगा यह मेरा वादा है।


शिलान्यास करते विधायक

विधायक ने राजी पंचायत में 22 जनवरी को प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पंचायत में दीपावली मनाने का अपील किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा ने किया।

मौके पर संतोष सिंह, संजय यादव, शीलवंती देवी, डा. बीके सिंह, बुद्धनाथ गुप्ता, अवध मेहता, बृजबिहारी दुबे, बैजू साह, सुनील रोशन, आनंद चौधरी, कलामुद्दीन अंसारी, मनोज सोनी, रामचंद्र मेहता, बसावन उरांव सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## पलंग से गिरकर नवजात शिशु की मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खाला गांव के सरई दाहा टोला निवासी शमशीर आलम के तीन वर्षीय पुत्र सुफियान रजा की मौत पलंग से गिरने से हो गई। घटना मंगलवार शाम की है। परिजनों के अनुसार सुफियान मंगलवार शाम से ही गायब था, वह घर में ही खेल रहा था। परिजनों ने नहीं देखा और खोजने पर पलंग के नीचे घायलावस्था में पाया। आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी लाया गया। जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल नगर उंटारी रेफर किया। जहां रास्ते में ही बच्चों की मौत हो गई।

## एक नजर में

### श्रीराम कार सेवक अभिनंदन समिति की ओर से किया गया कारसेवकों का अभिनंदन

**बेरमो।** जरीडीह बाजार के झंडा चौक प्रांगण में बुधवार को श्रीराम कार सेवक अभिनंदन समिति की ओर से कारसेवकों का अभिनंदन किया गया। इस दौरान समिति द्वारा उपस्थित कारसेवकों को फूल माला पहनाकर व अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के कार्यों पर लिखी अपनी किताब विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रबंधक समिति के सदस्य जगन्नाथ शाही एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धनबाद विभाग कार्यवाह धीरेंद्र जी को भेंट की। कारसेवकों ने श्री राम मंदिर आंदोलन के दौरान हुई घटना एवं अपनी अपनी उपलब्धियों का बखान किया। यहां मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जगन्नाथ शाही जी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ प्रह्लाद बरनवाल, जिलाध्यक्ष भरत यादव, भाजपा नेता विनय कुमार सिंह, बीस सूत्री के पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक, भाजपा नेत्री अर्चना सिंह, आरएसएस के फुसरो नगर संघचालक प्रदीप भारती ने कहा कि इन रामभक्तो के संघर्ष की बदौलत आज अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में 1990-92 में कार सेवा में भाग लिया था। आने वाले 22 जनवरी को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। ऐसे पावन अवसर पर सभी लोग अपने अपने घरों में दीप जलाकर उत्सव मनाए। मौके पर वैभव चौरसिया, संजय प्रसाद,अनिल गुप्ता, विनय कुमार बरनवाल, मदन बरनवाल आदि मौजूद थे।

### नव नियुक्त जेबीसीसीआई सदस्य जयराम महतो का भव्य स्वागत

**बेरमो /कथारा।** सीसीएल कथारा के अतिथि गृह में जेबीसीसीआई 11 के संयुक्त समिति गैर खान निगरानी समिति के सदस्य बनाए जाने पर कथारा क्षेत्रीय अध्यक्ष लालधन मांझी ,क्षेत्रीय सचिव इकबाल अहमद ,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशीलाल तूरी ,शंकर पासवान ,मुमताज, हेमू यादव ने बुके व शांल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर महतो ने कहा कि मैं अपने वरिष्ठ नेता दिशोम गुरु माननीय शिबू सोरेन एवं केंद्रीय अध्यक्ष फागूबेसरा जी का आभार व्यक्त करते हैं तथा श्रमिक संगठनों के कई नेताओं को अब मजदूरों की समस्याओं से मतलब नहीं है ऐसे नेता लोहा कोयला लोकल से रेलवे ट्रैक ठेकेदारी आदि का कार्य कर व्यवसाय पर बैठे हैं श्रमिक संगठनों के नेताओं को व्यवसायीकरण हो गया है उन्होंने कहा कि मजदूर हित को दरकिनार कर अपने स्वार्थ सिद्ध करने में मजबूर हैं कहा कि कंपनी द्वारा मजदूरों की सुख सुविधा के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है। क्षेत्रीय सचिव इकबाल अहमद ने प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि विकास के नाम पर झारखंड के लोग लूटे जा रहे हैं जिसे कोई कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

### जारंगडीह मे श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 357 वां प्रकाश उत्सव संपन्न

**बेरमो।** जारंगडीह-जारंगडीह गुरुद्वारा में बुधवार को गुरु नाम सिंह, सर्दुल सिंह के नेतृत्व में श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज 357 वें प्रकाश उत्सव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया। इसमें मुख्य रूप से उपस्थित थे बेरमो विधायक जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह, प्रमुख गिरिजा देवी, विक्रम पांडे, प्रकाश सिंह, कथारा महाप्रबंधक डीके गुप्ता, महाप्रबंधक उत्खनन जेएस पैकरा, पीओ परमानंद गुईन, वरुण सिंह सभी को सॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया और सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और गुरुद्वारा में माथा टेका और आशीर्वाद लेते हुए व प्रसाद ग्रहण भी किया और आसपास से लोग महिला, पुरुष, युवक,युवतियों ने भी गुरुद्वारा आकर माथा टेका और पुण्य का भाग्य बने। इस मौके पर गुरमीत सिंह, अवतार सिंह, सतपाल सिंह नरेंद्र सिंह, सरदूल सिंह, अमनदीप सिंह, राजू सिंह, हरप्रीत सिंह ,जोगिंदर सिंह, रणदीप सिंह, करण सिंह ,सनी सिंह ,देवेंद्र सिंह सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

# आजसू ने किया बैठक सह वनभोज कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** आजसू पार्टी जिला समिति की विशेष बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन जिले के अनराज नावाडीह में आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने गढ़वा जिले में संगठन विस्तार को लेकर जिले के समस्त पदाधिकारी को 30 जनवरी तक बाकी बचे 128 पंचायत में कमेटी गठन करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि जिले के सभी 889 गांव में ग्राम प्रभारी के विरुद्ध 320 ग्राम प्रभारी बनाए जा चुके हैं। बाकी बचे हुए ग्राम प्रभारी के लिए आगामी 30 जनवरी तक सभी ग्राम प्रभारी की नियुक्ति के लिए सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखंड के सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। पार्टी 2024 मिशन को लेकर पूरी तरह से मुस्तैद है। आने वाले समय में आजसू पार्टी अपने दमखम के साथ विधानसभा चुनाव में उतरेगी।


संबोधित करते आजसू नेता

जिलाध्यक्ष ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार झारखंड को लूट की चरागाह बना चुकी है। यहां की भोली भाली जनता आजसू पार्टी के सुदेश कुमार महतो की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। राज्य की जनता सुदेश कुमार महतो को मुख्यमंत्री देखना चाहती है। पार्टी के केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा ने कहा कि हेमंत की सरकार ने जो चुनाव पूर्व वादा किया था सभी वादों को भूल गया। आज राज्य की पूरी जनता ठगा सा महसूस कर रही है। मौके पर जिला प्रवक्ता राकेश शुक्ला, आजसू पार्टी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता देवी, पार्टी के केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा, केंद्रीय सचिव चंपा देवी, केंद्रीय सदस्य शैलेंद्र कुमार उर्फ सिंह छोटन, डा. अफजल अंसारी, नंदू ठाकुर, संतोष केशरी, अजय केशरी, पंकज कुमार, रीमा गुप्ता, दशरथ चौधरी, वीरेंद्र कुमार यादव, रविंद्र नाथ शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी पूजा शर्मा, जिला सचिव लाल मोहम्मद अंसारी, सुनील चौरी, मुकेश गुप्ता, विनीत तिग्गा आदि लोग उपस्थित थे।

## डीपीएस चास के अमन व आशुतोष को केंद्रीय रक्षा एवं शिक्षा मंत्री करेंगे पुरस्कृत

**बोकारो/चास।** डीपीएस चास के छात्र आशुतोष प्रसाद और अमन महतो का राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग हेतु चयन हुआ है। वीर गाथा 3 प्रोजेक्ट के सुपर100 में चयनित दोनों छात्रों को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस परेड लिए रक्षा व शिक्षा मंत्रालय की ओर से इन्हें आमंत्रित किया गया है। वहीं 25 जनवरी को दोनों छात्रों को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पदक प्रशस्ति पत्र और नकद राशि देकर सम्मानित करेंगे। अमन महतो ने स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी विद्रोह की भूमिका विषय पर पेंटिंग बनाई थी। वहीं आशुतोष प्रसाद ने कैटेगरी रानी लक्ष्मी बाई मेरे सपने में आईं वह चाहती थीं कि मैं अपने देश की सेवा करूं विषय पर पेंटिंग बनाई थी।

# रेलवे के एजीएम ने विकास कार्यों का लिया जायजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** दक्षिण-पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक एके दुबे ने आद्रा मंडल के दौरा के क्रम में जयचंडी पहाड़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जयचंडी पहाड़ स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया।

साथ ही यात्री सुविधाओं को और उच्चतम बनाने की दिशा में विचार विमर्श करते हुए उचित दिशा निर्देश दिए।

# डीएसओ ने विद्यार्थियों को पढ़ाया विज्ञान का पाठ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के खैराचातर स्थित रणविजय रोशन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पुरुलिया स्थित जिला विज्ञान केंद्र में शैक्षणिक भ्रमण किया। यहां बच्चे मनोरंजक व आसान तरीके से विज्ञान के विभिन्न रहस्यों व सूत्रों से अवगत हुए। इस दौरान विद्यार्थियों को पुरुलिया के डिस्ट्रिक्ट साइंस ऑफिसर ध्रुवज्योति चट्टोपाध्याय ने कहा कि विज्ञान पढ़ने नहीं करने का विषय है। उन्होंने बताया कि एशिया के इस जिला विज्ञान केंद्र को इसी उद्देश्य से बनाया गया है ताकि बच्चे यहां देखकर विज्ञान को आसानी से और मनोरंजन तरीके से सीख सके। इस दौरान बच्चों ने साइंस शो में भी भाग लिया जहां केंद्र के कर्मी सुमन कर्मकार ने गणित व विज्ञान के अनेक दिलचस्प पहलुओं से बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने गणित को सरल तरीके से सीखने के टिप्स भी दिए। इधर बच्चों ने साइंस सेंटर के अनेक यंत्रों को देखकर विज्ञान के विभिन्न तत्वों को सीखने की कोशिश की। बच्चों को जयपुरगढ़ के किले का दर्शन भी कराया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य नयन मुखर्जी शिक्षिका मिठू कुमारी मनीष जायसवाल रूपा कुमारी रिया कुमारी सरिता कुमारी रूबी खातून अब्दुल कादिर जिलानी आदि मौजूद थे।

## बोकारो में आयोजित सीटीईटी की परीक्षा में 4391 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**बोकारो।** सीबीएसई द्वारा 21 जनवरी को आयोजित सीटीईटी परीक्षा हेतु बोकारो जिले में कुल नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें कुल 4391 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। ढाई ढाई घंटे के पेपर 1 एवं पेपर 2 के लिए यह परीक्षा दो पालियों में होगी। इस आशय की जानकारी देते हुए सीटीईटी के सिटी को ऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ ए एस गंगवार ने बताया कि उक्त परीक्षा को लेकर तमाम तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। परीक्षा कदाचार-मुक्त संपन्न हो इसके लिए हर तरह की व्यवस्था है। नौ केंद्रों चिन्मय विद्यालय सेक्टर 5 में 540 डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 में 540 जीजीपीएस सेक्टर 5 में 540 एमजीएम हायर सेकेंडरी सेक्टर 4 में 540 जीजीपीएस चास में 480 श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में 480 क्रिसेंट पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में 480 डीएवी सेक्टर 6 में 480 तथा डीपीएस बोकारो में 311 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इस बैठक में परीक्षा के सफल संचालन की अंतिम रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# बाक्सिंग में नेशनल मेडल जीतने पर विश्वजीत सम्मानित


विश्वजीत को सम्मानित करते

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** हरियाणा के करनाल में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रखंड के फरठिया स्थित बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र विश्वजीत सिंह ने नेशनल लेबल पर कांस्य पदक जीत कर इतिहास रच दिया है। वहीं डीएवी पब्लिक स्कूल गाजियाबाद में आयोजित 1500 मीटर रनिंग में कृति कुमारी ने नेशनल लेबल पर पांचवा स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्र-छात्राओं को डीएवी गढ़वा के प्राचार्य अजय कुमार चौबे ने सम्मानित किया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि इस बार डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में हमारे गढ़वा डीएवी के बच्चों का प्रदर्शन बेहद शानदार और ऐतिहासिक रहा है।

क्लटर लेबल पर मेडल हासिल करने वाले सभी 78 छात्र भी आगामी वर्षों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए गढ़वा एवं झारखण्ड के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थी विश्वजीत सिंह ने अपने प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जो सफलता हासिल किया है वह हम सबको गौरवान्वित करने वाला है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि विश्वजीत जैसे मेरे कई खिलाड़ी अपने प्रतिभा के बल पर भविष्य में विभिन्न खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में भी मेरे विद्यालय की छात्रा कृति कुमारी ने राष्ट्रीय स्तर पर पांचवा स्थान लाया है यह भी हम सबके लिए गौरव की बात है।

मौके पर खेल शिक्षक अमियो कान्ति मुखर्जी, शुभलता कुमारी, युवा एवं खेल विाायक प्रतिनिधि तथा राष्ट्रीय खिलाड़ी ओमप्रकाश कुमार, प्रेमरंजन सिंह, डा. शम्भु त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि पूरे भारत में 1000 से अधिक डीएवी विद्यालय हैं, जिनमें शिक्षा के साथ-साथ खेल पर भी बल दिया जाता है। प्रति वर्ष डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स का आयोजन क्लस्टर, स्टेट और नेशनल लेबल पर होता है। सर्वप्रथम क्लस्टर लेबल पर एक ज़ोन के अंदर आने वाले विद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न खेलों में भाग लेते हैं। क्लस्टर लेबल में चयनित छात्र स्टेट लेबल खेलते हैं तथा स्टेट लेबल से विजेता खिलाड़ी नेशनल लेबल खेलने जाते हैं।

## एचआर कान्क्लेव ऑन डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन का आयोजन

**बोकारो।** सेल में एचआर के क्षेत्र में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के लिए बीएसएल की मेजबानी में बोकारो निवास में आयोजित आरोहण नामक कान्क्लेव में सेल के सभी प्लांट व इकाइयों से कार्मिक प्रमुख एवं सम्बन्धित अधिकारी शामिल हो रहे हैं। उद्घाटन सत्र को ऑन लाइन मोड पर संबोधित करते हुए सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश ने कहा कि आने वाले समय में सेल को सभी क्षेत्रों में अग्रणी पंक्ति में खड़ा होना है जिसमें एचआर और इसके डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की अहम भूमिका होगी। निदेशक प्रभारी अतानु भौमिक व बीएसएल के ईडी संकार्य बीके तिवारी ने कहा कि मानव संसाधन किसी भी संगठन के लिए सर्वाधिक महत्व रखता है और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की पहल द्वारा इसके विभिन्न पहलुओं को बेहतर बनाया जा सकता है।

## शिशु विकास विद्यालय में बाल सभा का आयोजन

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल स्थित सीसीएल एडेड स्कूल शिशु विकास विद्यालय, संडे बाजार लम्बी सेन्टर में बाल सभा का आयोजन किया गया। बाल सभा का आयोजन झारखंड सरकार के निर्देश पर विद्यालय में आयोजित हुआ। जीपीडीपी में बच्चों की भागीदारी को सरकार ने महत्वपूर्ण माना है। इसके तहत उपस्थित जीपीडीपी बेरमो पश्चिम की मुखिया सह अध्यक्षा आरती कुमारी, पंचायत सचिव अश्विनी पांडेय, नव नियुक्त पंचायत सचिव उमा कुमारी, पंसस दीपक कुमार गोप ने बाल सभा के उद्देश्य से बच्चों को परिचित कराया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन

**बोकारो।** चास प्रखंड अंतर्गत चैनपुर पंचायत के झोपड़ो स्थित मध्य विद्यालय परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर का शुभारंभ केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अपर सचिव तथा वीबीएसवाई के राज्य प्रभारी सुनील कुमार वर्णवाल बोकारो विधायक बिरंची नारायण डीसी कुलदीप चौधरी एसपी प्रियदर्शी आलोक डीडीसी कीर्ति श्री जी अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया चास के एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर श्री वर्णवाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए संकल्प लिया है। यह संकल्प हम सभी को भी लेना होगा तभी हमारा विकसित भारत बनाने का लक्ष्य पूर्ण होगा। विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार विकास का कार्य कर रही है। मौके पर डीसी श्री चौधरी ने बताया कि अब तक जिले भर में 229 शिविरों का आयोजन विभिन्न पंचायतों में हुआ है। सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। श्री वर्णवाल ने ऑन स्पॉट स्वीकृत लाभुकों के बीच सरकारी योजनाओं के तहत परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

## भूनेशवर महतो ने केला के खंभे पर निशाना साध जीता खेत

**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड के ग्राम पंचायत मंजूरा में आयोजित बेझा बिंधा (तीरंदाजी प्रतियोगिता) के दूसरा राउंड में ही मंजूरा गांव के टोला खपराकनारी निवासी भुनेश्वर महतो सांखुआर ने केले के खंभे पर निशाना लगाकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। प्रतिभागियों को निशाना साधने के लिए केला का खंभा गाड़ दिया जाता है एवं 101 कदम की दूरी से तीर धनुष से लैस होकर ग्रामीण प्रतिभागी निशाना साधते हैं जो प्रतिभागी सबसे पहले लक्ष्य को साधने में कामयाब हो जाते हैं उसे 1 वर्ष के लिए 20 डिसमिल की जमीन उपहार स्वरूप दे दी जाती है। पूर्व विजेता कृष्णकिशोर महतो बैजनाथ महतो, मनोज तूरी आदि मौजूद थे।

# डीवीसी बोकारो थर्मल परियोजना प्रधान कार्यालय का कार्यरत सप्लाई मजदूरों ने किया घेराव

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** डीवीसी बोकारो ताप विद्युत केंद्र बोकारो थर्मल में कार्यरत सप्लाई मजदूरों के द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं करने के विरुद्ध प्रबंधन के द्वारा मासिक वेतन का भुगतान रोके जाने से आक्रोशित सैकड़ों सप्लाई मजदूरों ने प्लांट के अंदर संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में डीवीसी का परियोजना प्रधान के कक्ष का जोरदार घेराव किया और लॉबी को जाम कर प्रबंधन विरोधी नारे लगाए। सप्लाई मजदूरों के आक्रोश को देखते हुए प्रभारी परियोजना प्रधान सह मुख्य अभियंता सुदीप्तो भट्टाचार्य के पहल पर स्थानीय प्रबंधन और संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों के बीच परियोजना प्रधान के कक्ष वार्ता हुई। वार्ता में संयुक्त मोर्चा का पक्ष रखते हुए। डीवीसी ठेका मजदूर संघ के महामंत्री सह भाजपा जिलाध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि त्रिपक्षीय समझौता के चार वर्ष बाद भी सप्लाई मजदूरों को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल मे कैशलेश चिकित्सा सुविधा और कार्य अवधि में मृत सप्लाई मजदूरों के आश्रितों को नियोजित करने का मामला स्थानीय एवं मुख्यालय स्तर पर लागातार उठाने के वावजूद भी प्रबंधन की टालमटोल निति के कारण लंबित है। स्वास्थ्य परीक्षण की आड़ में सप्लाई मजदूरों को शारीरिक रूप से अयोग्य ठहराने का षडयंत्र किया जा रहा। त्रिपक्षीय समझौता के अनुसार अगर चिकित्सा सुविधा मिला होता तो कोई भी सप्लाई मजदूर शारीरिक रूप से अयोग्य नहीं होता। लेकिन



समझौता के अनुसार लंबित मामलों का समाधान करने के बजाय प्रबंधन के द्वारा तुगलकी फरमान के तहत वेतन रोक कर बायोमेट्रिक उपस्थिति के लिए वे अनैतिक तरीके से दबाव बनाया जा रहा है, जो स्वीकार्य नहीं है इसलिए मजदूरों में भारी आक्रोश भरा हुआ हैं। संयुक्त मोर्चा के नेताओ में ब्रजकिशोर सिंह, नवीन पाठक, गणेश राम, रघुवर सिंह आदि ने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने से परहेज नहीं है, लेकिन समझौता के अनुसार लंबित मामलों का ससमय समाधान होना चाहिए। सभी लंबित मामलों पर विस्तृत चर्चा के उपरांत मुख्यालय के सक्षम अधिकारियों को दुरभाष पर वस्तु स्थिति की जानकारी देने के बाद स्थानीय उपमहा प्रबंधक बीजी होलकर ने संयुक्त मोर्चा के नेताओं को आश्वस्त किया कि सप्लाई मजदूरों के मासिक वेतन का भुगतान अविलंब किया जायेगा। स्वास्थ्य परीक्षण और सुरक्षा के नाम पर अनावश्यक कारवाई नहीं होगी और लंबित मामलों पर मुख्यालय प्रबंधन नव नियुक्त डीवीसी चेयरमैन से विचार-विमर्श कर सकारात्मक करेगा। अंततः भरत यादव के नेतृत्व में उपस्थित संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने स्थानीय प्रबंधन को स्पष्ट रूप से कहा कि, लंबित मामलों पर प्रबंधन का कृत कारवाई के अनुसार बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने पर विचार किया जायेगा। तत्पश्चात स्थानीय प्रबंधन के आग्रह पर परियोजना प्रधान के कक्ष का घेराव संयुक्त मोर्चा ने तत्काल स्थगित किया।

## पेज 1 का शेष

पेज 1 का शेष

### धनबाद में कई बड़े...

**बोकारो के बसुधा उद्योग में भी लपेटे में :** इधर बोकारो में भी इनकम टैक्स की टीम पहुंची है। बोकारो औधोगिक क्षेत्र फेज वन पर स्थित बसुधा उद्योग में इनकम टैक्स की टीम बुधवार अहले सुबह करीब 4 बजे पहुंची। कोयला का काम करने वाली इस कंपनी में आईटी विभाग के अधिकारी स्टॉक कोयला और इससे संबंधित दस्तावेजों की जांच करने में जुटे हैं। मिली जानकारी अनुसार आइटी विभाग यहां सर्वे करा रहा है।

### प्राण प्रतिष्ठा से पहले...

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 8,000 मेहमानों के शामिल होने की उम्मीद है। अनुष्ठानों का संचालन 121 आचार्य कर रहे हैं और गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ अनुष्ठान की सभी कार्यवाही की देखरेख, समन्वय एवं निर्देशन कर रहे हैं।

### गुमला में एक लाख घूस...

हालांकि एसीबी की टीम ने घटना की बाबत कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया है। शिक्षा विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार माघी विद्यालय सिसई से जुड़े मामले में डीईओ सुनील शेखर कुजूर ने तीन लाख रुपये की डिमांड की थी। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसीबी से की थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी की टीम एक्टिव हो गयी सत्यापन के दौरान एसीबी ने मामला सत्य पाया। इसके बाद शिकायतकर्ता को पैसे के साथ डीईओ कार्यालय भेजा गया। जैसे ही डीईओ ने रिश्वत की रकम अपने पास रखी एसीबी की टीम ने छापेमारी कर डीईओ को गिरफ्तार कर लिया। इस रिश्वतखोरी में कंप्यूटर ऑपरेटर की भी भूमिका थी। इस कारण कंप्यूटर ऑपरेटर को भी एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

### झारखंड में होगी बालू...

अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए माइंस सर्विलांस सिस्टम फॉर माइनर मिनरल लागू किया जा रहा है, जो सेटेलाइट आधारित है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गोड्डा और पाकुड़ में एमएसएस और जेएसएसी के सहयोग से लागू किया जा रहा है। **विभाग की उपलब्धियां गिनायी :** बुधवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने विभाग की चार वर्षों की उपलब्धियां गिनायी। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व और कृषि मंत्री के दिशा निर्देश पर विभाग ने बेहतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड पूरे देश में पहला ऐसा प्रदेश है, जिसने बीज वितरण में ब्लॉक चेन प्रणाली लागू की है। हमारे इस प्रयास की पूरे विश्व में चर्चा हुई है। सुखाड़ के बावजूद इस वर्ष 1.30 लाख क्विंटल बीज का वितरण वेब पोर्टल के माध्यम से किया गया है। वहीं कृषि ऋण माफी योजना के तहत स्टैंडर्ड केसीसी में अब तक 8 लाख ऋणी किसान को शामिल किया गया है। अब तक 4 लाख 62 हजार से ज्यादा किसानों को डीबीटी के माध्यम से 1858.3 करोड़ रुपये का वितरण किया गया है। दूध उत्पादन के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुए दूध का संग्रहण 1.5 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 2.5 लाख लीटर प्रतिदिन हो गया है। जबकि, किसानों को 3 रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जा रही है। करीब 38 हजार किसान इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। **सुखाड़ राहत योजना में आ रहे आवेदन :** विभागीय सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में अब तक कुल 45 लाख 45 हजार से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें अब तक 13 लाख 94 हजार से ज्यादा सत्यापित लाभुकों को 478 करोड़ रुपये वितरित किये गये हैं। राज्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 438 नोडल लैंप्स- पैक्स को 8.8 लाख रुपये की कार्यशील पूंजी प्रदान की गयी है। **25 कोल्ड स्टोरेज का हो रहा निर्माण :** राज्य में 25 कोल्ड स्टोरेज का निर्माण पूरा करने की पहल की जा रही है। मछली उत्पादन में 3.30 लाख टन के लक्ष्य के विरुद्ध 2.95 लाख टन उत्पादन हुआ है, जबकि 2018-19 में यह उत्पादन 2 लाख टन से कम था। बंद पड़े कोयला खदनों में केज कल्चर की शुरूआत की गई है। राज्य के 2.5 लाख किसान कृषि उपज व्यापार के लिये ई-नेम पोर्टल पर पंजीकृत किये जा चुके हैं और उनकी उपज को खेत से ही बेचने की सुविधा विकसित की गयी है। राज्य में 40 पाठशाला संचालित की जा रही है और नयी पाठशाला के संचालन के लिए संस्थाओं का चयन प्रक्रिया में है।

# मणिपुर में दो जवान शहीद और दो घायल

## सरकार ने लड़ाकू हेलीकॉप्टरों के लिए गृह मंत्रालय को भेजा पत्र

**म्यांमार सीमा पर सिक्किम और कानानवेंग में कुकी उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर किया हमला**



**इंफाल (हि.स.)।** भारत-म्यांमार सीमा पर तेंगनोपाल जिले के मोरेह शहर के पास सिक्किम गांव और कानानवेंग में सुरक्षा बलों पर संदिग्ध हथियारबंद कुकी उग्रवादियों के मोर्टार हमले में दो जवान शहीद हो गए। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मणिपुर सरकार ने तत्काल लड़ाकू हेलीकॉप्टरों के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक पत्र भेजा है। भारत-म्यांमार सीमा पर तेंगनोपाल जिले के मोरेह शहर में बुधवार की सुबह करीब 3 बजे के आसपास कुकी उग्रवादियों के मोर्टार हमले में दो जवान शहीद हो गए, जबकि दो और सैनिक घायल हो गए। शहीदों में एक 6वीं मणिपुर राइफल्स का जवान ओयांगखेम समरजीत मैतेई है। इसके अलावा एक अन्य की पहचान का खुलासा नहीं हुआ है।

इलाके में अर्धसैनिक बलों ने कुकी उग्रवादियों के विरूद्ध तलाशी अभियान चला रखा है। मणिपुर के गृह आयुक्त टी रणजीत सिंह ने बताया कि आज सुबह करीब 3 बजे के आसपास संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने तेंगनोपाल जिले के अंतर्गत मोरेह शहर के इमा कोंडोंग लैरेम्बी देवी मंदिर के पास आईआरबी शिविर पर मोर्टार से हमला किया। हमले के समय आईआरबी और मणिपुर पुलिस के हथियारबंद जवान सो रहे थे। सशस्त्र उग्रवादियों ने हमले में सिक्किम गांव की पहाड़ियों से रॉकेट-चालित ग्रेनेड (आरपीजी) का इस्तेमाल किया। हमले में एक सीडीओ कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एक अन्य जवान की बाद में अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि असम राइफल्स का कैंप आईआरबी पोस्ट से महज 20 मीटर की दूरी पर है। गोलियों की आवाज सुनकर असम राइफल्स के जवानों ने आईआरबी जवानों की सुरक्षा के लिए अपने बुलेट-प्रूफ वाहनों का इस्तेमाल किया और उग्रवादियों का सामना करने के लिए दौड़ पड़े। टी रणजीत सिंह ने कहा कि सुबह से ही दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी जारी रही।

उग्रवादी पहाड़ी चोटियों और नागरिक आवासों पर मोर्टार दाग रहे हैं। नागरिकों की सुरक्षा चिंताओं के कारण केंद्रीय और राज्य अर्धसैनिक बलों को बहुत सावधानी से जवाबी कार्रवाई करनी पड़ रही है। गृह आयुक्त टी रणजीत ने कहा कि मौजूदा संघर्ष को देखते हुए मोरे की स्थिति और खराब हो सकती है। किसी भी समय आपातकालीन चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता हो सकती है। इसलिए उन्होंने केंद्र को एक पत्र भेजकर गोला-बारूद, सेना आदि को एयरलिफ्ट करने के लिए हेलीकॉप्टरों की मांग की है। दरअसल, पिछले वर्ष तेंगनौपाल जिला के मोरेह में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की हत्या की घटना के मद्देनजर न्यू मोरेह के वार्ड नंबर 8 निवासी फिलिप खैखोलाल खोंगसाई और मौलसांग गांव निवासी हेमखोलाल मटे को सोमवार को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार किए गए दोनों लोग कुकी संगठन के शीर्ष नेता हैं।

# हवाई हमले के बाद पाकिस्तान ने ईरानी राजदूत को निकाला

**ईरान ने जैश अल-अदल के ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से किया हमला**

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** ईरान के हमले के बाद पाकिस्तान ने बुधवार को घोषणा की कि वह तेहरान से अपने दूत को वापस बुलाएगा और ईरानी राजदूत को देश से बाहर निकाल रहा है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने यहां एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा, पाकिस्तान ने ईरान से अपना राजदूत वापस बुलाने का फैसला किया है और पाकिस्तान में ईरानी राजदूत, जो फिलहाल ईरान में ही हैं, अब वापस पाकिस्तान नहीं लौटेंगे। यह घटनाक्रम तब सामने आया जब तेहरान ने ड्रोन और मिसाइलों के साथ पाकिस्तानी क्षेत्र के अंदर ग्रीन माउंटेन के ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बारे में उसने दावा किया कि वह एक आतंकवादी संगठन है, और इसके मुख्यालय को नष्ट कर दिया। इस्लामाबाद ने इसे ईरान द्वारा पाकिस्तान की संप्रभुता पर हमला माना और इस कदम को अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के सिद्धांतों का उल्लंघन बताया। बलूच ने कहा कि यह गैरकानूनी काम पूरी तरह से अस्वीकार्य है और इसका कोई औचित्य नहीं है। पाकिस्तान इस गैरकानूनी कृत्य पर प्रतिक्रिया देने का अधिकार रखता है। परिणामों की जिम्मेदारी पूरी तरह से ईरान की होगी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा, प्रवक्ता ने यह भी खुलासा किया कि इस्लामाबाद ने आने वाले दिनों में पाकिस्तान और ईरान के बीच चल रही सभी योजना को निलंबित करने का फैसला किया है। बता दें ईरान ने पाकिस्तान में आतंकी समूह जैश अल-अदल के ठिकानों पर मंगलवार को मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। जैश अल-अदल सुन्नी आतंकवादी समूह है, जो मुख्यतः पाकिस्तान से अपनी गतिविधियों को अंजाम देता है।



केरल के त्रिशुरू स्थित त्रिप्रयार श्रीरामस्वामी मंदिर में पूजा के लिए जाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।


## कार्यकर्ता बूथ स्तर पर शुरू करें काम : मोदी

**कोच्चि।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में बुधवार को भाजपा के जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और नेताओं से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कड़ी मेहनत करने को कहा। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी के लिए समय की मांग है कि आप कड़ी मेहनत करें क्योंकि लोकसभा चुनाव नजदीक है। इसलिए आप में से हर कोई यहां पार्टी की जीवन रेखा है और इसे आगे बढ़ना होगा। आप सभी लोग बूथ स्तर पर अपना काम शुरू कर दें। आपमें से प्रत्येक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप यथासंभव अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचें।

मोदी ने कहा कि आपका काम यह संदेश फैलाना है कि हमारी सरकार ने पिछले 9 वर्षों से अधिक समय में क्या किया है। हमारी सरकार के कार्यक्रमों और योजनाओं के माध्यम से लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है... कई दशकों तक देश पर शासन करने वाली कांग्रेस ने केवल गरीबी हटाओ की बात की और कुछ नहीं किया।

# पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में सहकारिता क्षेत्र का होगा योगदान : शाह

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तय किया है। सहकारिता क्षेत्र इस लक्ष्य को हासिल करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। इस दिशा में हमें मजबूती से काम करने की जरूरत है। जो कमियां रह गई हैं उसे तय समय में दूर करना होगा। शाह ने बुधवार को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली में केंद्रीय पंजीयक, सहकारी समितियां कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश के विकास में जो भूमिका सहकारिता क्षेत्र को निभानी चाहिए थी उसमें हम कहीं न कहीं पीछे रह गए थे। लेकिन अब हम सबको मिलकर सहकारिता क्षेत्र से देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूती देनी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सहकारिता मंत्रालय बनाकर सहकारिता आंदोलन को मजबूती देने का काम किया है। शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने 30 महीने में अभी तक 60 इनीशिएटिव लिए हैं और बीते 09 वर्षों में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए मोदी सरकार ने बड़ा काम किया है। सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए मंत्रालय ने जो भी सुझाव दिए या जो बदलाव किए उसे सभी राज्यों ने स्वीकार किया है। यह अपने आम में बड़ा बदलाव है। शाह ने कहा कि देश के गरीबों के जीवन को सरल बनाने के लिए केन्द्र सरकार ने गरीबों को राशन,घर,स्वास्थ्य बीमा सहित अनेक सहूलियत दी हैं। अब ये लोग कुछ अलग करना चाहते हैं। ऐसे में सहकारिता क्षेत्र इनके लिए उपयोगी साबित हो सकता है। जहां से ये लोग आर्थिक सहयोग,सुझाव और सलाह लेकर कुछ अपना काम कर सकते हैं। ऐसे में सहकारी बैंकों का प्रसार करना, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को मजबूत करना जरूरी है। इस दिशा में सरकार की ओर से अनेक कदम उठाए गए हैं। हम देशभर में 02 लाख पैक्स खोलने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जिसे तय समय में पूरा करेंगे। शाह ने कहा कि आज गुजरात में 36 लाख परिवार पशुपालन व्यवसाय से जुड़े हैं। इस व्यवसाय से इनका टर्नओवर 60 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह सहकारिता का चमत्कार है।

## राष्ट्रपति का हेलिकॉप्टर शिलांग में चार घंटे तक फंसा, नहीं गयीं असम

**गुवाहाटी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने हेलीकॉप्टर के उड़ान भरने के इंतजार में शिलांग में करीब चार घंटे बिताने के बाद बुधवार को असम के कार्बी आंगलोंग जिले का अपना दौरा रद्द कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर खड़ा रहा। राष्ट्रपति पूर्वोत्तर के तीन दिवसीय दौरे पर थीं। वह सोमवार को गुवाहाटी पहुंचीं। उन्हें असम के कार्बी आंगलोंग जिले के तारलंगसाओ गांव में कार्बी युवा महोत्सव के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेना था। इस बीच, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, ₹खराब मौसम के कारण राष्ट्रपति को समारोह में शामिल होने से रोका गया। यहां तक कि मुझे भी खराब मौसम के कारण आज सुबह 4 बजे शुरू करना पड़ा। हालांकि, सरमा ने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू ने एक वीडियो संदेश दिया था, जिसे कार्बी युवा उत्सव के दौरान दिखाया जाएगा।

# सेंसेक्स 1628 अंक लुढ़का

**बैंकिंग शेयरों के लुढ़कने से बाजार में हाहाकार, निफ्टी 460 अंक गिरकर 21, 571 पर पहुंचा**

**मुंबई।** ब्याज दर में कटौती और चीन की अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने की उम्मीद से जूझ रहे निवेशकों के कमजोर रुझान से विश्व बाजार में आई गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर जारी तिमाही नतीजे में एचडीएफसी बैंक के ऋण-जमा अनुपात के खतरनाक स्तर पर पहुंचने से इस हैवीवेट बैंक के शेयरों के करीब साढ़े आठ प्रतिशत लुढ़कने से बुधवार को शेयर बाजार में कोहराम मच गया। सेंसेक्स 1628.01 अंक अर्थात 2.23 प्रतिशत का गोता लगाकर 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 71,500.76 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 460.35 अंक यानी 2.09 प्रतिशत लुढ़ककर 22 हजार अंक से नीचे 21,571.95 अंक पर आ गया। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर बिकवाली हुई। मिडकैप 1.09 प्रतिशत की गिरावट लेकर 37,597.29 अंक और स्मॉलकैप 0.90 प्रतिशत टूटकर 43,963.89 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3900 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2510 में बिकवाली जबकि 1301 में लिवाली हुई वहीं 89 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 39 कंपनियां लुढ़क गई जबकि 10 में तेजी रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई में टेक, कंज्यूमर डयूरेबल्स और आईटी समूह की 0.54 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर 17 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान बैंकिंग समूह ने सबसे अधिक 4.02 प्रतिशत का नुकसान उठाया। कमोडिटीज 2.31, सीडी 1.17, ऊर्जा 0.88, एफएमसीजी 0.84, वित्तीय सेवाएं 3.76, हेल्थकेयर 0.66, इंडस्ट्रियल्स 0.38, दूरसंचार 1.94, यूटिलिटीज 1.03, ऑटो 1.28, कैपिटल गुड्स 0.19, धातु 2.86, तेल एवं गैस 0.93, पावर 0.88, और सर्विसेज समूह के शेयर 1.41 प्रतिशत गिर गए।

# रामलला में प्रतिमाह डेढ़ से दो करोड़ चढ़ावा

**रोजाना भगवान रामलला की दान पेटी में आ रहा है तीन से चार लाख रुपये का दान**

एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या आकर श्रीरामलला के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि हो रही है। श्रद्धालु भगवान का दर्शन-पूजन और दिल खोलकर दान भी कर रहे हैं। फिलहाल यहां रोजाना तीन से चार लाख का दान भगवान रामलला की दान पेटी में आ रहा है। पूरे महीने की बात करें तो यह राशि डेढ़ से 2 करोड़ रुपये है। ऑनलाइन दान की अभी तक कोई काउंटिंग नहीं की जा सकी। 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में लाखों भक्त पहुंचेंगे। वे यहां भगवान श्रीराम का दर्शन पूजन करेंगे और अपने इच्छा भाव से श्रीराम मंदिर के लिए दान भी करेंगे। फिलहाल यहां अस्थायी मंदिर में भी अपने रामलला के दर्शन-पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या काफी है। अपनी श्रद्धा से दान करने वालों का यह आलम तब है, जब भगवान श्री रामलला अपने अस्थायी मंदिर में हैं। जब वे अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो इसका कोई अंदाजा नहीं है कि प्रतिदिन कितना दान आएगा। हालांकि, यह जरूर है कि मंदिर बन जाने के बाद श्रद्धालुओं की ओर से दान-चढ़ावे का आंकड़ा चार गुना बढ़ जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट कार्यालय के प्रभारी प्रकाश गुप्ता के मुताबिक हमारे यहां दान पात्रों में रोजाना धन पड़ता है। जब भर जाता है तब उसकी गिनती होती है। कैसे कह दिया जाए कितना आ रहा है, लेकिन, काउंटर पर जो आ रहा है, वह प्रतिदिन तीन से चार लाख के



बीच है। महीने में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए आ रहा है। दानदाताओं की कमी नहीं है। अपने सामर्थ्य से लोग बढ़चढ़ कर दान दे रहे हैं। लोग अनोखी-अनोखी चीजें भी बनवाकर ला रहे हैं। लोग सोच रहे हैं कि भगवान के लिए क्या कर दें। लोग जो कर रहे हैं, हम उसकी कल्पना भी नहीं कर सकते हैं।

## 29 मार्च को रिलीज होगी 'दो और दो प्यार'



मुंबई। अप्लॉज एंटरटेनमेंट प्रस्तुत एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन की फिल्म 'दो और दो प्यार' 29 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म दो और दो प्यार में विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डी'क्रूज और सेंथिल राममूर्ति नजर आयेंगे। इस फिल्म को शीर्ष गुहा ठाकुरता ने निर्देशित किया है, बतौर निर्देशक यह उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म होगी। एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के तहत बनी फिल्म दो और दो प्यार को अप्लॉज एंटरटेनमेंट प्रस्तुत कर रहा हैं।

## एक नजर में

### थाईलैंड : पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 20 मरे



**बैंकाक।** थाईलैंड में सुफान बुरी पटाखा फैक्टरी में बुधवार को हुए विस्फोट में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। यह विस्फोट मुआंग जिले के तांबोन सलाखाओ के एक गांव में दोपहर करीब 3.30 बजे हुआ। विस्फोट की तीव्रता से 100 मीटर के दायरे में मलबा फैल गया और हर जगह मानव अवशेष बिखरे हुए थे। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सुबह 20 कर्मचारी कारखाने में काम करने के लिए पहुंचे थे और उन्होंने विस्फोट के बाद किसी को बाहर नहीं आते देखा। उल्लेखनीय है कि यहीं पर एक साल पहले हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और तीन घायल हो गए थे।

### पाकः दंगा मामले में पूर्व मंत्री शेख रशीद गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बीते नौ मई को हुए दंगों के मामले में मंगलवार को पूर्व आंतरिक मंत्री एवं आवामी मुस्लिम लीग के प्रमुख शेख रशीद को गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद गत नौ मई को संवेदनशील प्रतिष्ठान में तोड़फोड़ और हमले की योजना बनाने का आरोप है। पूर्व मंत्री रशीद गत नौ मई के दंगा मामलों में दर्ज 14 मामलों में जमानत के लिए एटीसी के सामने पेश हुए। पूर्व मंत्री को 14 में से 13 में जमानत दे दी गई। हालांकि उनके खिलाफ न्यू टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज दंगा मामले में उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी गई। एक निजी चैनल से बातचीत में रशीद ने कहा कि वह गत 40 दिन से चिल्ला (भूमिगत) थे। इस दौरान उन्हें कई चीजों पर विचार करने का मौका मिला। इस दौरान मुझे किसी ने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। उन्होंने कहा कि वह हमेशा पाकिस्तान की सेना के साथ खड़े हैं और उन्होंने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान को भी सेना के साथ अच्छे संबंध रखने की सलाह दी।

### अयोध्या से हवाई सेवा से जुड़ा बेंगलुरु

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को वर्चुअली माध्यम से बेंगलुरु और अयोध्या के बीच पहली एयर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान का उद्घाटन किया। यह सचित्र जानकारी उनके ऑफिस ने एक्स हैंडल पर साझा की। इससे पहले एक्स हैंडल पर साझा की गई एक पोस्ट के अनुसार, श्रद्धालुओं के अयोध्या आगमन को सुलभ करने की दृष्टि से आज सिंधिया अयोध्या और कोलकाता एवं अयोध्या और बेंगलुरु के बीच सीधी उड़ान का उद्घाटन करेंगे। एक्स हैंडल पर साझा की गई एक पोस्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कोलकाता और अयोध्या के बीच पहली उड़ान के लिए बोर्डिंग पास मिला है।

### राम मंदिर आंदोलन की वजह से संन्यासी हूंः योगी

**लखनऊ।** राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का श्रेय लेने के प्रयास के विपक्षी दलों के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन की वजह से वह सन्यासी हैं और मंदिर में जो भी सेवक बन कर आयेगा, उसका स्वागत किया जायेगा। एक टीवी चैनल के कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुये योगी ने बुधवार को कहा कि हम श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठता समारोह का श्रेय नहीं ले रहे हैं। हम तो वहां सेवक बनकर जा रहे हैं। मंदिर का आमंत्रण कांग्रेस, समाजवादी पार्टी समेत सबको मिला है। उन्हें राम मंदिर में आने से किसी ने रोका नहीं है। वो राम के सेवक बनकर आएं, जो राम का सेवक बनकर आएगा, उसका स्वागत है। राम मंदिर आंदोलन में हम सब बहुत पहले से जुड़े हैं। सच तो यह है कि राम मंदिर आंदोलन की वजह से मैं संन्यासी हूं। उन्होंने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उनके पूज्य गुरुदेव राम मंदिर के आंदोलन के अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं में से एक थे।

RDBA RANCHI ELECTION FOR THE SESSION -2024-26
Please cast your valuable
VOTE
for the post of
GENRAL SECRETARY
In favour of
ANIL KUMAR KANTH

Sl. No. 1
Chamber :- NEW BAR BHAWAN
Chamber No. S13 Third floor,
Civil Court, Ranchi, Jharkhand
Phone No. 9852219763,9304401200

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !